
CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: cci Time: 12-16-2025 00:10 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) > मंगलवार, 16 दिसंबर 2025 > मार्गशीर्ष 25, शक संवत 1947, पौष कृष्ण द्वादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 12 > मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow Vol.7 no.339



डायरेक्टर रॉब रेनर, उनकी पत्नी घर में मरे मिले ▸p12

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

नितिन नवीन ने संभाला BJP के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार ▸p10



खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 2,3,11

## लखनऊ पहुंची टीम इंडिया



साउथ अफ्रीका के खिलाफ T20 सीरीज में अजेय बढ़त बनाने के लिए कप्तान सूर्य कुमार यादव की अगुआई में टीम इंडिया सोमवार को लखनऊ पहुंच गई। सीरीज का चौथा मैच बुधवार को इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। ▸▸ पेज 6

## अंदर खास


▸▸ LDA के सफाईकर्मी की संदिग्ध हालात में मौत : पेज 5

▸▸ सोना ऑल टाइम हाई तो रुपया ऑल टाइम लो : पेज 9

▸▸ पाकिस्तान की मदद से हुआ था पहलगाम अटैक : NIA : पेज 10

▸▸ सिडनी अटैक: हमलावरों का IS से कनेक्शन! : पेज 12


## हैपी मॉर्निंग

बॉस ने जोक सुनाया तो पूरी टीम हंसने लगी, बस चिंकू नहीं हंसा।

**बॉस ने पूछा:** क्या तुम्हें मेरा जोक समझ नहीं आया?

**चिंकू:** सर, मेरा सिलेक्शन दूसरी कंपनी में हो गया है।

# SC बोला, पैसे वालों के लिए भगवान तक का हो रहा है शोषण

## मंदिरों में धन देकर विशेष पूजा पर जताया असंतोष

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में पैसे देकर 'विशेष पूजा' करवाने की प्रथा पर असंतोष जताया है। कोर्ट ने कहा कि पैसे वालों के लिए भगवान को आराम तक नहीं करने दिया जा रहा। यह टिप्पणी वृंदावन के बांके बिहारीजी मंदिर में दर्शन के समय और मंदिर की परंपराओं में किए गए बदलावों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान की गई। कोर्ट ने इस मामले में उच्चाधिकार प्राप्त मंदिर प्रबंधन समिति और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस भी जारी किया। अगली सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में होगी।

CJI सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर की प्रबंधन समिति की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सेवायतों की ओर से सीनियर वकील श्याम दीवान और अधिवक्ता तन्वी दुबे ने दलीलें रखीं। उन्होंने बांके बिहारीजी मंदिर में भगवान के दर्शन के समय में बदलाव और देहरी पूजा सहित कुछ जरूरी धार्मिक प्रथाओं को रोके जाने को चुनौती दी। दीवान ने कहा कि आम जनता के लिए मंदिर खुलने का समय दीर्घकालीन परंपरा का हिस्सा है। ऐतिहासिक रूप से इन समयों का कड़ाई से पालन किया जाता रहा है। मंदिर खुलने के समय में बदलाव से आंतरिक मंदिर अनुष्ठानों में भी बदलाव आया है, जिसमें भगवान के सुबह जागने और रात में शयन करने का समय भी



> दोपहर 12 बजे मंदिर बंद करने के बाद भी भगवान को एक पल के लिए आराम नहीं करने दिया जाता। तथाकथित धनी लोग जो भारी रकम चुका सकते हैं, उन्हें विशेष पूजा करने की अनुमति दी जाती है।
>
> -CJI सूर्यकांत

### 'बदलावों से बाधित हुईं धार्मिक प्रथाएं'

सेवायतों के वकीलों ने कहा कि पूजा के समय पवित्र हैं और उनका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। मंदिर ऐतिहासिक रूप से मौसम के अनुसार कड़ी समय-सारिणी का पालन करता आया है। गर्मी व सर्दी के लिए अलग-अलग कार्यक्रम होते रहे हैं, जो भगवान के जागने और विश्राम करने सहित आंतरिक अनुष्ठानों से गहराई से जुड़े हैं। दीवान ने तर्क दिया कि सितंबर 2025 में जारी कार्यालय ज्ञापनों के तहत समय में किए गए हालिया बदलावों से मंदिर की जरूरी धार्मिक प्रथाएं बाधित हुई हैं।

शामिल है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा, 'दोपहर 12 बजे सामान्य दर्शन बंद होने के बाद भी भगवान को एक मिनट के लिए आराम नहीं करने दिया जाता और उनका शोषण होता है। तथाकथित धनी लोग जो भारी रकम चुका सकते हैं, उन्हें विशेष पूजा करने की अनुमति दी जाती है।'

**मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश से बढ़ा विवाद:** दशकों तक बांके बिहारी मंदिर का संचालन 1939 की प्रबंधन योजना के तहत होता रहा, लेकिन उत्तर प्रदेश श्रीबांके बिहारीजी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 के जरिए इस व्यवस्था को राज्य-नियंत्रित ट्रस्ट में बदल दिया गया। अध्यादेश को लेकर धार्मिक संस्थानों में सरकारी हस्तक्षेप और पारंपरिक व्यवस्थाओं पर उसके प्रभाव को लेकर बहस तेज हो गई है। अगस्त 2025 में अध्यादेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट के लिए छोड़ दिया था। साथ ही हाई कोर्ट से अंतिम फैसला होने तक अध्यादेश पर रोक लगा दी थी।

# जय शाह ने मेसी को दिया T20 वर्ल्डकप का टिकट



PTI



मेसी ने बच्चों संग फुटबॉल खेला।

फुटबॉल के सुपरस्टार लियोनेल मेसी ने सोमवार को दिल्ली में अपने भारत दौरे का समापन धमाकेदार अंदाज में किया। अरुण जेटली स्टेडियम में उन्होंने बच्चों के साथ फुटबॉल खेला। ICC के चेयरमैन जय शाह ने मेसी को T20 वर्ल्डकप का टिकट, टीम इंडिया की जर्सी, दिग्गज क्रिकेटर्स के ऑटोग्राफ वाला बैट गिफ्ट किया। इस दौरान दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं। ▸▸ पेज 11

# नेहरू ने जम्मू-कश्मीर को विवादित बनाया : योगी

## सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर साधा निशाना

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर नेहरू के हाथों में था, लेकिन उन्होंने इस राज्य को इतना विवादित करने का काम किया कि आजादी के बाद से वह लगातार भारत को डसता रहा। नेहरू के कारण कश्मीर से देश को उग्रवाद, अलगाववाद मिला। सीएम सोमवार को भारतरत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे।


योगी ने कहा कि देश पीएम नरेंद्र मोदी का आभारी है, जिन्होंने लौहपुरुष व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करते हुए अनुच्छेद-370 को खत्म किया और कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान के संकल्प को आगे बढ़ाया। योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने आजादी के आंदोलन को नेतृत्व दिया। कई बार जेल की यातनाएं सहीं, लेकिन आजादी के आंदोलन से विचलित नहीं हुए।



सीएम योगी ने सोमवार को जीपीओ स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के नेता वेदांती नहीं रहे

■ पीटीआई, रीवा/अयोध्या: श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नेता रहे BJP के पूर्व सांसद राम विलास वेदांती (67) का हार्ट अटैक के कारण सोमवार को निधन हो गया। मध्यप्रदेश के रीवा स्थित एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वेदांती लंबे समय से बीमार थे।



वेदांती का पार्थिव शरीर सोमवार देर शाम अयोध्या लाया गया। मंगलवार को अंतिम संस्कार होगा। वेदांती कथा वाचन के लिए 10 दिसंबर से रीवा के भठवा (लालगांव) में थे। हार्ट अटैक के बाद एयर ऐंबुलेंस से भोपाल एम्स ले जाने का प्रयास हुआ, लेकिन खराब मौसम की वजह से लैंडिंग संभव नहीं हो सकी। सीएम योगी ने उनके निधन पर दुख जताया है। ▸▸ पेज 9

# मनरेगा से महात्मा गांधी को राम-राम

## केंद्र ला रहा नया कानून, विपक्ष भड़का

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्र सरकार MGNREGA यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को खत्म कर नया कानून लाने जा रही है। इस विधेयक की कॉपी सोमवार को लोकसभा के सदस्यों को बांटी गई और मौजूदा शीत सत्र में चर्चा के लिए भी इसे शामिल किया गया है। बिल का नाम - विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार ऐंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी (VB-G RAM G) बिल 2025 रखा गया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को हर साल 100 के बजाय 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी देने का प्रस्ताव है।

विपक्ष ने मनरेगा का नाम बदलने के सरकार के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस और सीपीएम ने कहा कि यह मनरेगा को खत्म करने की साजिश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महात्मा गांधी के प्रति प्रेम बनावटी है। तृणमूल ने इसे महात्मा गांधी का अपमान बताया।

### एटमी एनर्जी में निजी भागीदारी वाला बिल पेश

सरकार ने परमाणु ऊर्जा से जुड़े कानूनों को आधुनिक और सरल बनाने की दिशा में लोकसभा में बिल पेश किया है। एटमी एनर्जी के क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने वाले इस बिल को SHANTI नाम दिया गया है। लागू होने पर यह परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 और न्यूक्लियर नुकसान की नागरिक देयता अधिनियम 2010 की जगह लेगा। सरकार FDI में 100% भागीदारी वाला बिल लाने की तैयारी में है।

## 28 लोगों की जान लेने वाले शराब कांड में कोई दोषी नहीं

■ NBT न्यूज, वाराणसी : वाराणसी के विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर) सुशील कुमार खरवार की अदालत ने बहुचर्चित सोएपुर शराब कांड के सभी 16 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने कहा कि 10 गवाहों के बयान आरोपों को साबित नहीं कर पाए। अभियोजन भी ठोस साक्ष्य पेश करने में असफल रहा।



बनारस का मामला

फरवरी 2010 में जहरीली शराब पीने से 28 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में दिनेश राजभर की तहरीर पर केस दर्ज कर 20 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था। सुनवाई के दौरान चार आरोपियों की मृत्यु हो गई थी। ▸▸ पेज 9







CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTL10 User: cci Time: 12-16-2025 00:27 Color:



## फटाफट खबरें

### 'वोट चोरी' मुद्दे से उमर ने बनाई दूरी

■ पीटीआई, श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस द्वारा उठाए गए 'वोट चोरी' के मुद्दे से खुद को अलग किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी I.N.D.I.A. का इससे कोई लेना-देना नहीं है। उमर ने कहा कि कांग्रेस ने वोट चोरी और एसआईआर को अपना मुख्य मुद्दा बनाया है और गठबंधन के अन्य घटक दल इस पर बाध्य नहीं हैं।

### राज कुमार गोयल मुख्य सूचना आयुक्त



■ पीटीआई, नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व आईएएस अधिकारी राज कुमार गोयल को मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ दिलाई। 1990 बैच के एजीएमयूटी कैडर अधिकारी गोयल की नियुक्ति पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश पर हुई।

### महाराष्ट्रः नगर निगम चुनाव 15 जनवरी को

■ पीटीआई, मुंबई: महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होंगे और मतगणना 16 जनवरी को की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि 2,869 सीटों के लिए 3.48 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे। नामांकन 23 से 30 दिसंबर तक होंगे।

### ऐक्टर आलोक नाथ और श्रेयस को राहत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक सोसायटी से जुड़े धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के मामले में जांच पूरी होने तक अभिनेता श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। तलपड़े के वकील ने कहा कि अभिनेता को केवल अतिथि कलाकार के रूप में बुलाया गया था। आलोक के वकील ने दलील दी कि अभिनेता ने कार्यक्रम में भाग नहीं लिया।

# BJP में 'नवीन' अध्याय की शुरुआत, पांच राज्यों के चुनाव होंगे चुनौती

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com



दिल्ली में BJP मुख्यालय में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी. नड्डा ने कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को कुर्सी पर बिठाया।

■ नई दिल्ली: बीजेपी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी. नड्डा और धर्मेंद्र प्रधान व पीयूष गोयल जैसे वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पदभार संभाला। साल 2026 में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव उनके कार्यकाल की सबसे पहली और बड़ी चुनौती होंगी। खासकर बंगाल में बीजेपी कैसा प्रदर्शन करती है, इस पर सबकी निगाह रहेगी।

नितिन नवीन ने बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार संभाला

पांच बार के विधायक, बिहार सरकार में मंत्री और कई राज्यों के प्रभारी 45 वर्षीय नितिन नवीन ने अपने राजनीतिक जीवन में नई सोच वाली नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। उनकी नियुक्ति से बीजेपी ने अपने हर कार्यकर्ता को संदेश दिया है कि मेहनत और रिजल्ट देने वाले को बड़े से बड़ा पद भी दिया जा सकता है। माना जा रहा है कि नितिन नवीन अंततः नड्डा के उत्तराधिकारी के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। हो सकता है कि 14 जनवरी या इसके बाद उन्हें पूर्णकालिक कमान दे दी जाए। इससे पहले IGI पर दिल्ली की सीएम ने सांसदों की मौजूदगी में उनका स्वागत किया।

## बिहार की कमान दिलीप जायसवाल की जगह अब संजय सरावगी को

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिलीप जायसवाल की जगह अब संजय सरावगी को बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से संगठनात्मक नियुक्ति का यह आदेश जारी किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। बिहार चुनाव के बाद पार्टी ने संगठन के स्तर पर बड़े बदलाव किए हैं।

दरभंगा सदर सीट से विधायक और पूर्व मंत्री संजय सरावगी दरभंगा विधानसभा सीट से लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। सरावगी 2005 से लगातार छह बार बिहार विधानसभा के सदस्य हैं। राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। सरावगी को दरभंगा और मिथिला क्षेत्र में बीजेपी का चर्चित और पुराना चेहरा माना जाता है। वे मिथिला क्षेत्र में अपनी मजबूत पैठ के लिए जाने जाते हैं। उनका राजनीतिक सफर छात्र राजनीति से शुरू हुआ और छात्र नेता के रूप में भी उन्होंने कई अहम जिम्मेदारियां निभाई थीं। आज वे बिहार में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की भूमिका तक पहुंचे हैं। छात्र जीवन में 10 वर्षों तक एबीवीपी में विभिन्न पदों पर रहे। पहली बार 2005 में दरभंगा सदर विधानसभा सीट से चुने गए और उसके बाद 2010, 2015, 2020, 2025 में लगातार विधायक चुने गए।

■ बिहार विधानसभा चुनाव के बाद संगठनात्मक और प्रशासनिक स्तर पर संतुलन बनाने की कोशिश



## तमिलनाडु चुनाव के लिए पीयूष गोयल प्रभारी

बीजेपी ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का चुनाव प्रभारी (इलेक्शन इंचार्ज) बनाया है। इसके साथ ही तमिलनाडु के लिए ही केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और मुरलीधर मोहोल को तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का सह-प्रभारी बनाया गया है। असम में विधानसभा चुनावों के लिए भी बीजेपी ने इलेक्शन इंचार्ज घोषित किए हैं। लोकसभा सदस्य बैजयंत पांडा को असम चुनाव की रणनीति बनाने के लिए चुनाव प्रभारी बनाया गया है, वहीं जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील कुमार शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री दर्शना बेन जरदोश को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

केंद्रीय मंत्रियों को बनाया गया चुनाव प्रभारी

## पहलगाम हमले में दायर की गई चार्जशीट
# मारे गए थे 25 टूरिस्ट, NIA ने लश्कर को भी बनाया आरोपित

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में एनआईए ने सोमवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट में पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (LeT) और इसके शैडो संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) के खिलाफ भी आरोप लगाए गए हैं।

चार्जशीट में पाकिस्तानी हैंडलर आतंकवादी साजिद जट्ट उर्फ हबीबुल्ला मलिक उर्फ साजिद लंगड़ा को भी आरोपित बनाया गया है, जो पाकिस्तान के इस्लामाबाद में बैठा हुआ है। एजेंसी अधिकारियों ने बताया कि साजिद पीओके में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का ऑपरेशनल कमांडर है। वह जम्मू-कश्मीर में लश्कर के शैडो संगठन टीआरएफ की कमान संभाल रहा है। वह पाकिस्तान में नौजवानों को बरगलाकर आतंकी ट्रेनिंग देता है, फिर भारत में आतंकी हमले कराता है। लश्कर का यह मॉड्यूल पीओके के कोटली में है। लश्कर के इस मॉड्यूल को 'कोटली विंग' के नाम से भी जाना जा रहा है। इसका राइट हैंड पाकिस्तान में बैठा रफीक नाई उर्फ सुल्तान है। इसका एक और साथी रिजान अहमद है जो कि पीओके मीरपुर-कोटली में बैठा है।

एनआईए ने चार्जशीट में पहलगाम टेरर अटैक को धर्म के आधार पर पाकिस्तान प्रायोजित हमला बताया। 1597 पेज की चार्जशीट में एनआईए ने अपनी चार्जशीट में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले में सहायक सबूतों का विवरण दिया है। इसमें आतंकवादी संगठन LeT/TRF को पहलगाम हमले की योजना बनाने, सुविधा प्रदान करने और उसे अंजाम देने में उनकी भूमिका के लिए आरोपी बनाया है।




पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 25 टूरिस्ट मारे गए थे।

■ चार्जशीट में भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए दंडात्मक धारा भी लगाई गई है।
■ करीब 8 महीने चली जांच में हमले की साजिश के तार पाकिस्तान तक खोज निकाले गए।

जम्मू की एनआईए विशेष अदालत के समक्ष सोमवार को यह चार्जशीट दाखिल की गई। एनआईए के आरोप पत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी शामिल हैं, जो इस घातक आतंकी हमले के कुछ सप्ताह बाद जुलाई 2025 में श्रीनगर के दाचीगाम में 'ऑपरेशन महादेव' की कार्रवाई के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। चार्जशीट में एनआईए ने आरोपियों के खिलाफ भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए दंडात्मक धारा भी लगाई है। इस मामले में करीब आठ महीनों तक चली साइंटिफिक जांच के माध्यम से एनआईए ने हमले की साजिश के तार पाकिस्तान तक खोज निकाले हैं, जो भारत के खिलाफ लगातार आतंकवादियों को प्रायोजित कर रहा है।

## सेमीकंडक्टर मिशन में भारत की बड़ी सफलता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश ने DHRUV64 के नाम से अपना पहला 1.0 गीगाहर्ट्ज (GHz) माइक्रोप्रोसेसर तैयार कर लिया है। यह कदम भारत को चिप डिजाइन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ी प्रगति माना जा रहा है। इस माइक्रोप्रोसेसर का उपयोग 5G इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव सिस्टम और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे अहम क्षेत्रों में किया जा सकेगा।



बना पहला स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर DHRUV64

## J&K में मुठभेड़, एक आतंकी घायल, सिपाही शहीद

■ पीटीआई, जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के एक जंगल इलाके में सोमवार शाम सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया, जबकि एक आतंकी के घायल होने की खबर है। अधिकारियों के अनुसार, मुठभेड़ भले ही थम गई हो, लेकिन पूरा इलाका कड़े सुरक्षा घेराबंदी में है और आतंकियों के सभी संभावित भागने के रास्ते बंद कर दिए गए हैं। मंगलवार को सुबह की पहली किरण के साथ फिर से ऑपरेशन शुरू किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि घेराबंदी को मजबूत करने के लिए इलाके में फोर्स भेजी गई है।

मुठभेड़ उधमपुर के पहाड़ी क्षेत्र मजालता के सोअन गांव में तब शुरू हुई जब पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने जैश (जैश-ए-मोहम्मद) से जुड़े तीन आतंकियों की मौजूदगी के इनपुट पर तलाशी अभियान शुरू किया। जम्मू के आईजीपी भीम सेन तुती ने बताया कि इलाके की मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियों और अंधेरे की वजह से कॉम्बिंग ऑपरेशन रात में रोकना पड़ा। मुठभेड़ के दौरान घायल हुए एक एसओजी जवान ने बाद में दम तोड़ दिया।



## हिंदू धर्म पर विदेश से आपत्तिजनक पोस्ट, गिरफ्तार

■ भाषा, मंगलुरु (कर्नाटक) : विदेश प्रवास के दौरान हिंदू धर्म के बारे में अपमानजनक और भड़काऊ बातें लिखने के आरोप में एक व्यक्ति को भारत पहुंचने पर रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया।



पुलिस ने सोमवार को बताया कि मंगलुरु स्थित उल्लाल निवासी अब्दुल खादर नेहाद (27) सऊदी अरब में काम करता था। एक इंस्टाग्राम अकाउंट पर हिंदू धर्म से जुड़ी कथित अपमानजनक और भड़काऊ पोस्ट अपलोड किए जाने के बाद स्वतः संज्ञान लेते हुए बाजपे पुलिस थाना में 11 अक्टूबर को एक केस दर्ज किया गया था।

## गोवा अग्निकांड : लूथरा बंधु आज आ सकते हैं दिल्ली

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: गोवा पुलिस ने बताया कि बिर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा मंगलवार को थाईलैंड से दिल्ली पहुंच सकते हैं। दिल्ली पहुंचते ही दोनों भाइयों को गोवा पुलिस हिरासत में ले लेगी। थाई अधिकारियों ने इंटरपोल ब्लू कॉर्नर नोटिस पर लूथरा भाइयों को हिरासत में लिया था। हिरासत में लिए जाने के बाद, दोनों को ट्रांजिट रिमांड के लिए दिल्ली की कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**थाईलैंड में भी हो सकती है सुनवाई:** गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा से जुड़े मामले की थाईलैंड की अदालत में सुनवाई होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, मामले में आगे की कार्रवाई को लेकर बैंकॉक की एक अदालत द्वारा फैसला किए जाने की संभावना है।



लूथरा ब्रदर्स

### बंबई हाई कोर्ट बोला, लेनी होगी जिम्मेदारी

■ भाषा, पणजी : बंबई हाई कोर्ट की गोवा पीठ ने राज्य के अरपोरा स्थित रोमियो लेन के बिर्च रेस्तरां के खिलाफ दायर एक दीवानी मुकदमे को सोमवार को जनहित याचिका (पीआईएल) में परिवर्तित कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के मामलों में किसी न किसी को तो जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।
पीठ ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि स्थानीय पंचायत क्लब को लेकर स्वतः संज्ञान लेने में विफल रही है और शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। उत्तर गोवा के अरपोरा में स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब के सह-मालिक लूथरा बंधु आग लगने की घटना के तुरंत बाद थाईलैंड के फुकेट चले गए थे। उनके खिलाफ इंटरपोल का 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी किया गया है।

## हादसे रोकने को देशभर में लागू होने वाले नियमों पर विचार

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए देशभर में लागू होने वाले दिशा-निर्देश तैयार करने पर विचार किया। जस्टिस महेश्वरी ने कहा कि अदालत मौजूदा प्रावधानों में मौजूद खामियों को भरने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश बनाना चाहती है, ताकि फलोदी जैसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। बेंच ने राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर अवैध रूप से बने ढाबों को सड़क दुर्घटनाओं का एक संभावित कारण बताया।

अदालत ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से इन अवैध ढाबों और भोजनालयों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने से संबंधित वैधानिक नियमों और रेग्युलेशन को पेश करने को कहा। अदालत ने यह भी जानना चाहा कि अब तक क्या कार्रवाई की गई है, कौन-सा प्राधिकरण इसे शुरू करने का जिम्मेदार है और कौन-कौन से निकाय इन प्रावधानों को लागू नहीं कर रहे हैं।

जस्टिस बिश्नोई ने माना कि सर्विस रोड होते हैं, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यह हर एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा कि बीच-बीच में अवैध ढाबे और छोटे भोजनालय उभर आते हैं, जहां अधिकांश दुर्घटनाएं होती हैं।



### कोर्ट का आदेश

अदालत ने आदेश दिया कि कोर्ट सलाहकार और सॉलिसिटर जनरल के बीच हुई चर्चा के बाद उनके सुलझाए गए मुद्दे, जो दिशा-निर्देश जारी करने में सहायक हो सकते हैं, उसे भी पेश किए जाएं। इस बीच, पक्षकार सुझाव इमेज साझा करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो वास्तविक समस्या के समाधान में सहायक हो सकती हैं।

## भारत-चीन सीमा पर दर्रों को पर्यटन के लिए खोला गया

■ पीटीआई, गंगटोक : भारत-चीन सीमा स्थित रणनीतिक चो ला और डोक ला दर्रों को सोमवार को युद्धक्षेत्र पर्यटन पहल के तहत खोल दिया गया। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने गंगटोक के रिज पार्क से 25 मोटरसाइकलों और पर्यटक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और औपचारिक रूप से इसके उद्घाटन की घोषणा की। 15,600 फीट की ऊंचाई पर स्थित डोक ला 2017 में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए गतिरोध का साक्षी रहा है। वहीं, चो ला को 1967 के भारत-चीन संघर्ष के दौरान विशेष पहचान मिली थी।

## प्रदूषण गंभीर, सर्वे में 82% ने कहा, करीबी बीमार पड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली और NCR के ज्यादातर हिस्सों में प्रदूषण सोमवार को भी गंभीर बना रहा। दिल्ली में प्रदूषण की निगरानी से जुड़े 40 में से 28 केंद्र रेड जोन में रहे।

दिल्ली में 5वीं तक के स्कूल ऑनलाइन, आदेश जारी

हालात इस कदर खराब हैं कि दिल्ली-NCR के 82% लोगों ने माना कि उनके जानने वालों में एक या एक से ज्यादा लोग इस प्रदूषण के कारण सेहत से जुड़ी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। LocalCircles के इस सर्वे में शामिल 73% लोग इस कारण चिंतित दिखे कि वे परिजनों की देखभाल पर होने वाले खर्च को वहन कर पाएंगे भी या नहीं। वहीं, 8% तो दिल्ली-NCR छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। इस बीच दिल्ली सरकार ने 5वीं तक के स्कूलों को पूरी तरह 'ऑनलाइन मोड' में चलाने का निर्देश जारी कर दिया है।



## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दहेज विरोधी कानून बेअसर, प्रथा अब भी मौजूद

■ पीटीआई, सुप्रीम कोर्ट : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि दहेज को खत्म करना एक जरूरी संवैधानिक और सामाजिक जरूरत है। मौजूदा कानून बेअसर और गलत इस्तेमाल दोनों से जूझ रहे हैं, और यह बुरी प्रथा अभी भी फैली हुई है। इससे निपटने के लिए सभी की एक साथ कोशिश की जरूरत पर जोर देते हुए कोर्ट ने कई निर्देश दिए, जिसमें हाई कोर्ट से IPC के सेक्शन 304-B और 498-A से जुड़े पेंडिंग मामलों की संख्या का पता लाने के लिए कहा गया। बेंच ने केंद्र और राज्यों को निर्देश दिया कि वे सभी लेवल पर एजुकेशनल करिकुलम में जरूरी बदलावों पर विचार करें।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में पत्रकार को SC से अंतरिम जमानत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुजरात बेस्ड पत्रकार महेश लांगा को ईडी द्वारा अहमदाबाद में दर्ज कथित वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अंतरिम जमानत दे दी। बेंच ने मामले में विशेष अदालत को कहा कि वह डे टु डे ट्रायल करें और पत्रकार से कहा कि वह सुनवाई के दौरान किसी भी प्रकार का स्थगन न लें।

शीर्ष अदालत ने लांगा को अपने खिलाफ लंबित मामले पर किसी भी अखबार में कोई लेख न लिखने का निर्देश दिया। बेंच ने कहा कि आदेश की शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में जमानत रद्द करने पर विचार किया जा सकता है।

## पीएम मोदी पर आपत्तिजनक नारे, सत्ता पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर धमकी भरे नारे लगाए जाने और बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह की ओर से सदन में की गई एक टिप्पणी को लेकर लोकसभा में भी बहुत हंगामा हुआ। सोमवार को इन मुद्दों पर लोकसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के कारण शून्यकाल और प्रश्न काल नहीं चल सका।

रिजिजू बोले, कांग्रेस, बीजेपी के कार्यकर्ता राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, दुश्मन नहीं

पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने जैसे ही सदन के पटल पर आवश्यक कागजात रखवाए, कांग्रेस के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए। वे पिछले सप्ताह सदन में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री शाह द्वारा की गई एक टिप्पणी का हवाला देते हुए उनसे और प्रधानमंत्री मोदी से माफी मांगने की मांग कर रहे थे। वहीं केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि हम देश के लिए काम कर रहे हैं और यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुले तौर पर प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने की घोषणा की। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी के कार्यकर्ता और नेता राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, दुश्मन नहीं।



हंगामे के कारण शून्यकाल और प्रश्न काल नहीं चल सका।

**सत्ता पक्ष जरूरी मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहता: प्रियंका**

प्रियंका ने कहा कि हमें नहीं मालूम कि ये सब किसने कहा। रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के लोग जरूरी मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहते इसलिए हंगामा करते हैं।

### राज्यसभा में भी जबरदस्त हंगामा

राज्यसभा में भी सोमवार को कांग्रेस की एक रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कथित तौर पर लगाए गए नारों को लेकर भारी हंगामा हुआ। सदन के नेता जेपी नड्डा ने रैली का जिक्र करते हुए विवादित नारे पर आपत्ति जताई और इसे निंदनीय बताया। नड्डा के बयान के बाद विपक्ष ने सदन में हंगामा किया और बाहर की घटना पर चर्चा पर सवाल उठाए। बढ़ते शोरगुल के बीच उपसभापति हरिवंश ने कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित कर दी।

# नए लोकायुक्त की दरकार, पूरा हो चुका है कार्यकाल

■ सूर्य प्रकाश शुक्ल, लखनऊ

यूपी को लंबे अर्से से नए लोकायुक्त का दरकार है। लोकायुक्त पद पर जस्टिस संजय मिश्रा का आठ साल का कार्यकाल जनवरी 2024 को पूरा हो चुका है। इसी तरह उप लोकायुक्त के पद पर काम कर रहे शंभू सिंह यादव का कार्यकाल भी अगस्त 2024 को पूरा हो चुका है। लेकिन, कानून प्रावधानों के चलते नए लोकायुक्त और उप लोकायुक्त की शपथ होने तक जस्टिस संजय मिश्रा और शंभू सिंह यादव अपने-अपने पदों पर कार्य करते रहेंगे।

■ एक उप लोकायुक्त का कार्यकाल भी पिछले साल हो चुका है पूरा
■ नई नियुक्तियों को लेकर हाई कोर्ट में दाखिल हो चुकी है याचिका





**कोर्ट के हस्तक्षेप पर हुई थी तैनाती :** जस्टिस संजय मिश्रा की लोकायुक्त पद पर तैनाती से पहले भी कुछ ऐसे ही स्थितियां थीं, जिसके चलते उनकी नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद हुई थी। लोकायुक्त की नियुक्ति तीन सदस्यीय कमिटी करती है। इस कमिटी में मुख्यमंत्री, नेता विपक्ष और हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस होते हैं। उस समय लोकायुक्त पद पर तैनाती के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री, नेता विपक्ष और हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के बीच सहमति नहीं बन पा रही थी, जिसके चलते सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा था। इस बार की बात करें, तो लोकायुक्त का कार्यकाल पूरा हुए एक साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक नई तैनाती को लेकर शासन स्तर पर कोई सुगबुगाहट तक नहीं है। हालांकि, इस बार भी लोकायुक्त की तैनाती को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की जा चुकी है।

**ऐक्ट में हुए बदलाव :** जस्टिस संजय मिश्रा के लोकायुक्त बनने से पहले अखिलेश सरकार में 2015 में लोकायुक्त के चयन में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के भूमिका खत्म करने की कोशिश की थी। इसके लिए यूपी लोकायुक्त एवं उप लोकायुक्त अधिनियम में संशोधन की तैयारी की गई थी, लेकिन यह संशोधन हो नहीं पाया था। हालांकि, इस कानून में इससे पहले और इसके बाद भी बदलाव हुए। लोकायुक्त और उप लोकायुक्तों का कार्यकाल पहले पांच साल ही था। 1982-82 में इस अधिनियम में संशोधन कर तत्कालीन सरकार ने यूपी में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त का कार्यकाल बढ़ा कर छह साल कर दिया था। 2012 में अखिलेश सरकार के दौरान लोकायुक्त और उप लोकायुक्त का कार्यकाल बढ़ा कर आठ साल किया गया था। इस संशोधन में कहा गया था कि लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के पदों पर नई तैनाती न होने तक आठ साल के बाद भी वह अपना काम देखते रहेंगे। योगी सरकार में भी इस कानून में संशोधन किया, जिसमें लोकायुक्त और उप लोकायुक्त का कार्यकाल आठ साल से घटाकर पांच साल कर दिया है। लेकिन, कानून में यह संशोधन पुरानी नियुक्तियों पर प्रभावी नहीं है।

### एक लोकायुक्त और तीन उप लोकायुक्त

वर्तमान में यूपी एक लोकायुक्त और तीन उप लोकायुक्त हैं, जिसमें लोकायुक्त के पद पर जस्टिस संजय मिश्रा ने 31 जनवरी 2016 को शपथ ली थी। उनका आठ साल का कार्यकाल 31 जनवरी 2024 को खत्म हो चुका है। इसी तरह उप लोकायुक्त शम्भू सिंह का आठ साल का कार्यकाल अगस्त 2024 को खत्म हो चुका है। जबकि, दूसरे उप लोकायुक्त डीके सिंह की इस पद पर तैनाती जून 2020 को हुई थी। उनका कार्यकाल जून 2028 तक है। तीसरे उप लोकायुक्त एसके यादव की नियुक्ति सरकार ने अप्रैल 2021 में की थी और उनका कार्यकाल अप्रैल 2029 तक रहेगा।

## चुनाव सुधार के मसले पर विपक्ष का हमला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राज्यसभा में चुनाव सुधार पर डिबेट में विपक्ष ने सत्ता पक्ष और चुनाव आयोग को बहुत तीखे तरीके से घेरा और हमला किया। विपक्ष ने SIR प्रक्रिया की विसंगतियों, पक्षपात, दल बदल विरोधीकानून में सुधार जैसे कई अहम और गंभीर मुद्दे सदन में उठाए।

सोमवार को बहस की शुरुआत होने के बाद इसमें हिस्सा लेते हुए AIADMK सांसद एम थंबीदुरई ने कहा कि उन्हें चुनाव आयोग की कार्रवाई में पूरा भरोसा है। मतदाता सूची की स्वच्छता लोकतांत्रिक पारदर्शिता के लिए बेहद अहम है। जेडीएस की ओर से पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा ने विपक्षी दलों से कहा कि अगर वो वोट चोरी के अपने आरोपों को जारी रखते हैं तो उन्हें उसका नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग प्रधानमंत्री का सड़कों और कई मंचों पर मजाक बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस नेता इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को भारी बहुमत मिला था तो उनके साथ विपक्ष ने कभी ऐसा नहीं किया था। पंडित नेहरू के वक्त भी चुनावी प्रक्रिया में विसंगतियां थीं।

सीपीएम नेता जॉन ब्रिटास ने सत्तापक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि SIR का नाम अमित शाह इंटेंसिव रिविजन रखा जाना चाहिए। हालांकि इस दौरान उन्होंने साल 2014 में कांग्रेस और बीजेपी दोनों को FCRA में संशोधन का जिम्मेदार बताया।

■ SIR को लेकर राज्यसभा में सियासी घमासान
■ वोट चोरी और पक्षपात के आरोपों से गरमाई बहस

AI Image



### विपक्ष पर निशाना

विपक्षी सांसदों के सवाल का जवाब देते हुए जेडीयू सांसद संजय झा ने साल 2005 के बिहार विधानसभा चुनावों का उदाहरण देते हुए कहा कि उस वक्त विधानसभा में खंडित जनादेश आया था। इसके बाद केंद्र में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह की अगुआई वाली यूपीए सरकार ने आधी रात को हुई कैबिनेट बैठक के जरिए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTL11 User: cci Time: 12-16-2025 00:33 Color:



*आपको अनुकूल हालात मिल सकते हैं, लेकिन आखिर में बोलर्स को सही जगहों पर गेंद डालनी होगी और भारतीय गेंदबाजों ने वही किया। उन्हें इसका श्रेय दिया जाना चाहिए। धर्मशाला में पहली गेंद से ही उन्होंने हमारे लिए मुश्किलें खड़ी कीं। - एडेन मार्करम, कप्तान, साउथ अफ्रीका*



**6**

*मुकाबले जीते हैं सूर्यकुमार यादव ने बतौर कप्तान साउथ अफ्रीका के खिलाफ। वह दोनों देशों के बीच हुई टी20I सीरीज के सबसे सफल कप्तान हैं। महेंद्र सिंह धोनी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच जीत हासिल की थी*

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. सूर्यकुमार यादव ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ बतौर कप्तान कितने टी20I मैच जीते हैं?
A) 5 B) 6 C) 7 D) 10

2. IPL 2026 के लिए आज मिनी ऑक्शन किस शहर में होगा?
A) दुबई B) मुंबई
C) अबू धाबी D) शारजाह

**कल के जवाब**
1. A) हरियाणा 2. D) इंडोनेशिया

**लकी WINNER**



1. आरोन शर्मा, रतन पार्क, दिल्ली
2. सुरेश यादव, गाजियाबाद, यूपी
3. श्री चंद कुमार, कल्याण, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### मनु ने जीता गोल्ड

■ **नई दिल्ली:** ओलिंपिक्स मेडल विजेता मनु भाकर ने नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में विमिंस 25 मीटर पिस्टल सीनियर वर्ग का गोल्ड मेडल जीता। मनु ने फाइनल में 36 अंक हासिल किए, जबकि कर्नाटक की दिव्या टीएस (32) दूसरे स्थान पर रहीं। अंजलि चौधरी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। जूनियर वर्ग में सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने गोल्ड जीता।

### BCCI पर सफाई

■ **नई दिल्ली:** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लोकसभा में स्पष्ट किया कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) को अभी राष्ट्रीय खेल महासंघ (NSF) के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि नया राष्ट्रीय खेल संचालन अधिनियम लागू होने के बाद स्थिति बदल सकती है। मांडविया ने कहा कि सभी NSF को जवाबदेही और सुशासन के मानकों का पालन करना होगा। क्रिकेट के ओलिंपिक खेल बनने के बाद BCCI को भी पंजीकरण कराना होगा।

### वानखेड़े में सीरीज

■ **मुंबई:** वानखेड़े स्टेडियम 16 से 18 दिसंबर तक इंडिया और इंडिया 'ए' के बीच तीन मैचों की शारीरिक दिव्यांग टी20 सीरीज की मेजबानी करेगा। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद ने इसकी घोषणा की। मुंबई क्रिकेट संघ ने इसे गर्व का क्षण बताया। आयोजकों के अनुसार यह सीरीज समावेशिता, जज्बे और खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ दिव्यांग क्रिकेट को नई पहचान देगी।

### डेफ टीम का क्लीन स्विप

■ **नई दिल्ली:** भारतीय डेफ क्रिकेट टीम ने दुबई के खिलाफ टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। वीरेंद्र सिंह को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

## कुल 77 खिलाड़ियों के लिए आज IPL का मिनी ऑक्शन

# टीमें आज ऑलराउंडर्स पर लगा सकती हैं बड़ी बोलियां


■ **एजेंसियां, अबू धाबी:** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 सीजन से पहले आज सभी टीमों के पास ऑक्शन में अपनी कुछ खामियों को दूर कर एक मजबूत स्क्वॉड तैयार करने का मौका होगा। मिनी ऑक्शन में लीग की 10 टीमें कुल 77 स्लॉट्स भरने के लिए बोलियां लगाएंगी। विश्व स्तरीय पेस बोलिंग ऑलराउंडर के सीमित विकल्पों के बीच मंगलवार को होने वाली छोटी नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन फायदे की स्थिति में नजर आ रहे हैं। कोलकाता नाइटराइडर्स और चेन्नै सुपरकिंग्स उनके लिए बड़ी बोली लगा सकती हैं। इस नीलामी में 10 टीमों के पास संयुक्त रूप से 237 करोड़ 55 लाख रुपये उपलब्ध हैं।

**कोलकाता के पास है सबसे बड़ा पर्स:** नाइटराइडर्स के पास सबसे बड़ा पर्स 64 करोड़ 30 लाख रुपये का है और टीम को 13 प्लेयर्स की जरूरत है। वहीं चेन्नै सुपरकिंग्स के पास 43 करोड़ 40 लाख रुपये हैं और वह संतुलित संयोजन तैयार करने की कोशिश में रहेगी। इसके उलट मुंबई इंडियंस की भूमिका सीमित रहने की संभावना है, क्योंकि उसके पास महज दो करोड़ 75 लाख बचे हैं।

**लिविंगस्टोन, अय्यर पर होगी निगाह:** ग्रीन के अलावा भारतीय ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर और इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज लियम लिविंगस्टोन पर भी मोटी बोली लगने की उम्मीद है। फास्ट बोलिंग ऑलराउंडर्स की हमेशा से मांग रही है और इसी कारण ग्रीन, वेंकटेश और वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य वाले सबसे आकर्षक नामों में शामिल हैं। IPL में ग्रीन का रेकॉर्ड प्रभावशाली रहा है। उन्होंने 29 मैचों में 704 रन बनाने के साथ 16 विकेट भी लिए हैं, जिससे उनका ऑलराउंड पैकेज उन्हें खास बनाता है। अय्यर के मामले में स्थिति दिलचस्प है। पिछले सीजन में बड़ी रकम के दबाव में उनका प्रदर्शन फीका रहा, लेकिन नाइटराइडर्स को टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज और एक भरोसेमंद ऑलराउंडर की जरूरत है। आरटीएम कार्ड के विकल्प के बिना कोलकाता को उन्हें वापस पाने के लिए समझदारी भरा दांव खेलना होगा। लिविंगस्टोन और साउथ अफ्रीका के क्विंटन डीकॉक भी बड़ी बोली आकर्षित कर सकते हैं।



कैमरन ग्रीन







टेलिकास्ट: 2:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर


लियम लिविंगस्टोन

**1** एकमात्र प्लेयर है विरनदीप सिंह इस साल असोसिएट देश के जो रजिस्ट्रेशन के बाद ऑक्शन का हिस्सा बनाए गए हैं

**39** साल के जलज सक्सेना IPL ऑक्शन में शामिल होने वाले सबसे उम्रदराज प्लेयर हैं।

**244** भारतीय प्लेयर्स ने IPL मिनी ऑक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है, जबकि 115 विदेशी प्लेयर्स पर लगेगी बोली

### यहां विदेशी प्लेयर्स रहते हैं सबसे महंगे

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

**अगर मिनी** ऑक्शन के इतिहास पर नजर डालें तो विदेशी प्लेयर्स ही सबसे बड़ी बोली आकर्षित करते हैं। मिनी ऑक्शन 2024 में मिचेल स्टार्क ने पुराने रेकॉर्ड ध्वस्त करते हुए 24.75 करोड़ रुपये में बिके थे। उन्हें KKR ने खरीदा था। साल 2024 में ही सनराइजर्स हैदराबाद ने पैट कमिंस पर 20.50 करोड़ की बोली लगाई थी। इससे पूर्व, 2023 में सैम कुरन को पंजाब किंग्स ने 18.50 करोड़ में खरीदा था। कैमरन ग्रीन पर मुंबई ने 2023 मिनी ऑक्शन में 17.50 करोड़ की बोली लगाई थी। बेन स्टोक्स 2023 में सुपरकिंग्स की टीम में 16.25 करोड़ में शामिल हुए थे। साल 2021 में क्रिस मोरिस पर राजस्थान रॉयल्स ने 16.25 करोड़ रुपये खर्च किए थे। यह छह खिलाड़ी मिनी ऑक्शन में सबसे महंगे रहे हैं।

# 'मेसी उत्सव' में गुम हो गए भारतीय सुपर स्टार भूटिया

Rupesh.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** लियोनेल मेसी के इस भारत दौरे ने फैंस को ना भूलने वाले कई पल दिए, वहीं कुछ कड़वी सच्चाई से भी रूबरू कराया। मेसी तीन महानगरों का टूर करके सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे थे। मुंबई में मेसी की मुलाकात भारतीय सुपर स्टार सुनील छेत्री से हुई थी। दिल्ली में भारतीय फुटबॉल के एक अन्य दिग्गज बाईचुंग भूटिया को भारतीय फुटबॉल बिरादरी की नुमाइंदगी करनी थी। हालांकि, क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित इस 'फुटबॉल उत्सव' पर भारतीय फुटबॉल का यह पूर्व कप्तान गुम हो गया।

**करते रहे इंतजार:** मेसी के कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए बाईचुंग दोपहर करीब 3.30 बजे स्टेडियम पहुंच गए थे। उन्हें उनके लिए निर्धारित स्थान तक ले जाने के लिए आयोजकों की ओर से कोई भी मौजूद नहीं था। बाईचुंग हर गेट पर अपना परिचय दे रहे थे, इस दिग्गज को फुटबॉल के जश्न के लिए तैनात वॉलंटियर्स और सुरक्षाकर्मी पहचान नहीं पा रहे थे। बाईचुंग ने कई फोन कॉल्स किए और काफी देर तक इंतजार किया, लेकिन मदद किसी ओर से आती नहीं दिखी। इस बीच उन्हें किसी शख्स ने पहचाना और फिर किसी तरह उन्हें स्टेडियम की सबसे खास जगहों में से एक 'विराट कोहली पविलियन' तक पहुंचाया।

**खेलना था मैच भी।:** यह पूछने पर कि उन्हें किसने आमंत्रित किया है, बाईचुंग ने कहा, 'मैं मुख्य आयोजक सताद्रु दत्ता के संपर्क में था। लेकिन उनकी गिरफ्तारी के बाद से कम्युनिकेशन गैप हो गया है। आयोजन से जुड़े कुछ और भी लोग हैं जिनसे मेरी बातचीत चल रही थी। मुझे यहां शायद मैच भी खेलना था और मेसी को टी-शर्ट भी भेंट करनी थी। लेकिन, यहां आने तक कुछ भी कंफर्म नहीं हो पाया।' पविलियन क्षेत्र में बाईचुंग करीब चार बजे पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें तब तक यह नहीं पता था कि आखिर वह मैदान पर उस जगह कैसे पहुंचेंगे जहां जश्न मन रहा था। मेसी ने मैदान का चक्कर लगा लिया। वह मेन स्टेज पर भी पहुंच गए, लेकिन बाईचुंग पविलियन में ही इंतजार करते रहे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में भूटिया के पास एक कॉल आया और उन्हें मैदान पर बुलाया गया। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान तेजी से सीढ़ियां उतरते हुए मैदान में पहुंचे जहां उनकी और उनके परिवार की मुलाकात मेसी, लुईस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल से हुई।


Sunil Kataria
लियोनेल मेसी, लुईस सुआरेज (बाएं) और रोड्रिगो डी पॉल (दाएं) को क्रिकेट बैट भेंट करते इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के प्रेजिडेंट जय शाह


RUPESH SINGH
स्टेडियम की एक गैलरी में बैठे पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया

### मेसी के इस टूर पर बिंद्रा ने उठाए सवाल

ओलिंपिक्स गोल्ड मेडलिस्ट और भारत के पूर्व निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने मेसी के भारत दौरे पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इस पूरे घटनाक्रम ने उन्हें सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर हम हासिल क्या करना चाह रहे हैं। बिंद्रा ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'जैसे-जैसे उनका हालिया भारत दौरा आगे बढ़ा, कुछ जगहों पर अफरा-तफरी हुई और मुझे काफी असहज लगा। इसने मुझे सोचने पर मजबूर किया कि हम असल में क्या हासिल करने की कोशिश कर रहे थे। एक पल के लिए उनके करीब जाने या तस्वीर खिंचवाने के लिए लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। मैं दुखी हूं और मुझे हैरानी हो रही है कि क्या यह संभव था कि इस ऊर्जा और निवेश का एक हिस्सा भी हमारे देश में खेलों की बुनियाद पर खर्च किया जा सकता था।'

# हज़ारे ट्रॉफी में हरेक प्लेयर को खेलने होंगे दो-दो मैच


FILE
विराट और रोहित शर्मा भी खेलेंगे

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने भारतीय टीम के मौजूदा प्लेयर्स के लिए 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो वनडे मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 मैच (19 दिसंबर) और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी, 2026) के बीच तीन सप्ताह से अधिक का अंतर है और बोर्ड चाहता है कि सभी सीनियर खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलें। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सभी को यह निर्देश दे दिया है। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में हार के बाद यह सिफारिश की गई थी। इ

**BCCI का निर्देश**

**केवल अनफिट होने पर छूट:** उन्होंने कहा, 'किसी को छूट तभी दी जाएगी जब उत्कृष्टता केंद्र से किसी को अनफिट घोषित किया जाता है, लेकिन अधिकारियों का मानना है कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के बाद चोट से उबरने के लिए काफी समय होगा।' इस निर्देश से यह धारणा भी टूटेगी कि सिलेक्शन और हेड कोच गौतम गंभीर सिर्फ कोहली और रोहित का उदाहरण देना चाहते हैं। इस बीच जसप्रीत बुमरा को धर्मशाला में तीसरे टी20 से पहले निजी कारणों से घर लौटना पड़ा। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार उनके करीबी परिजन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**रोहित, विराट भी उतरेंगे**

रोहित शर्मा और विराट कोहली टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की सूचना दे चुके हैं। वहीं शुभमान गिल, जसप्रीत बुमरा, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव को अपनी अपनी टीमों के लिए कम से कम दो मैच खेलने के लिए कहा जा सकता है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा, 'विजय हजारे ट्रॉफी के छह दौर 24 दिसंबर से खेले जाने हैं। यह खिलाड़ियों और उनके प्रदेश संघों पर निर्भर करता है कि वे कौन से दो दौर खेलना चाहते हैं।'

# गिल पर सभी को भरोसा रखना चाहिए: अभिषेक

■ **एजेंसियां, धर्मशाला:** बारह वर्ष की उम्र से शुभमान गिल के साथ खेल रहे अभिषेक शर्मा को पता है कि खराब फॉर्म से उबरकर वह भारत के लिए टी20 वर्ल्ड मैच जीतेंगे और अगले साल टी20 वर्ल्ड कप में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में उन्होंने 28 गेंद में 28 रन बनाए। गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव के खराब फॉर्म के बारे में अभिषेक ने कहा, 'मैं एक बात साफ बताना चाहता हूं कि आप भरोसा रखिए। ये दोनों खिलाड़ी भारत के लिए वर्ल्ड कप में मैच जीतेंगे और इस सीरीज में भी।'

**रिऐक्शंस**



FILE
भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा

भारतीय टीम के बोलिंग कोच मोर्नी मोर्कल ने भी भारतीय गेंदबाजों की तारीफ की। मोर्कल ने कहा, 'मुझे खुशी है कि गेंदबाजों ने इस तरह से वापसी की।'

## टंग की वापसी, बशीर को जगह नहीं मिली

■ **एजेंसियां, एडिलेड:** इंग्लैंड ने बुधवार से यहां खेले जाने वाले तीसरे एशेज टेस्ट के लिए गस एटकिंसन की जगह जोश टंग को टीम में वापस बुलाया है, लेकिन धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच की संभावना के बावजूद स्पिनर शोएब बशीर को एकादश में जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलिया की टीम में भी नाथन लियोन की वापसी हुई है। टंग की वापसी इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव है जिसे गाबा में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की सीरीज में 0-2 से पीछे है।

**एशेज**


FILE
जोश टंग

# शेफाली और हार्मर चुने गए महीने के बेस्ट प्लेयर

■ **एजेंसियां, दुबई:** विमिंस वर्ल्ड कप फाइनल में निर्णायक भूमिका निभाने वाली भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा को ICC ने नवंबर महीने की 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना है। शेफाली ने पिछले महीने नवी मुंबई में खेले गए वर्ल्ड कप फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 78 गेंदों में 87 रन की शानदार पारी खेली थी, जो विमिंस वर्ल्ड कप फाइनल में किसी भारतीय ओपनर का सर्वोच्च स्कोर है। उनकी पारी की बदौलत भारत ने सात विकेट पर 298 रन बनाए और 52 रन से जीत दर्ज कर पहली बार वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया।

**ICC पुरस्कार**


शेफाली वर्मा

**लिए थे 17 विकेट:** साउथ अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर को भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिए मेंस 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया। हार्मर ने दो टेस्ट में 17 विकेट लेकर साउथ अफ्रीका को भारत में 25 साल बाद टेस्ट सीरीज जीत दिलाई।

**टेनिस प्रीमियर लीग**

## जीएस दिल्ली एसेस ने जीती पहली ट्रॉफी

■ **एजेंसियां, अहमदाबाद:** जीएस दिल्ली एसेस ने यहां टेनिस प्रीमियर लीग के फाइनल में यश मुंबई ईगल्स पर 51-36 से शानदार जीत के साथ पहली बार इस खिताब पर कब्जा किया। बेल्जियम की खिलाड़ी सोफिया कोस्टौलास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रिया भाटिया को 18-7 से हराकर विमिंस सिंगल्स में अपना अजेय रेकॉर्ड बरकरार रखा। मिक्स्ड डबल्स में कोस्टौलास और जीवन नेदुनचेझियान ने भाटिया और निकी पूनाचा की जोड़ी को 16-9 से हराकर दिल्ली की बढ़त को मजबूत किया। मेंस सिंगल्स में मुंबई ईगल्स के दामिर जुम्हुर ने निकी हैरिस को हराया, लेकिन मेंस डबल्स में हैरिस और नेदुनचेझियान ने दिल्ली की जीत पर मुहर लगा दी।

# एजाज़ को न्यूज़ीलैंड की टीम में मिली जगह, फिट ब्लंडेल भी करेंगे वापसी

■ **एजेंसियां, वेलिंगटन:** न्यूजीलैंड के ऑफ स्पिनर एजाज पटेल को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और आखिरी टेस्ट के लिए टीम में चुना गया है। यह मैच गुरुवार से माउंट माउंगानुई में खेला जाएगा। एजाज को ब्लेयर टिकनर की जगह टीम में शामिल किया गया है। टिकनर दूसरे टेस्ट के दौरान वेलिंगटन में बाउंड्री पर फील्डिंग करते समय कंधे में चोट लगने के कारण बाहर हो गए थे। कीवी टीम में टॉम ब्लंडेल को भी जगह मिली है। ब्लंडेल हैमस्ट्रिंग इंजरी की वजह से दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। सैंतीस वर्षीय एजाज पटेल वही गेंदबाज हैं, जिन्होंने वर्ष 2021 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ एक टेस्ट पारी में सभी 10 विकेट लिए थे। फरवरी 2020 के बाद यह उनका घरेलू जमीन पर पहला टेस्ट मैच हो सकता है।

**क्रिकेट कनेक्ट**


FILE
न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल

**दम्मिका रणतुंगा को किया गया गिरफ्तार**

**कोलंबो:** श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और वर्ल्ड कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा के बड़े भाई दम्मिका रणतुंगा को भ्रष्टाचार रोधी आयोग ने गिरफ्तार किया था, लेकिन सोमवार को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। भ्रष्टाचार जांच आयोग ने बताया कि 63 वर्षीय दम्मिका को 2017 में सरकारी संस्था सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन द्वारा कच्चे तेल की खरीद में गलत निविदा प्रक्रिया के लिए गिरफ्तार किया गया था।

**मेसी का इवेंट**

## अव्यवस्था को लेकर दो PIL दाखिल हुई

■ **आईएएनएस, कोलकाता:** सॉल्ट लेक स्टेडियम में शनिवार को हुए लियोनेल मेसी इवेंट में अव्यवस्था के बाद सोमवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में दो जनहित याचिकाएं दायर (PIL) की गईं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली डिविजन बेंच ने दोनों याचिकाएं स्वीकार कर ली हैं और मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है। सीनियर एडवोकेट बिल्वदल भट्टाचार्य द्वारा दायर पहली PIL में टिकट बिक्री में कथित वित्तीय अनियमितताओं की विस्तृत जांच की मांग की गई है। दूसरी PIL सीनियर एडवोकेट सब्यसाची चट्टोपाध्याय ने दाखिल की है, जिसमें पूरे मामले की जांच नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से कराने की मांग की गई है।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
प्रॉपर्टी से संबंधित क्षेत्रों में उत्तम लाभ मिलेगा। आपको अपने परिवार के आशीर्वाद से शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। आज आप जनता के प्रिय बनेंगे। सायंकाल के समय परिजनों के शारीरिक कष्ट होने से आपको कुछ देर परेशानी रहेगी। देर रात तक पुनः सब सामान्य हो जाएगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
राशि स्वामी सप्तम प्रमुख विरोध जन्म भाव में चल रहा है, भौम क्षेत्री में होने से शत्रुओं को बल मिलेगा। तुला राशि का चंद्रमा षष्ठम भाव में मंगल के घर जा होकर आपके अंदर निर्भीकता का भाव साकार करेगा, इसलिए आज आप निर्भयता से अपने कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज आप इस बात का पूरा ध्यान रखें कि आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी न लग जाए। औपचारिकता में बिल्कुल भी न उलझना, आपको जो कहना हो, जो चाहिए, बेहिचक कह देना। यदि आपका धन कहीं रुका हुआ है तो आज मिल सकता है। विवेक से लिए गए निर्णय लाभप्रद रहेंगे।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज आपको अपने से छोटे परिजनों का सहयोग पाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। आप अपने स्वभाव के प्रति गंभीर रहें, कड़ी मेहनत से ही अपने कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख साधनों पर खर्च अधिक होगा। शत्रु अपने षड्यंत्रों में सफल नहीं हो पाएंगे। खुश मिजाज व्यक्ति होने के कारण दूसरे लोग आपसे संबंध बनाने को लालायित रहेंगे।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज आपके अंदर परोपकार की भावना बढ़ने लगेगी। आपका अधिक समय धार्मिक अनुष्ठानों में व्यतीत होगा। आत्मविश्वास के बल पर किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। पुराने रुके हुए कार्य थोड़ा खर्च करने से बन सकते हैं। नई योजनाओं पर आज काम शुरू हो जाएगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई कष्ट चल आ रहा है तो उसमें सुधार होगा। संतान से शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलने की संभावना बनी रहेगी। वाणी पर संयम रखें, आप अपनी कार्यकुशलता से सर्वत्र विजय, विभूति, सफलता प्राप्त करेंगे।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
यदि आप विद्यार्थी हैं तो आपकी शैक्षणिक दिशा में परिवर्तन होगा। शिक्षा की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी। नए कार्य सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता, गुरु के प्रति निष्ठा, भक्ति भाव प्रतिष्ठा वृद्धि में सहायक होगा। सायंकाल में कोई प्रिय वस्तु के चोरी होने का भय है। सावधान रहें।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आमदनी से ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। सायंकाल से रात्रि तक प्रिय व्यक्तियों के दर्शन से मन प्रफुल्लित रहेगा। रात्रि में मौज-मस्ती में समय व्यतीत होगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
राशि स्वामी देवगुरु बृहस्पति अष्टम भाव में कर्क पर भ्रमण पर हैं। ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। बृहस्पति शासन का प्रतिनिधि है, इसलिए शासन द्वारा आपको सम्मानित किए जाने की प्रबल संभावना है। सायंकाल धार्मिक अनुष्ठानों पर समय व्यतीत होगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपको पूंजी से धन मिलने की संभावना है। आज किसी रचनात्मक कार्य में आपकी रुचि बढ़ सकती है। बिन मांगे किसी को सलाह न दें, उस पर उल्टा ही असर होगा। रात्रि के समय पुण्य कार्य में लगेंगे, जिससे आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। हो सके तो आज किसी को उधार न दें।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आमदनी की बढ़ोतरी के लिए किए गए प्रयास शत-प्रतिशत सफल रहेंगे। श्रेष्ठ मार्गों द्वारा प्राप्त धन से कोष वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान-सम्मान मिलेगा। आपको जीवनसाथी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में गुप्त शत्रु चुगली करेंगे, जिससे सायंकाल के समय परेशानी हो सकती है। आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति वक्री चल रहा है। आज अपने गुरु के प्रति निष्ठा व भक्तिभाव पूर्ण रखें।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष के स्वामी सूर्य शुक्र बने हैं। वर्ष रजत पाद से प्रवेश हुआ है। दिसंबर शेष से जनवरी 2026 तक आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विरोधी पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित होने से हर्ष होगा। फरवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक में व्यापार में ज्यादा धन लगाना लाभप्रद रहेगा। इस दौरान आपका जीवन स्तर भी ऊंचा उठेगा। व्यावसायिक तथा सामाजिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। अप्रैल महीने से लेकर मई के महीने के अंत तक में ननिहाल पक्ष आपकी प्रशंसा करेंगे। पारिवारिक समस्या का समाधान निकल आएगा। जून से जुलाई में पास व निकट की सार्थक तीर्थ यात्रा का योग बन रहा है। अगस्त से सितंबर में अत्यधिक सक्रियता से आपके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अपनी सेहत का ध्यान रखें। अक्टूबर से नवंबर में किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। घर में सुख-शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। विशेष अच्छे परिणाम के लिए पांच पीले फूल व दो केले प्रातः स्नान के उपरांत केले के पेड़ की जड़ में रख दें। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग (बुधवार, 17 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति मार्गशीर्ष 26, शक संवत 1947, पौष, कृष्ण, त्रयोदशी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 3, जमादि उल्आखिर 25, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तदनुसार अंग्रेजी तारीख 17 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य दक्षिणायन, दक्षिण गोल, हेमंत ऋतु। राहुकाल दोपहर 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। त्रयोदशी तिथि अर्धरात्रोत्तर 2 बजकर 33 मिनट तक उपरांत चतुर्दशी तिथि का आरंभ। विशाखा नक्षत्र सायं 5 बजकर 11 मिनट तक उपरांत अनुराधा नक्षत्र का आरंभ। सुकर्मा योग अपराह्न 2 बजकर 16 मिनट तक उपरांत धृतिमान योग का आरंभ। गर करण मध्याह्न 1 बजकर 36 मिनट तक उपरांत विष्टि करण का आरंभ। चंद्रमा दिन के 10 बजकर 26 मिनट तक तुला। आज के व्रत त्योहार - धनु संक्रांति, पुण्यकाल मध्याह्न तक।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 3 | | 1 | 9 |
| 7 | | | | 6 | 2 | | | 3 |
| | 8 | | 9 | 7 | | | | |
| | 6 | | | | | | | 5 |
| | 1 | 9 | | | | 8 | 4 | |
| 2 | | | | | | | 7 | |
| | | | | 2 | 4 | | 3 | |
| 8 | | | 5 | 1 | | | | 4 |
| 1 | 2 | | 3 | 9 | | | | |

### TELEVISION






09:00 बबलू डबलू
10:00 बद्दमुख डुहकर
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30 भ से भडे
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
15:30 प्यार मोहब्बत हैपी लकी
18:30 रुद्र के रक्षक
21:00 चीरा

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: ccl Time: 12-16-2025 00:30 Color:



## NBT AI टाइम मशीन

### आज है विजय दिवस

भारत में हर साल आज के दिन विजय दिवस मनाया जाता है। ये दिन 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की जीत का प्रतीक है। 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तानी सेना के लगभग 93 हजार सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने सरेंडर कर दिया था। भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना ने मिलकर काम किया था। इसके बाद बांग्लादेश एक आजाद देश बना। इससे पहले उसे पूर्वी पाकिस्तान कहा जाता था।


NBT

Front Page-2

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित)। मंगलवार, 16 दिसंबर 2025 > पेज 12

### बढ़ेगी सेना की तकनीकी ताकत

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारतीय सेना तकनीकी रूप से बेहद शक्तिशाली होगी। आने वाले समय में युद्धों में रोबोट, AI का बड़ा इस्तेमाल होगा। AI दुश्मन की चालों को पकड़कर तेज फैसले लेने में मदद करेगा, जिससे जवानों कम जोखिम में रहेंगे। भारत अडवांस ड्रोन जैसे हथियार खुद बना रहा है। पहाड़ी इलाकों में ये हथियार तेजी से काम कर पाएंगे। आने वाले समय में सेना के पास साइबर हमलों के लिए अलग स्पेशल यूनिट भी होगी।



AI Image

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 बिहार बीजेपी का नया अध्यक्ष किसे चुना गया है?
A. संजय सरावगी B. नितिन नवीन C. दिलीप जायसवाल

2 नए VB-G RAM G बिल के तहत ग्रामीण परिवारों को हर साल कितने दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी का प्रस्ताव है?
A. 110 B. 120 C. 125

3 इनमें से कौन चिली के नए राष्ट्रपति चुने गए हैं?
A. गेब्रियल बोरिक B. जोसे एंटोनियो कास्ट C. मिशेल बाचेलेट

4 इनमें से किसको मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है?
A. राज कुमार गोयल B. जोसे एंटोनियो कास्ट C. राहुल गोयल

5 NIA ने पहलगाम हमले पर चार्जशीट दाखिल की है, यह हमला किस तारीख को हुआ था?
A. 21 अप्रैल B. 22 अप्रैल C. 23 अप्रैल

**कल के जवाब**

A1 B. नितिन नबीन A2 C. यहूदी समुदाय A3 B. मैत्री पुष्प A4 A. प्रणय वर्मा A5 A. राजस्थान

**लकी विनर्स**



1. रंजना श्रीवास्तव, दिल्ली
2. दीपक कुमार गुप्ता, दिल्ली
3. सुभाष चावला, गुड़गांव

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# 'यहूदी हैं इसलिए निशाना बनाया गया'

## बॉन्डी बीच पर हुए हमले में बाल-बाल बची महिला ने सुनाई आपबीती

■ एपी, सिडनी



PTI

ऑस्ट्रेलिया में सोमवार को सामूहिक गोलीबारी में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई।

**ऑस्ट्रेलिया के** मशहूर बॉन्डी बीच पर रविवार शाम हनुक्का उत्सव में यहूदी समुदाय के सैकड़ों लोग जुटे थे। तभी पास के पैदल पुल से दो हमलावरों ने भीड़ पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

33 साल की रेबेका अपने 5 साल के बेटे को बचाने के लिए एक टेबल के नीचे लेट गई और बेटे को ऊपर से ढक लिया। उन्होंने बताया, पास ही एक शख्स को गोली लगी, जिसने दम तोड़ने से पहले कहा, 'मैं सांस नहीं ले पा रहा हूं।' रेबेका ने घटना के बाद कहा, हमें सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि हम यहूदी हैं। 7 अक्टूबर 2023 के दिन हमास के इस्राइल पर हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, दुनिया को अब आंखें खोलनी होंगी। पुलिस के मुताबिक, यह हमला यहूदी विरोधी आतंकी हमला था। हमले में कम से कम 15 लोगों की जानें चली गईं।

**हनुक्का उत्सव में हुई फायरिंग में 15 लोगों की जान गई**

**बड़े गन कानून सुधार की तैयारी:** ऑस्ट्रेलिया ने गन कानूनों को और सख्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज की अध्यक्षता में कैबिनेट मीटिंग के बाद एक साझा बयान जारी किया गया। गन कानूनों में तुरंत, ठोस सुधार जरूरी है। 1996 के पोर्ट आर्थर नरसंहार के बाद बने नैशनल फायरआर्म्स एग्रीमेंट की दोबारा समीक्षा की जाएगी।

### गोलियों से बचने के लिए समंदर में कूदे लोग

बॉन्डी बीच पर गोलीबारी के दौरान हर जगह अफरातफरी मची थी। बीच पर पर्यटक और आसपास के होटल में मेहमान, सभी ने डर का मंजर देखा। एलेनॉर ने गोलियों की आवाज सुनी तो बिना कुछ सोचे समुद्र में कूद गई। कई लोग या तो पानी से भागे या वहीं छिपने की कोशिश करने लगे। एक होटल में ठहरे जोएल सार्जेंट और उनकी पार्टनर ब्रेस ने कमरे से देखा कि सैकड़ों लोग सड़कों पर भाग रहे थे। ब्रेस विडियो बनाते हुए कहती सुनी गईं, 'बेबी, मुझे डर लग रहा है।'

### जयशंकर ने हमले पर जताया दुख

■ भाषा, नई दिल्ली : भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से बात की और भारत की तरफ से संवेदना जताई।



जयशंकर ने एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से बात की।

### UN महासचिव ने हमले की निंदा की


संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बयान दिया। महासचिव ने इस जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।



एंटोनियो गुटेरेस

### हमले के पीछे बाप, बेटा और IS कनेक्शन

**बॉन्डी बीच** पर हमले की जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आतंकी हमले के पीछे बाप-बेटे थे। दोनों ने मिलकर हनुक्का उत्सव के दौरान भीड़ पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। अफरातफरी के बाद पुलिस ने एक हमलावर ढेर कर दिया गया। उसकी पहचान साजिद अकरम (50) के रूप में हुई। साजिद का बेटा नवीद अकरम (24) घायल हो गया।



हमलावर नवीद अकरम।

हमले की जांच कर रही टीम ने बताया कि दोनों शूटरों ने हमले को अंजाम देने से पहले अपने परिवार वालों को बताया था कि वे मछली पकड़ने के लिए साउथ कोस्ट जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि नवीद अकरम ऑस्ट्रेलिया में जन्मा नागरिक है। ऑस्ट्रेलिया के गृहमंत्री टोनी बर्क के मुताबिक, साजिद 1998 में स्टूडेंट वीजा पर ऑस्ट्रेलिया आया था, जिसे 2001 में पार्टनर वीजा और बाद में रेजिडेंट रिटर्न वीजा में बदल दिया गया था। यानी साजिद अकरम के पास ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता नहीं थी। पुलिस ने इस घटना को आतंकी हमला बताया है। मीडिया के मुताबिक, हमलावरों की कार के अंदर इस्लामिक स्टेट (IS) के दो झंडे मिले। मौके से मिले फुटेज में एक झंडा गाड़ी के बोनट पर लगा हुआ दिख रहा था।

## अमेरिका से डील को अंतिम रूप देने के बेहद करीब: कॉमर्स सेक्रेटरी

■ भाषा, नई दिल्ली : भारत के कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के 'बेहद करीब' हैं। दोनों देश इस मामले में सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। अमेरिका के नए उप व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर, अग्रवाल के साथ व्यापार वार्ता करने के लिए पिछले हफ्ते यहां पहुंचे थे। स्विट्जर की यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों पर गौर किया और समझौते की बातचीत की प्रगति की समीक्षा की।



अग्रवाल ने कहा, 'हम समझौते की रूपरेखा तैयार करने के बेहद करीब हैं, जिसे हम मानते हैं कि कम समय में पूरा किया जा सकता है। हालांकि मैं इसके लिए कोई समय सीमा नहीं बताना चाहूंगा।' उन्होंने कहा कि अंतिम चरण की वार्ता में आमतौर पर ऐसे दौर की आवश्यकता नहीं होती है। औपचारिक दौर न हो लेकिन समापन के करीब पहुंचने तक भौतिक रूप से एवं ऑनलाइन जरियों से बैठकें होंगी।

### एस. जयशंकर का इस्राइल दौरा आज से

■ भाषा, यरुशलम: विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को इस्राइल पहुंचेंगे, जहां वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जयशंकर अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग व PM बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे और अपने समकक्ष गिदोन सार के साथ बातचीत करेंगे। चर्चा द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर केंद्रित होगी ताकि दोनों देशों की साझेदारी को गहरा किया जा सके।

### भारत-मेक्सिको ट्रेड डील का प्रस्ताव

■ भाषा, नई दिल्ली : मेक्सिको के ऊंचे आयात शुल्क से घरेलू निर्यातकों को राहत दिलाने के लिए भारत ने इस दक्षिण अमेरिकी देश के साथ एक तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) का प्रस्ताव रखा है।

मेक्सिको ने उन देशों से आयात होने वाले उत्पादों पर लगभग पांच प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने का फैसला किया, जिनके साथ उसका मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। यह शुल्क करीब 1,463 श्रेणियों पर लागू होंगे और इनमें भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत ने मेक्सिको के साथ बातचीत शुरू कर दी है।

## दो दिन के दौरे पर जॉर्डन पहुंचे PM

■ भाषा, अम्मान : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर जॉर्डन पहुंचे। इस दौरे का उद्देश्य अरब देश के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का एक विशेष संकेत देते हुए, जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने हवाई अड्डे पर मोदी का गर्मजोशी से रस्मी स्वागत किया गया।

**3 देशों के दौरे का पहला पड़ाव है जॉर्डन**



PTI

जॉर्डन के PM जाफर हसन ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, अम्मान पहुंच गया हूं। गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए जॉर्डन के हाशमी साम्राज्य के प्रधानमंत्री जाफर हसन का शुक्रगुजार हूं। मुझे यकीन है कि यह यात्रा हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देगी। मोदी के तीन देशों के चार दिवसीय दौरे का पहला पड़ाव जॉर्डन है। इसके बाद वह इथियोपिया और ओमान भी जाएंगे। जब मोदी होटल पहुंचे, तो भारतीय समुदाय के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने लोगों से हाथ मिलाया और बातचीत की। स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक भारतीय नृत्य प्रस्तुत किए, जो देश की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते थे। प्रधानमंत्री और शाह के मंगलवार को भारत-जॉर्डन व्यापार कार्यक्रम को संबोधित करने की उम्मीद है, जिसमें दोनों देशों के प्रमुख व्यवसायी शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी की जॉर्डन की यह पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा है।

### हॉलिवुड डायरेक्टर रॉब रेनर और उनकी पत्नी घर में मरे मिले



■ एपी, लॉस एंजिलिस: हॉलिवुड फिल्म निर्देशक एवं अभिनेता रॉब रेनर (78) और उनकी पत्नी मिशेल (68) रविवार को लॉस एंजिलिस स्थित अपने आवास में मृत पाए गए। कानून प्रवर्तन अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि उनपर चाकू से हमले किए गए और परिवार के एक सदस्य से पूछताछ की जा रही है। रेनर हॉलिवुड के सबसे सफल निर्देशकों में से एक हैं और उन्होंने 1980 और 90 के दशक में दर्शकों को कई शानदार फिल्में दीं, जिनमें 'दिस इज स्पाइनल टैप', 'ए फ्यू गुड मेन', 'व्हेन हैरी मेट सैली' और 'द प्रिंसेस ब्राइड' शामिल हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग के कैप्टन माइक ब्लैंड ने बताया कि डकैती और हत्या संबंधी प्रकोष्ठ के जांचकर्ता रेनर के घर पर हुई संभावित हत्या मामले की जांच कर रहे हैं।

**चाकू से किए गए हमले, हत्या का दावा**

## इंडिगो मामले से जुड़ी अर्ज़ी पर SC बोला, दिल्ली हाई कोर्ट जाएं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को इंडिगो संकट से जुड़ी एक जनहित याचिका (PIL) पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसी तरह का मामला पहले से ही दिल्ली हाई कोर्ट में पेंडिंग है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को दिल्ली हाई कोर्ट की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति दी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट से आग्रह किया कि वह याचिकाकर्ता को वहां चल रही कार्यवाही में हस्तक्षेप करने की अनुमति दे।

**सुनवाई से किया इनकार, कहा-HC सक्षम**

सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ को दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित मामले की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि डीजीसीए ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति बना दी है। चीफ जस्टिस ने कहा कि वह हाई कोर्ट जा सकते हैं क्योंकि वहां मामला पेंडिंग है। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि हर दिन कम से कम 300 उड़ानें रद्द हो रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। CJI सूर्यकांत ने कहा कि मैं हाई कोर्ट इन मुद्दों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है।

### समय-समय पर राहत देती है सरकार: मंत्री

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: राज्यसभा में सोमवार को हवाई किराए की कीमतों में त्योहारों और दूसरी स्थितियों की वजह से इजाफे का मामला उठा। केरल से सीपीआई सांसद पी संदोष ने केंद्रीय उड्डयन और विमानन मंत्री राममोहन नायडू से पूछा कि बीते दिनों इंडिगो संकट के दौरान, सरकार ने कीमतों पर कैपिंग के जरिए हवाई सफर की कीमतों को स्थिर किया था। क्या ओणम पर भी यात्रियों को आराम दिया जा सकता है? जवाब में कहा कि अतीत में कुंभ मेले, पहलगाम हमले और कोविड के दौरान भी इस तरह के उपाय सरकार की ओर से किए गए हैं। मंत्रालय बेहद गंभीर है, सरकार ऐसे सारे फैसले लेती है जो यात्रियों के हक में होते हैं।



### चिली के राष्ट्रपति बने जोस एंटोनियो कास्ट

■ आईएएनएस, सैंटियागो: जोस एंटोनियो कास्ट चिली के नए राष्ट्रपति बन गए हैं। दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कास्ट ने राष्ट्रपति पद के दूसरे चरण के चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है।



रन-ऑफ में 99.33 फीसदी वोटों की गिनती हुई। कास्ट को 99.33 में से 58.18 फीसदी वोट मिले। वहीं चिली के सत्ताधारी वामपंथी गठबंधन के उम्मीदवार जीनेट जारा को 41.82 फीसदी वोट मिले।

### मोरक्को में अचानक आई बाढ़ से 37 मौतें

■ एपी, कासाब्लांका: मोरक्को के तटीय शहर साफी में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई है। लगभग 70 घर और व्यवसाय जलमग्न हो गए और 10 वाहन बह गए। स्कूलों ने तीन दिनों के लिए बंद रहने की घोषणा की है।

मोरक्को की राजधानी रबात से 320 किलोमीटर से अधिक दूर अटलांटिक तट पर स्थित साफी शहर देश के महत्वपूर्ण मत्स्य पालन और खनन उद्योगों का एक प्रमुख केंद्र है बारिश के कारण उत्तरी शहर टेटुआन व पहाड़ी शहर टिंगहिर शामिल हैं।

**पहल** आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों ने बनाया AI से लैस ह्यूमनॉइड रोबॉट

## खेल-खेल में ऑटिज्म पीड़ित बच्चों को ट्रेंड करेगा रोबॉट

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर

**आईआईटी कानपुर** के प्रोफेसरों और रिसर्चरों की एक टीम ऑटिज्म पीड़ित बच्चों को सामाजिक रूप से संवाद करने के काबिल बनाने के लिए एक ह्यूमनॉइड रोबॉट का इस्तेमाल कर रहे हैं। एआई के जरिए रोबॉट को इंसानी हाव-भाव की ट्रेनिंग दी गई। शुरुआती प्रयोगों में रोबॉट ऑटिस्टिक बच्चों की संवाद करने की क्षमता को बेहतर बनाता दिखा। पिछले करीब 4 वर्षों से इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा था।

ऑटिज्म पर 17 साल से काम कर रहे आईआईटी कानपुर के उप निदेशक प्रोफेसर बृजभूषण ने बताया कि ऑटिज्म पीड़ित बच्चे सामाजिक तौर पर संवाद से कतराते हैं। वे एनिमेटेड चीजों के प्रति ज्यादा आकर्षित होते हैं। उनकी इस स्थिति को समझते हुए ह्यूमनॉइड रोबॉट का इस्तेमाल शुरू किया गया। रोबॉट को ट्रेंड करने के लिए सबसे पहले सामान्य छोटे बच्चों की गतिविधियों और हाव-भाव को रेकॉर्ड किया गया। फिर दूसरे बच्चों के दूसरे सेट में बच्चों को ये विडियो दिखाए गए। ज्यादातर बच्चों ने जिन भावनाओं को पहचाना, उन्हें रोबॉट में प्रोग्राम किया गया। फिर बच्चों को रोबॉट के भाव दिखाए गए, जिन्हें उन्होंने पहचाना। रिसर्च स्कॉलर वर्तिका के जरिए 30 ऑटिस्टिक बच्चों को रोबॉट के जरिए ट्रेनिंग दी गई। विशेष बच्चों की अयोग्यता को ही योग्यता में बदल दिया गया।



■ प्रोफेसर विशाख भट्टाचार्य ने बताया कि रोबॉट को 25 डिग्री ऑफ फ्रीडम है। यानी वह खुद को 25 तरह से आगे-पीछे, ऊपर-नीचे घुमा सकता है। इंसान के पास 32-40 डिग्री ऑफ फ्रीडम है।

■ रोबॉट बच्चों के साथ तीन गेम खेलेगा। पहला गेम इंसानी भाव-भंगिमाओं की नकल, दूसरे में बच्चे का नाम बुलाना और तीसरे में रंग, आकार की पहचान शामिल है।

### एआई का इस्तेमाल

बच्चे जब किसी चीज में रुचि लेते हैं, तो उनके चेहरे के भाव में छोटे-छोटे बदलाव आते हैं। डीप लर्निंग में कॉन्वल्यूशनल न्यूरल नेटवर्क एल्गोरिदम को समय के हिसाब से बदलने वाले मूड की ट्रेनिंग दे रहा है और ग्राफिकल न्यूरल नेटवर्क से चेहरे के भाव से एल्गोरिदम की ट्रेनिंग हो रही है। जब रोबॉट बच्चों का मूड समझेगी तो तालमेल बेहतर होगा। ऑटिस्टिक बच्चे रोबॉट के प्रति अच्छी प्रतिक्रिया देते हैं। हम भावनाओं का विश्लेषण करेंगे।

MARUTI SUZUKI

NEXA

UNMISSABLE. UNMATCHED.

Grand year-end offers on the GRAND VITARA.

NOW AT ₹ 9 999

₹ 8 999 PER MONTH

EFFECTIVE PRICE OF ₹ 9.27 LAKH*



GRAND VITARA

R17 MACHINED ALLOY WHEELS

8-WAY DRIVER POWERED SEAT

6 AIRBAGS AS STANDARD

5 YEAR WARRANTY

3 YEARS + 2 YEARS COMPLIMENTARY

NEXA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at 1800-200-6392 1800-102-6392

LUCKNOW: NEXA SITAPUR ROAD (ONE-UP MOTORS INDIA PVT. LTD. PH: 8429999621), NEXA MAHANAGAR (MEGA MOTORS (A UNIT OF AKM MOTORS PVT LTD) PH: 8804900900, 6388905252), NEXA RING ROAD (KULDEEP MOTORS LUCKNOW PVT. LTD. PH: 9536022222), NEXA HAZRATGANJ (ANAND MOTOR AGENCIES LTD. PH: 7510003884), NEXA GOMTI NAGAR (KTL AUTOMOBILE PH: 7290019948), NEXA ALAM BAGH (BRIGHT 4 WHEELS PH: 7081111888), BARABANKI: NEXA SAFEDABAD (BRIGHT 4 WHEEL SALES PVT. LTD. PH: 7571905940), AYODHYA: NEXA AYODHYA CENTRAL (SMART WHEELS PVT. LTD. PH: 8400888300, 8400888301), GONDA: NEXA LUCKNOW ROAD (SMART WHEELS PVT. LTD. PH: 7705803252), AKBARPUR - AMBEDKAR NAGAR: NEXA AYODHYA ROAD (SMART WHEELS PVT. LTD. PH: 84008 88314) RAEBARELI: NEXA HARCHANDPUR (KTL AUTOMOBILE PH: 7905412214).

T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Images used are for illustration purposes only. For details on safety features (including airbags), refer owner's manual. NEXA dealers exclusively provide all offers, which vary by model and variant. Offers are subject to availability of stock. *Ex. showroom Price of ₹ 10.77 lakh, Consumer Offer (-) ₹ 70 000, Upgrade Offer (-) ₹ 35 000, Exchange Offer (-) ₹ 30 000, ISL Offer (-) ₹ 15 000 = ₹ 9.27 lakh. The actual effective price mentioned may vary based on the customer's eligibility, profile, and applicable offers at the time of purchase. Offer valid on Grand Vitara Sigma Variant. Maruti Suzuki may withdraw offers without notice. Offer valid till limited period. Features and accessories shown can vary by variant. EMI @ Rs 8 999 is a scheme illustration for upgrade from Brezza to Grand Vitara sigma variant. Balloon Finance EMI is calculated @ 9.5% rate of interest; Balloon EMI is 30% of the total loan amount and loan tenure of 5 years. Balloon Finance Scheme provided by select financiers. **Finance is at the sole discretion of financier and subject to customer profile. ^This extended warranty is applicable for Delta+, Zeta, Zeta+, Alpha & Alpha+ variants except CNG variants of Grand Vitara.

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG2 User: kranti.mishra Time: 12-16-2025 00:26 Color:



## रैन बसेरों के गेट पर लिखना होगा केयर टेकर का नाम, मोबाइल नंबर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : ठंड और शीतलहर के मद्देनजर नगर विकास विभाग ने अभी से कमर कस ली है। स्थानीय निकाय निदेशालय की तरफ से इसे लेकर सभी नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों को पत्र भेजा गया है। इसमें सभी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, मजदूरों के काम करने वाली जगह और बाजारों के अलावा बेसहारा व निराश्रित लोगों की मौजूदगी वाली जगहों में बसेरे बनाए जाने का निर्देश दिया है।

निदेशक अनुज झा की तरफ से जारी पत्र में हर रैन बसेरे के लिए एक केयर टेकर तैनात करने और उसके गेट पर पर केयर टेकर का नाम, उसका पद नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करने को कहा गया है। इसके साथ ही हर रैन बसेरे के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया जाएगा। इस नोडल अधिकारी के पास ही रैन बसेरों के संचालन और वहां के लिए जरूरी सुविधाओं के इंतजाम करने का जिम्मा होगा। प्रमुख चौराहे, अस्पताल, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और रैन बसेरों के पास अलाव भी जलाया जाएगा।

## खीरी का शारदा बैराज बनेगा टूरिस्ट स्पॉट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डिवेलपमेंट बोर्ड लखीमपुर खीरी स्थित शारदा बैराज को टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित करेगा। इसके लिए एजेंसी का चयन कर लिया गया है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि एजेंसी को भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी। यह वहां आवास एवं वेलनेस सेंटर विकसित करेगी। सुविधाओं की योजना, डिजाइनिंग, निर्माण, वित्त पोषण और संचालन से संबंधित सभी कार्यों की जिम्मेदारी संभालेगी। परियोजना को ऑपरेशन ऐंड मेंटिनेंस (ओऐंडएम) के तहत आगे बढ़ाया जाएगा। मंत्री ने बताया कि परियोजना के लिए प्रारंभिक अवधि 15 वर्ष तय की गई है, जिसमें 15 वर्ष के अतिरिक्त विस्तार का विकल्प उपलब्ध रहेगा।

## 943 हेड कॉन्स्टेबल बने एसआई

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश पुलिस के 943 हेड कॉन्स्टेबल को एसआई के पद पर प्रमोट किया गया है। विभागीय चयन समिति की स्वीकृति के बाद डीजीपी राजीव कृष्ण ने आदेश जारी किए। पदोन्नत उप निरीक्षकों को वर्तमान तैनाती स्थल पर दो वर्षों तक परिवीक्षाधीन रखा जाएगा।

## निजीकरण के खिलाफ आंदोलन करेंगे बिजली इंजिनियर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बिजली कर्मचारी, इंजिनियर, संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियन निजीकरण और विद्युत संशोधन बिल के खिलाफ पूरे देश में आंदोलन करेंगे। इसके अलावा परमाणु ऊर्जा संशोधन बिल का भी विरोध करेंगे। ये निर्णय नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लाइज ऐंड इंजिनियर्स, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा की संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया।

ऑल इंडिया पावर इंजिनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने बताया कि चर्चा का मुख्य फोकस बिजली के निजीकरण, प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग तथा ड्राफ्ट विद्युत (संशोधन) बिल, 2025 पर केंद्रित रहा। इसके अलावा 18 मार्च को दिल्ली में विशाल रैली किए जाने का भी निर्णय हुआ। शैलेंद्र दुबे ने कहा कि इन सभी कार्रवाइयों के बावजूद यदि केंद्र व राज्य सरकारें उत्तर प्रदेश में निजीकरण के प्रयासों को वापस नहीं लेतीं और ड्राफ्ट विद्युत (संशोधन) बिल, 2025 को वापस नहीं लेतीं, तो राष्ट्रव्यापी सेक्टरल हड़ताल करने के लिए मजबूर होंगे।

## 9 जिलों में 3,200 करोड़ के 16 प्रॉजेक्ट्स को मिली मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश के 9 जिलों में 16 आवासीय और कमर्शल प्रॉजेक्ट्स को मंजूरी मिली है। यूपी रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने सोमवार को हुई 190वीं प्राधिकरण बैठक में आगरा, गाजियाबाद, अलीगढ़, झांसी, मथुरा, मुरादाबाद, लखनऊ, प्रयागराज और बरेली में करीब 3200 करोड़ रुपये के इन प्रॉजेक्ट्स को हरी झंडी दी। यूपी रेरा चेयरमैन संजय भूसरेड्डी के मुताबिक सबसे ज्यादा 6 प्रॉजेक्ट लखनऊ के हैं। यहां के दो आवासीय, दो मिश्रित और दो कमर्शल प्रॉजेक्ट्स में करीब 2,154 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इनमें 1,406 यूनिट्स विकसित होंगी। वहीं, आगरा के दो प्रॉजेक्ट्स में एक आवासीय और दूसरी मिक्स लैंड यूज वाले प्रॉजेक्ट है। वहीं, गाजियाबाद में दो, बरेली में एक, प्रयागराज में एक, अलीगढ़ में एक, झांसी में एक, मथुरा में एक और मुरादाबाद में एक आवासीय प्रॉजेक्ट पास हुए हैं।

# लखनऊ में AI सिटी, गोरखपुर में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाएगा टाटा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित AI सिटी के विकास में टाटा समूह व्यापक भागीदारी करेगा। इसके अलावा गोरखपुर में भी सेंटर ऑफ एक्सिलेंस स्थापित किया जाएगा। इसके जरिए पूर्वांचल के युवाओं को एआई, साइबर सिक्यॉरिटी, डेटा साइंस, ड्रोन और स्पेस टेक्नॉलजी जैसी अत्याधुनिक विधाओं में प्रशिक्षित किया जाएगा। सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने मुलाकात की। इस दौरान एआई, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा विनिर्माण, ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, ईवी, पर्यटन, कौशल विकास और डिजिटल अर्थव्यवस्था सहित विभिन्न क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग को लेकर सहमति बनी। सीएम ने कहा कि यूपी में निवेश का बेहतर परिवेश तैयार है।

बैठक के दौरान टाटा संस के चेयरमैन ने राजधानी लखनऊ में 'एआई सिटी' विकसित करने का प्रस्ताव पेश किया। यह परियोजना यूपी को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में वैश्विक हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके साथ ही गोरखपुर में 48 करोड़ रुपये से तैयार हो रहे 'सेंटर ऑफ एक्सिलेंस' की स्थापना कार्य की प्रगति पर भी चर्चा हुई, जिससे विशेष रूप से पूर्वांचल के युवाओं को उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण और अवसर प्राप्त होंगे। टाटा समूह ने जानकारी दी कि आईआईटी कानपुर के साथ किए गए एमओयू के माध्यम से एआई, साइबर सिक्यॉरिटी, डेटा साइंस, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन और स्पेस टेक्नॉलजी जैसे क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह पहल प्रदेश में स्किल डेवलपमेंट और इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स तैयार करने में सहायक होगी। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) की लखनऊ और नोएडा यूनिट में वर्क फोर्स को 16,000 से बढ़ाकर 30,000 किया जाएगा। यह कदम यूपी के डिजिटल टैलंट पूल को मजबूत करेगा, साथ ही राज्य के युवाओं के लिए आईटी क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

बैठक में टाटा संस के मुखिया की ओर से प्रदेश में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।

**ईवी, इलेक्ट्रॉनिक्स में भी बढ़ाएंगे भागीदारी :** इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में यूपी की तेजी से विकसित होती क्षमता को देखते हुए टाटा समूह ने मोबाइल उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और अन्य हाई-टेक उत्पादों के निर्माण में निवेश बढ़ाने की इच्छा जताई। इस संदर्भ में टाटा समूह द्वारा इंटेल के साथ किए गए एमओयू का उल्लेख करते हुए प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक बसों, ईवी और अन्य वाहनों के नए मॉडलों के निर्माण में भी सहयोग और निवेश विस्तार पर सहमति बनी। टाटा समूह ने झांसी सहित प्रदेश के विभिन्न रक्षा औद्योगिक नोड्स में ड्रोन, मिसाइल और रक्षा वाहनों के निर्माण के लिए निवेश बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। झांसी में बीडा के अंतर्गत परियोजना विस्तार की जानकारी साझा करते हुए टाटा समूह ने मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप प्रदेश की रक्षा प्राथमिकताओं में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। सीएम ने कहा कि सरकार निवेशकों को स्थिर नीति, पारदर्शी व्यवस्था और अनुकूल कारोबारी वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। टाटा समूह के साथ यह बहुआयामी सहयोग राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और तकनीकी आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ मुलाकात में टाटा संस के चेयरमैन ने दी जानकारी, टीसीएस वर्कफोर्स दोगुना करेगी



### ढाई गुना बढ़ाएंगे लग्जरी रूम

यूपी में पर्यटकों की संख्या में आए उछाल के चलते एकमोडेशन की बढ़ती मांग को देखते हुए हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में भी टाटा समूह विस्तार करेगा। मौजूदा होटल्स की क्षमता के विस्तार के साथ ही 30 नई यूनिट भी टाटा समूह स्थापित करेगा। इससे इसके लग्जरी रूम की संख्या 2 हजार से ढाई गुना बढ़कर 5 हजार तक पहुंच जाएगी। इन होटल्स का निर्माण राज्य के प्रमुख और उभरते पर्यटन केंद्रों लखनऊ, प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, वृंदावन, आगरा, कानपुर, बिजनौर और गोरखपुर में किया जाएगा। नोएडा में टाटा समूह लैंडमार्क होटल विकसित कर रहा है। चंद्रशेखरन ने सीएम को बताया कि अयोध्या में प्रस्तावित मंदिर म्यूजियम का का काम भी जनवरी, 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही मथुरा-वृंदावन में मानसी गंगा कुंड, श्याम कुंड, राधा कुंड, अष्टसखी कुंड, नारी सेमरी कुंड, गरुड़ गोविंद कुंड और कृष्ण कुंड समेत 8 कुंडों का जीर्णोद्धार भी कंपनी करवाएगी। प्रदेश में प्रमुख गंगा घाटों की सफाई भी कार्ययोजना का हिस्सा है।

# पोल 300 मीटर दूर तो भी नहीं बनवाना होगा एस्टीमेट

## 150 किलोवॉट तक का कनेक्शन लेने वालों को मिलेगा लाभ


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

नई कॉलोनियों में मकान और प्लॉट लेने वाले बिजली उपभोक्ताओं को जल्द बड़ी राहत मिल सकती है। लोगों को आसानी से बिजली कनेक्शन मिल सके, इसके लिए 300 मीटर के दायरे में बिजली का नया कनेक्शन लेने के लिए अब एस्टीमेट व्यवस्था खत्म होगी। नियामक आयोग द्वारा कॉस्ट डेटा बुक को लेकर 18 दिसंबर को होने वाली बैठक में इस पर फैसला ले सकता है। उपभोक्ताओं को राहत देते हुए अब एस्टीमेट के बजाय एकमुश्त तय भुगतान के लिए तीन स्लैब बनाए जाएंगे। इसका लाभ 150 किलोवॉट तक का कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को मिलेगा।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद नए कनेक्शन में इंस्पेक्टर राज और भ्रष्टाचार समाप्त होगा। अब तक कनेक्शन देने वक्त एस्टीमेट बनाने में ही सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार होता था।

**अभी यह है व्यवस्था :** मौजूदा व्यवस्था के मुताबिक नया कनेक्शन लेने वाले आवेदक के भवन की दूरी अगर पोल से 40 मीटर से ज्यादा है तो उसे एक एस्टीमेट के साथ बिजली कनेक्शन दिया जाता था। इसमें मीटर व पोल का खर्च आदि शामिल होता था। अगर उस नए कनेक्शन के लिए नया ट्रांसफॉर्मर रखवाने की आवश्यकता होती थी तो ट्रांसफॉर्मर का भुगतान भी आवेदक को करना होता था।

**अब होगी यह व्यवस्था :** अब नई व्यवस्था में उपभोक्ता को 300 मीटर के दायरे में नया कनेक्शन लेने के लिए केवल स्लैब के मुताबिक तय रकम देनी होगी। 300 मीटर तक कनेक्शन की दरों को दो स्लैब में बांटा गया है। 0-100 मीटर और 101-300 मीटर। उदाहरण के तौर पर, 2 किलोवॉट के घरेलू कनेक्शन लेने के लिए कोई व्यक्ति आवेदन करता है और उसका भवन पिछले पोल से 100 मीटर की दूरी पर है तो प्रस्ताव के मुताबिक केवल 5,500 रुपये जमा करने होंगे। इसमें स्मार्ट मीटर का दाम शामिल होगा। 300 मीटर के लिए 7,555 रुपये लिए जाने का प्रस्ताव है। पहले 100 मीटर तक दो से तीन खंभों का एस्टीमेट तैयार किया जाता था और 300 मीटर की दूरी पर सात से आठ खंभों का एस्टीमेट तैयार होता था। प्रति खंभे पर आठ से नौ हजार रुपये का खर्च आवेदक को देना होता था। बदली व्यवस्था में तय रकम देने के बाद उपभोक्ता को केवल केबल का खर्च देना होगा, बाकी की सारी जिम्मेदारी बिजली कंपनी की होगी। बीपीएल उपभोक्ता को मीटर मूल्य किस्तों में चुकता करने की भी सुविधा होगी।



### 300 मीटर से ज्यादा दूरी तो बनेगा एस्टीमेट

इस व्यवस्था के लागू होने के बाद 300 मीटर से अधिक दूरी वाले भवनों को कनेक्शन लेने के लिए एस्टीमेट बनवाना होगा। 300 मीटर से ज्यादा दूरी वाले कनेक्शन के लिए पहले से तय व्यवस्था के मुताबिक एस्टीमेट तैयार किया जाएगा।

### क्यों पड़ी बदलाव की जरूरत?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

प्रदेश में 300 मीटर की दूरी तक उपभोक्ताओं को बिना एस्टीमेट बिजली कनेक्शन दिए जाने का सबसे अधिक लाभ शहर के बाहरी इलाकों में रहने वाले लोगों को मिलेगा। मौजूदा नियमों से नए कनेक्शन लेने पर कई बार शिकायतें आती थीं कि इंजिनियर ने बढ़ा-चढ़ाकर एस्टीमेट बना दिया। वहीं, एक व्यक्ति एस्टीमेट के आधार पर भुगतान कर कनेक्शन लेता था और दूसरे को बिना एस्टीमेट के कनेक्शन मिल जाता था। ऐसे में पहला उपभोक्ता खुद को ठगा महसूस करता हो। नियम में बदलाव से ये दिक्कत दूर हो जाएगी।

## 3,000 रुपये तक कम हो सकती है स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कीमत

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिल सकती है। राज्य विद्युत नियामक आयोग नई कॉस्ट डेटा बुक लाने की तैयारी कर रहा है। इसमें स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कीमत 3,000 रुपये प्रति मीटर तक हो सकती है। फिलहाल पावर कॉरपोरेशन उपभोक्ताओं से स्मार्ट प्रीपेड मीटर के एवज में 6,016 रुपये वसूल रहा है। नियामक आयोग इन प्रस्तावित दरों पर सुनवाई करके जल्द ही दरों को अंतिम रूप देगा। इस मुद्दे पर आयोग ने 18 दिसंबर को बैठक बुलाई है।

नई कॉस्ट डेटा बुक लाने की तैयारी में नियामक आयोग, मुद्दे को लेकर 18 को बुलाई गई है बैठक



**अब पावर कॉरपोरेशन को रोक देनी चाहिए मनमानी वसूली :** नियामक आयोग ने 13 नवंबर के आदेश में साफ कर दिया था कि आरडीएसएस के मीटरों से नए कनेक्शन नहीं दिए जा सकते। एक महीना बीत चुका है, बावजूद इसके नए कनेक्शन आरडीएसएस के मीटर से ही दिए जा रहे हैं। वहीं, मीटर के दाम पर भी सवाल थे। उपभोक्ता परिषद ने मीटर कंपनियों के खरीद बिल सार्वजनिक करते हुए इनके दाम 2630-2830 रुपये बताया था। इसकी प्रति नियामक आयोग को भी भेजी थी।

**प्रस्तावित दरें**
सिंगल फेज स्मार्ट प्रीपेड मीटर : 2800 रुपये
थ्री फेज स्मार्ट प्रीपेड मीटर : 4100 रुपये

**वर्तमान कीमतें**
सिंगल फेज मीटर : ₹6016
थ्री फेज मीटर : ₹11,341

**दूसरे राज्यों में भी कम है स्मार्ट प्रीपेड मीटर के दाम :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की कीमत कम किए जाने की मांग इसलिए भी कर रहा है, क्योंकि परिषद का कहना है कि दूसरे राज्यों में यूपी के मुकाबले स्मार्ट प्रीपेड मीटर के दाम कम हैं। परिषद ने यूपी में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर की खरीद को घोटाला बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने 18,845 करोड़ रुपये की योजना अनुमोदित की थी। जबकि पावर कॉरपोरेशन ने 27,342 करोड़ रुपये का टेंडर किया है। यह कुल लागत से करीब 8500 करोड़ रुपये अधिक है।

## अनुपूरक बजट के लिए वित्त विभाग ने शुरू की तैयारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : वित्त विभाग ने 22 दिसंबर को पेश होने वाले अनुपूरक बजट का अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सोमवार को अनुपूरक बजट के लिए प्रस्ताव देने का आखिरी दिन था। सोमवार को वित्त विभाग के आला अधिकारियों ने अलग-अलग विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

राज्य सरकार योजनाओं को रफ्तार देने के लिए शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट लाने की तैयारी कर रही है। इस बाबत वित्त विभाग ने सभी विभागों से प्रस्ताव मांगे थे। सूत्रों के अब इन प्रस्तावों को उच्च स्तरीय चर्चा के बाद बजट में शामिल किया जाएगा।

**25,000 करोड़ रुपये का हो सकता है अनुपूरक बजट :** शीतकालीन सत्र में पेश किया जाने वाला अनुपूरक बजट का आकार 25,000 करोड़ रुपये तक हो सकता है। इस बजट के जरिए राज्य सरकार नए लिंक एक्सप्रेस-वे, डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों के लिए बजट का आवंटन किया जा सकता है। वहीं, राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही अटल भूजल योजना के लिए बजट का आवंटन हो सकता है। राज्य सरकार ने पिछले वित्तवर्ष में दिसंबर में पेश अनुपूरक बजट में 17,865 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई थी।

## किसानों की अपेक्षाओं का ध्यान रखें अफसर : योगी



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सुबह अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि अफसर किसानों की अपेक्षाओं और सुविधाओं का ध्यान रखें।

सीएम ने 'जनता दर्शन' में दिए निर्देश

जनता दर्शन में शाहजहांपुर से आए किसान ने सीएम से धान खरीद केंद्र की लापरवाही की शिकायत की। सीएम ने शाहजहांपुर के डीएम को क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी केंद्र पर धान ले जाने वाले किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। सरकार अन्नदाता किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो, शासन-प्रशासन के अधिकारी इसका ध्यान रखें। प्रयागराज से भी कुछ फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। इस पर वहां के जिला और पुलिस प्रशासन को समस्याओं के निस्तारण को निर्देशित किया गया। सीएम ने कहा कि सरकार पहले दिन से ही लोगों की सेवा, सुरक्षा व सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।

### सीएम आज मंत्रियों संग करेंगे समीक्षा बैठक

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ मंगलवार को सभी कैबिनेट और स्वतंत्र प्रभार मंत्रियों के साथ उनके विभागों के कामकाज, योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। दो चरणों में होने वाली यह मीटिंग एनेक्सी स्थित सीएम कमांड सेंटर में होगी, जिसमें सीएम डैशबोर्ड के आधार पर प्रगति का आकलन किया जाएगा।

## सार्वजनिक यातायात में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाएगी सरकार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए राज्य सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाएगी। विकसित उत्तर प्रदेश@2047 अभियान के तहत प्रदेश सरकार ने योजना बनाई है कि सार्वजनिक यातायात के वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य तक प्रदेश सरकार ने पूरे प्रदेश के सार्वजनिक यातायात को इलेक्ट्रिक मोड में ले जाने की योजना का लक्ष्य रखा है। सबसे पहले इलेक्ट्रिक वाहनों को नगर निगमों में बदला जाएगा।

**अभी 800 इलेक्ट्रिक बसों का किया जा रहा है संचालन :** यातायात की वजह से बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार अब इस बेड़े में डीजल वाहनों की संख्या में कमी करना चाहती है। फिलहाल ज्यादातर सार्वजनिक वाहन डीजल से चलते हैं। जानकारों के मुताबिक प्रदेश सरकार केंद्र के सहयोग से इलेक्ट्रिक वाहनों का बेड़ा बढ़ाएगी। अभी प्रदेश में तकरीबन 800 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जा रही हैं। शहरी निकायों में इसकी शुरुआत हो चुकी है। यूपी इलेक्ट्रिक बसों के लिए फास्टर एडॉप्शन ऐंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक वीइकल्स इन इंडिया (फेम) और पीएम ई-बस आदि योजनाओं के तहत मांग प्रस्ताव तैयार करके केंद्र को भेजेगा। सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2030 तक यूपी में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 8 हजार तक पहुंचाने की रखी गई है। इसमें पीएम ई-बस सेवा से 2700 बसें हो सकती हैं।

यूपी सरकार न केवल सड़क परिवहन बल्कि मेट्रो सेवाओं में भी इजाफा करेगी। इससे लोगों को यातायात में आसानी और सुविधा तो होगी ही, प्रदूषण भी कम होगा। सार्वजनिक वाहनों के अलावा निजी वाहनों में भी इलेक्ट्रिक को बढ़ावा दिए जाने की योजना है। सरकार फिलहाल इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी दे रही है। दो पहिया वाहनों के लिए पांच हजार रुपये जबकि चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है। बसों आदि के लिए तकरीबन 20 लाख रुपये तक की सब्सिडी दिए जाने की योजना है।

2030 तक 8,000 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की है तैयारी



# फिर नहीं आया शुभम, ईडी ने आज मनोहर जायसवाल को बुलाया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अपनी कंपनियों के माध्यम से कोडीन युक्त कफ सिरप का अवैध भंडारण, मार्केटिंग और वितरण करने वाले मेसर्स आर्पिक फार्मास्युटिकल्स प्रा.लि. के निदेशक मनोहर राम प्रसाद जायसवाल को ईडी ने मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया है।

सोमवार को न तो शुभम जायसवाल पेश हुआ और न ही उसके वकील ने ईडी के अधिकारियों से कोई संपर्क किया। पेश न होने की कोई वजह न मिलने के चलते अब ईडी ने शुभम के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, मनोहर जायसवाल भी मंगलवार को ईडी के सामने पेश होते हैं या नहीं यह देखने वाला होगा। 12 और 13 दिसंबर को ईडी ने मनोहर राम प्रसाद जायसवाल, उनकी पत्नी अर्चना मनोहर जायसवाल और बेटी आकांक्षा गुप्ता के लखनऊ व अहमदाबाद स्थित ठिकानों पर छापा मारा था। ईडी को उनके यहां से बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े के दस्तावेज और दो संदिग्ध मोबाइल फोन मिले थे। दस्तावेज व फोन से मिले साक्ष्यों के आधार पर ईडी ने मनोहर जायसवाल को मंगलवार को तलब किया है।

■ ईडी बरामद हुए दस्तावेज खंगाल रही
■ बर्खास्त सिपाही आलोक व टाटा को जल्द लेगी रिमांड पर



शुभम जायसवाल

### शुभम और विकास सिंह नरवे के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कफ सिरप तस्करी मामले में लखनऊ जिला कोर्ट ने फरार आरोपितों शुभम जायसवाल और विकास सिंह नर्वे के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया है। फरवरी 2024 में सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज मामले की जांच में एसटीएफ ने खुलासा किया कि फर्जी फर्मों के जरिए कफ सिरप की तस्करी की जा रही थी। जांच में दोनों आरोपितों की अहम भूमिका सामने आई है। शुभम जायसवाल वाराणसी का निवासी है, जबकि विकास सिंह नर्वे आजमगढ़ का रहने वाला है। एसटीएफ ने पुष्टि की है कि यह गिरोह बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार में शामिल था।



एफएसडीए ने जब 11 और 12 अक्टूबर 2025 को आर्पिक फार्मास्युटिकल्स व इधिका लाइफ साइंसेज के ठिकानों पर छापेमारी और जांच पड़ताल की थी तो उस दिन मौके पर कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी का हवाला देकर फर्म ने क्रय-विक्रय के अभिलेख नहीं दिए थे। बाद में जब दस्तावेज मिले, तो खुलासा हुआ कि फर्मों के द्वारा फर्जी लाइसेंस नंबरों का इस्तेमाल कर बिल बनाए गए। कई मेडिकल स्टोरों के नाम पर आपूर्ति दिखाई गई, जबकि वे स्टोर बंद थे या लेन-देन से इनकार कर रहे थे। निर्माता फर्म और मार्केटिंग कंपनी के बीच मिलीभगत से बिलिंग एड्रेस लखनऊ की Idhika Lifesciences (इसमें मनोहर राम प्रसाद जायसवाल की बेटी आकांक्षा गुप्ता पार्टनर हैं) को दिखाया गया, जबकि अनुबंध में यह पता नहीं था। एफएसडीए ने इस मामले में आठ नवंबर 2025 को सरोजनीनगर थाने में आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। इनके सिरप में कमर्शल शुगर मिलाए जाने के भी साक्ष्य मिले थे।

### एसआईटी ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर दिए निर्देश

शासन द्वारा मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने सोमवार को भी विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी विवेचकों से बात की। उन्हें जांच से जुड़े जरूरी निर्देश दिए। साथ ही जांच में अभी तक हुई प्रगति, कार्रवाई का ब्योरा भी जाना। वहीं, एसटीएफ अब इस मामले में लखनऊ से गिरफ्तार अभिषेक शर्मा को कस्टडी रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। वाराणसी पुलिस ने मुख्य आरोपित शुभम जायसवाल के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## 13 साल से एजेंसियों को चकमा दे रहा टॉप नक्सली गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : 13 साल से कई राज्यों की पुलिस और एजेंसियों को चकमा दे रहे प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन CPI (माओवादी) के प्रमुख सदस्य और 50,000 रुपये के इनामी नक्सली सीताराम उर्फ विनय जी उर्फ ओमप्रकाश को वाराणसी के काशी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। सीताराम पिछले 13 वर्षों से लगातार भेष बदलकर अलग-अलग राज्यों में छिपकर रह रहा था। गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ जारी है। जल्द ही एनआईए सीताराम को कस्टडी में लेकर पूछताछ करेगी, क्योंकि सीताराम की जिस मामले में गिरफ्तारी हुई है उसकी जांच अब एनआईए कर रही है।

यूपी एटीएस ने 50 हजार के इनामी सीताराम को वाराणसी से किया अरेस्ट

सीताराम मूलरूप से बलिया के मनियर के मुलियारी का रहने वाला है। सीताराम वर्ष 1986 में ही घर छोड़कर माले से जुड़ गया। वर्ष 1990 में उसे CPI (माओवादी) की सेंट्रल कमिटी का जोनल सेक्रेटरी बनाया गया। वर्ष 2004 में MCC और PWG के विलय के बाद CPI (माओवादी) पार्टी की गठन बैठक में शामिल हुआ। सीताराम ने यूपी से बिहार तक कई वारदात को अंजाम दिया। वर्ष 2012 में बलिया के ग्राम प्रधान की पत्नी फूलमती की हत्या में मुख्य भूमिका थी।

## धार्मिक और पौराणिक शहरों की संवरेगी सूरत, बढ़ेंगी सुविधाएं

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी के धार्मिक, सांस्कृतिक और पौराणिक महत्व वाले शहरों की सूरत संवारने के साथ ही यहां नागरिक सुविधाएं बढ़ाने की कवायद शुरू हो गई है। नगर निकाय निदेशालय की तरफ से ऐसे शहरों की पहचान करते हुए यहां सड़क, बिजली, पानी, नाली और स्ट्रीट लाइट समेत कई सुविधाओं के लिए 54 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। इससे प्रदेश के 35 नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में काम होगा।

नगर निकाय निदेशालय के निदेशक अनुज झा की तरफ से जारी पत्र के मुताबिक वंदन योजना के तहत यह बजट जारी किया गया है। इससे अवस्थापना समेत बाकी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। पत्र के मुताबिक बांदा, शामली, हरदोई, मथुरा, रायबरेली, मेरठ, जौनपुर, भदोही, बस्ती, मऊ, महाराजगंज, गाजियाबाद, संभल, मैनपुरी, सोनभद्र, अयोध्या, मुरादाबाद, फर्रुखाबाद, सिद्धार्थनगर, लखनऊ, सीतापुर, सुलतानपुर, महोबा, अंबेडकर नगर, बरेली, अलीगढ़, शाहजहांपुर, रामपुर, उन्नाव, देवरिया, प्रतापगढ़, बदायूं, हमीरपुर, कौशांबी और कानपुर देहात को 90 लाख से लेकर 3 करोड़ रुपये तक दिए गए हैं। बजट से इन शहरों में धार्मिक महत्व वाली जगहों के आसपास सुंदरीकरण के साथ ही नागरिक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य करवाए जाएंगे।


# और हाईटेक होगा बम डिस्पोजल स्क्वॉड

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

यूपी पुलिस के बम डिस्पोजल स्क्वॉड का एक्सप्लोसिव डिटेक्शन सिस्टम और हाईटेक होगा। इसके लिए अत्याधुनिक तकनीक से लैस 10 लिक्विड एक्सप्लोसिव डिटेक्टर और 10 मल्टी-फंक्शनल इलेक्ट्रॉनिक डिटेक्शन सिस्टम (MFEDS) खरीदे जाएंगे। जिन पर करीब 9.89 करोड़ रुपये खर्च होंगे। शासन ने इन उपकरणों को खरीदने की मंजूरी दे दी है।

9.89 करोड़ से खरीदे जाएंगे हाईटेक उपकरण

प्रदेश में वीवीआईपी कार्यक्रमों, धार्मिक आयोजनों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा को लेकर खतरे बढ़ते जा रहे हैं। बम डिस्पोजल स्क्वॉड को ऐसे उपकरणों की जरूरत है जो विस्फोटक पदार्थों की पहचान तुरंत कर सके। इन हाईटेक डिटेक्शन सिस्टम से तरल विस्फोटक, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट और अन्य संदिग्ध वस्तुओं का पता लगाना आसान होगा। लिक्विड एक्सप्लोसिव डिटेक्टर तरल विस्फोटकों को काफी तेजी से पहचान और रियल टाइम अलर्ट करता है। यह डिजाइन में पोर्टेबल होता है, जिसके चलते इसे लेकर मूव करना काफी आसान होता है। वहीं, मल्टी-फंक्शनल क्षमता वाली MFEDS इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और विस्फोटक सामग्री की सटीक जांच करती है। ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाकों में यह काफी कारगर साबित होती है। दोनों उपकरणों में उच्च संवेदनशीलता, तेज प्रतिक्रिया समय और सुरक्षा मानकों के अनुरूप तकनीक शामिल है। इसमें लिक्विड एक्सप्लोसिव डिटेक्टर की 10 यूनिट खरीदने पर चार करोड़ 54 लाख रुपये खर्च होंगे। वहीं, MFEDS की 10 यूनिट खरीदने पर पांच करोड़ 35 लाख रुपये खर्च होंगे। इनका इस्तेमाल वीवीआईपी सुरक्षा, धार्मिक आयोजनों, भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील इलाकों में बम डिस्पोजल ऑपरेशन के दौरान किया जाएगा।



### इंटेलिजेंस सिस्टम भी होगा अपग्रेड

इंटेलिजेंस विभाग में सूचना के संग्रहण, भंडारण और विश्लेषण करने के लिए वेब-एनेबल्ड सॉफ्टवेयर 'डेटा इन्फॉर्मेशन ट्रैकिंग सिस्टम (DITS)' का भी उच्चीकरण किया जाएगा। मौजूदा सिस्टम को अपग्रेड करने से रियल-टाइम डेटा शेयरिंग, सुरक्षित स्टोरेज, और उन्नत एनालिटिक्स संभव होगा। इससे आतंकवाद, संगठित अपराध और संवेदनशील घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई की क्षमता बढ़ेगी। विभाग के लोग इस पर कहीं से भी सुरक्षित एक्सेस कर सकेंगे। इससे बड़ी मात्रा में सूचना का संरचित भंडारण और विश्लेषण हो सकेगा। साथ ही साइबर सुरक्षा मानकों के अनुरूप डेटा संरक्षण होगा। इस पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होंगे।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: cci Time: 12-16-2025 00:01 Color:





गाड़ियों की फिटनेस के लिए वाहन मालिक परेशान है। क्योंकि परमिट शहर का है और फिटनेस सेंटर शहर के बाहर। -p5



क्रिसमस को लेकर शहर के चर्चों में कहीं कैंडल लाइट सर्विस हुई तो कहीं क्रिसमस ट्री सेलिब्रेशन हुआ। -p6

162 रहा लखनऊ का AQI सोमवार को। वायु प्रदूषण मॉडरेट रहा।

1912 पर बिजली से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए कर सकते हैं शिकायत



## शहर में आज

- चौधरी टी.एन. धर मेमोरियल लेक्चर, डीपी मुखर्जी सभागार, समाजशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, सुबह 11:30 बजे।
- माइक्रोबायोलॉजी विभाग का 39वां स्थापना दिवस, केजीएमयू, दोपहर 12 बजे।
- उत्तर प्रदेश ऑटो -लोडर संयुक्त कल्याण समिति का धरना-प्रदर्शन, इको गार्डन, आशियाना, दोपहर 1 बजे।
- बिजनेस ग्रोथ के लिए गोदरेज कैपिटल की ओर संवाद कार्यक्रम, होटल ताज, गोमती नगर, दोपहर 1:30 बजे।
- किसान महापंचायत, वृंदावन गेट, निकट ट्रॉमा-2, पीजीआई, दोपहर 1:30 बजे।
- गतिमान उत्तर प्रदेश योगी सरकार के बेमिसाल 8 साल पुस्तक का लोकार्पण, विश्वेश्वरैया सभागार, राजभवन के सामने, शाम 4:30 बजे।

## डबल डेकर ट्रेन के कोच बनेंगे पार्सलयान

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** ट्रेन से लोगों के सामान को जल्दी और समय से पहुंचाने के लिए नया प्रयोग किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड ने तय किया है कि डबल डेकर ट्रेनों के दो कोच को पार्सलयान के रूप में प्रयोग किया जाएगा। इसमें नीचे पार्सल होगा और ऊपर यात्री बैठेंगे। लखनऊ मंडल में फिलहाल एक ही डबल डेकर ट्रेन है, जो लखनऊ से दिल्ली के बीच चलती है।

## विस्तार की दो सड़कों की होगी मरम्मत

**NBT न्यूज, लखनऊ :** गोमती नगर विस्तार में खरगापुर से ईसानिका एस्टेट और आनंदी वॉटर पार्क से दयाराम पुरवा संपर्क मार्ग तक जर्जर रोड का कायाकल्प होगा। इससे शहरी क्षेत्र के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों में लोगों का आना-जाना सुगम होगा। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन सतेंद्र एन. सिंह का कहना है अगले महीने सड़कों की मरम्मत होगी।

## गंदगी पर वसूला ₹81,800 जुर्माना

**NBT न्यूज, लखनऊ :** नगर निगम की टीमों ने सोमवार को गंदगी फैलाने प्रतिबंधित पॉलिथिन के प्रयोग पर 81,800 रुपये जुर्माना वसूला। जोन-1 में जोनल अधिकारी ओपी सिंह ने नॉवेल्टी सिनेमा के सामने स्थित शर्मा चाय पर गंदगी फैलाने पर 5,000 रुपये, द स्लीक वेफ्ले पर 10,000 रुपये, केवल चाय पर 20,000 रुपये और सरदार छोले भटूरे पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया। जोन-2 और जोन-8 में भी कार्रवाई की गई।

### सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
लखनऊ ₹1,36, 950
चांदी .999 टंच प्रति किलो
लखनऊ ₹2,03,000

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,213.36 (-54.30) |
| निफ्टी | 26,027.30 (-19.65) |
| रु/यूएस डॉलर | 90.76 (+0.33) |
| रु/यूरो | 106.50 (+0.41) |

### मौसम

अधि.तापमान 24.6 डिग्री
न्यून.तापमान 11 डिग्री
सूर्यास्त मंगलवार 5:16 बजे
सूर्योदय बुधवार 6:48 बजे

# समाधान दिवस में होता समाधान तो नहीं झेलनी पड़ती HC की फटकार


भाजपा पार्षद ने किया अवैध निर्माण, व्यापारियों ने मेयर से की शिकायत


NBT ने 6 दिसंबर के अंक में प्रकाशित की थी समाधान दिवस की हकीकत।

**फतेहगंज गल्ला मंडी में द्वार निर्माण का मामला पहले नगर निगम अफसरों के पास पहुंचा था**

**कार्रवाई न होने पर स्थानीय लोग पहुंचे कोर्ट, अदालत ने निर्माण को बताया फिजूलखर्च**

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

नगर निगम महीने के पहले शुक्रवार को सड़क, स्ट्रीट लाइट, हाउस टैक्स और अन्य समस्या के लिए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन करता है। इस सुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए नगर आयुक्त सहित अन्य अफसरों से गुहार लगाते हैं। कुछ ऐसी ही फरियाद लेकर बीते 5 दिसंबर को संपूर्ण समाधान दिवस में फतेहगंज के व्यापारी पहुंचे थे। व्यापारियों ने फतेहगंज में निर्मित हो रहे द्वार को लेकर शिकायत की थी। व्यापारियों ने आरोप लगाया था कि मामला स्थानीय पार्षद से जुड़ा होने के कारण नगर निगम के अफसरों ने सुनवाई नहीं की। मामले में कार्रवाई न होने पर हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में एक याचिका दाखिल की गई। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने द्वार के निर्माण को पार्षद कोटे के धन की बर्बादी तक बता दिया। यह फैसला नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि अगर अफसरों के स्तर से शिकायत समाधान हो गया होता तो नगर निगम को इतनी कड़ी टिप्पणी का सामना नहीं करना पड़ता।






फतेहगंज गल्ला मंडी में बाबा कुएश्वर के नाम पर द्वार का निर्माण किया जा रहा था। नगर निगम ने इसके लिए 7.70 लाख रुपये का बजट मंजूर किया था।

### पार्षद का दावा

#### झूठे तथ्य से गुमराह किया

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने अमीनाबाद की फतेहगंज गल्ला मंडी में बाबा कुएश्वर के नाम पर बन रहे द्वार के निर्माण पर रोक लगा दी है। स्थानीय पार्षद गिरीश गुप्ता का तर्क है कि नगर निगम के वकील ने अदालत में ढंग से पक्ष नहीं रखा, जबकि विपक्षी ने फर्जी तथ्यों से हाई कोर्ट को गुमराह किया है। पार्षद का दावा है कि द्वार के निर्माण के लिए लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल ने डोर टु डोर अभियान चलाकर 26 स्थानीय व्यापारियों से सहमति ली थी। सिर्फ सात व्यापारियों ने इसका विरोध किया था।



### व्यापारी बोले

#### पार्षद जान-बूझकर पैदा कर रहे दिक्कत

व्यापारी ओम शंकर ने कहा कि पार्षद पूरी तरह से गलत काम कर रहे हैं। पहले भी उन्होंने गेट बनाने की कोशिश की थी, लेकिन उसे सभी ने रुकवा दिया था। इसके बाद वह मंदिर के नाम पर गेट बनवाने का प्रयास कर रहे हैं। इससे लोगों को समस्या हो रही है। हाई कोर्ट का आदेश भी है कि सड़क पर बिना अनुमति के धार्मिकता के नाम पर गेट नहीं बनाया जा सकता। व्यापारी संदीप मिश्रा ने कहा कि इससे सड़क सकरी हो जाएगी। आए दिन जाम की स्थिति होगी। शहर की सबसे पुरानी गल्ला मंडी में जान बूझकर पार्षद समस्या पैदा कर रहे हैं।

### याचिका से आदेश तक...

#### क्या कहा गया याचिका में

ओम शंकर मिश्रा समेत अन्य लोगों ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा था कि स्थानीय पार्षद के प्रस्ताव पर नगर निगम ने द्वार के लिए 7.70 लाख रुपये का बजट मंजूर किया था। याचियों के मुताबिक गल्ला मंडी के मुहाने पर द्वार बनने से रास्ता और सकरा हो जाएगा। इससे ट्रैफिक जाम बढ़ेगा।

#### नगर निगम का पक्ष

हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान नगर निगम ने भी माना कि यह द्वार बनने के बाद दिक्कत होगी। नगर निगम ने स्वीकार किया कि इससे फायर ब्रिगेड और ऐंबुलेंस जैसे इमरजेंसी वाहन भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

#### कोर्ट का आदेश

जस्टिस संगीता चंद्रा और जस्टिस अमिताभ कुमार राय की बेंच ने याचिका पर सुनवाई करते हुए 11 दिसंबर को द्वार का निर्माण रोकने का आदेश दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पार्षद फिजूलखर्च से परहेज करें तो वॉर्ड विकास निधि का बेहतर उपयोग हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि एक द्वार बनाकर इसे कुएश्वर बाबा द्वार नाम देने से कोई सार्थक उद्देश्य सिद्ध नहीं होगा। पार्षदों को नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए प्रयास करना चाहिए। स्थानीय पार्षद चाहते तो फायर हाइड्रेंट लगवाने का प्रस्ताव दे सकते थे। कोर्ट ने अब तक हुए निर्माण के लिए ठेकेदार को नियमानुसार भुगतान का भी आदेश दिया है।

# शहर में 53 स्ट्रीट पार्किंग हुई फाइनल, पार्क हो सकेंगे 3,676 वाहन

**कार्यकारिणी को भेजा गया प्रस्ताव, 26 जनवरी तक शुरू हो जाएगी व्यवस्था**

abhishek.pandey1
@timesofindia.com

**लखनऊ :** नगर निगम ने काफी जद्दोजहद के बाद शहर में 53 स्ट्रीट पार्किंग को फाइनल कर दिया है। इन पार्किंग को आउटसोर्सिंग के जरिए नगर निगम संचालित करेगा, जिनमें 3,676 वाहन (दो पहिया, चार पहिया) पार्क हो सकेंगी। इनके संचालन के लिए टेंडर के रेट्स अलग-अलग स्लैब में बनाए गए हैं। ये स्लैब पार्किंग में वाहनों की क्षमता के अनुसार तय किए गए हैं। पार्किंग का स्लैब सालाना दो लाख से शुरू होकर 22 लाख तक है। पार्किंग के टेंडर रेट्स के अनुमोदन के लिए नगर आयुक्त की ओर से ड्राफ्ट नगर निगम कार्यकारिणी को भेजा गया है। कार्यकारिणी की मंजूरी के बाद स्ट्रीट पार्किंग योजना को 26 जनवरी तक जमीन पर उतारकर सभी आठों जोन में पार्किंग के लिए स्थान निर्धारित कर दिए जाएंगी।

**चार साल पहले बंद हुई थी स्ट्रीट पार्किंग :** 25 अगस्त, 2021 को तत्कालीन अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव नगर विकास डॉ. रजनीश दुबे की ओर से एक आदेश पार्किंगों के संचालन को लेकर जारी किया गया था। आदेश में कहा गया था कि जिन पार्किंग स्टैंड पर शेड, पेयजल और शौचालय की सुविधा नहीं है, उनका संचालन न किया जाए। इसके बाद नगर निगम ने खुले में बिना सुविधाओं वाले सभी पार्किंग स्टैंड का ठेका निरस्त कर दिया था।

### क्या होगा शुल्क

**दो पहिया**
प्रति दो घंटे का शुल्क 15 रुपये रखा गया है। गाड़ी को चार घंटे के लिए पार्क करने पर 30 रुपये देने होंगे।

**चार पहिया**
प्रति दो घंटे का शुल्क 30 रुपये होगा। चार घंटे तक वाहन पार्किंग पर 60 रुपये देने होंगे। पार्किंग शुल्क को लेकर नगर निगम कार्यकारिणी और सदन से मंजूरी मिल चुकी है।

**लगेगा जुर्माना**
स्ट्रीट पार्किंग धरातल पर उतरने के बाद नगर निगम नियम तोड़ने वालों पर सख्ती करेगा। नो पार्किंग में वाहन पार्क करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। टू वीलर पर 500 रुपये और फोर वीलर पर 1500 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा।

### कहां कितनी वाहन क्षमता से शुरू होगी पार्किंग

| जोन-1 | |
|---|---|
| मदन मोहन मालवीय मार्ग | 160 |
| मीराबाई रोड, एपिस कॉल सेंटर | 144 |
| त्रिलोकनाथ मार्ग | 76 |
| कृषि भवन के सामने | 44 |
| नेशनल पीजी कॉलेज के बाहर | 34 |
| इद्रयरण प्लाजा, लालबाग | 36 |
| अमीनाबाद मंदिर रोड | 52 |
| चिड़ियाघर | 40 |
| **जोन-2** | |
| चरक अस्पताल के सामने | 62 |
| राजाजीपुरम, डी-ब्लॉक | 18 |
| राजाजीपुरम, सी ब्लॉक मार्केट | 32 |
| राजाजीपुरम, ई-ब्लॉक मार्केट | 51 |
| न्यून मेमोरियल अस्पताल | 54 |
| सीएमएस, राजेंद्र नगर | 52 |
| ट्रॉमा सेंटर के सामने | 119 |
| मैरी गोल्ड टावर | 56 |
| **जोन-3** | |
| फातिमा अस्पताल रोड | 34 |
| विवेकानंद अस्पताल के बाहर | 68 |
| रामकृष्ण मठ के सामने | 48 |
| प्रगति बाजार, कपूरथला | 112 |
| विशाल मेगा मार्ट, अलीगंज | 36 |
| सिटी कार्ट, टेढ़ी पुलिया | 24 |
| कोटक महिंद्रा बैंक | 12 |
| मिडलैंड अस्पताल के सामने | 40 |
| **जोन-4** | |
| फन मॉल, गोमती नगर | 85 |
| एसआरएस मॉल के बाहर | 72 |
| सिनेपोलिस मॉल के बाहर | 240 |
| मेयो अस्पताल के बाहर | 54 |
| धनन अस्पताल के बाहर | 136 |
| 04 प्लासियो मॉल के बाहर | 66 |
| 04 स्काइबर हाइट के बाहर | 40 |
| 04 बैंक ऑफ इंडिया के बाहर | 45 |
| **जोन-5** | |
| कानपुर रोड, विशाल मार्ट के बाहर | 16 |
| एसबीआई, चंदर नगर | 28 |
| विजया बैंक, कानपुर रोड | 26 |
| होम स्टाइल शोरूम के बाहर, कानपुर रोड | 16 |
| बरिगवां, एलडीए कॉलोनी | 30 |
| **जोन-6** | |
| टंडन मार्ग | 62 |
| **जोन-7** | |
| शेरवुड अकादमी के बाहर | 96 |
| शेखर अस्पताल के बाहर | 41 |
| लेखराज डॉलर बिल्डिंग | 98 |
| इंदिरा नगर सेक्टर, CNS अस्पताल | 25 |
| मॉडर्न फर्नीचर शोरूम के बाहर | 18 |
| हिरल मैरिज हॉल के बाहर | 38 |
| एसीएल कोचिंग के बाहर | 20 |
| बंधन गेस्ट हाउस के बाहर | 40 |
| **जोन-8** | |
| ट्रांसपोर्ट नगर, गेट नंबर छह | 164 |
| ट्रांसपोर्ट नगर, गेट नंबर आठ | 148 |
| विशाल मेगा मार्ट, आशियाना | 32 |
| स्पेंसर मार्ट, आशियाना | 28 |
| RTO ऑफिस, इंटरनल रोड ए | 172 |
| RTO ऑफिस, इंटरनल रोड बी | 304 |
| एसबीआई, बरिगवां | 32 |
| लोक बंधु अस्पताल के बाहर | 100 |

# क्लियरेंस के इंतज़ार में घंटों बीते, शाम को पहुंची सुबह की फ्लाइट

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** कोहरे ने सोमवार को विमानों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। सबसे बुरा असर दिल्ली से आने-जाने वाले विमानों पर पड़ा। सुबह छह बजे दिल्ली जाने वाला इंडिगो का विमान बे पर करीब तीन घंटे तक खड़ा रहा। विमान के अंदर बैठे-बैठे यात्री परेशान हो गए। अमौसी एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले 17 से ज्यादा विमान देरी का शिकार हुए।

दिल्ली-लखनऊ इंडिगो की उड़ान 6ई 2107 सुबह 9:40 के बजाय शाम 4:28 बजे पहुंची। दिल्ली से आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स 2171 करीब साढ़े पांच घंटे, इंडिगो की उड़ान 6ई6350 करीब साढ़े चार घंटे, एयर इंडिया की एआई2499 साढ़े चार घंटे, मुंबई से आने वाली आई एक्स1026 करीब तीन घंटे, बेंगलुरु से आने वाली फ्लाइट 6ई 6353 करीब एक घंटे, दिल्ली से आने वाली आईएक्स 1053 करीब पांच घंटे की देरी का शिकार हुई। अमौसी एयरपोर्ट से जाने वाले विमानों में 6ई 2108 करीब पौने पांच घंटे, हैदराबाद जाने वाली 6ई 523 करीब साढ़े पांच घंटे, दिल्ली जाने वाला विमान एआई 2500 करीब पौने पांच घंटे, मुंबई जाने वाला आईएक्स 1027 करीब साढ़े तीन घंटे की देरी से उड़ान भर सका।

**इंडिगो ने सुधारा शेड्यूल :** इंडिगो ने कम किए गए शेड्यूल के अनुसार विमानों का संचालन शुरू किया है। इंडिगो की सूचना के मुताबिक लखनऊ से प्रतिदिन 25 उड़ानें संचालित हो रही हैं। अधिकतर उड़ानों का समय पर संचालन का दावा किया गया है।

अमौसी एयरपोर्ट पर कोहरे के कारण 17 से ज्यादा विमान लेट




AI Image

### ट्रेनें भी घंटों लेट

कोहरे की वजह से ट्रेनों की लेटलतीफी भी बढ़ रही है। सोमवार को 15910 अवध-असम एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, 12004 शताब्दी एक्सप्रेस ढाई घंटे, 12419 गोमती एक्सप्रेस सवा तीन घंटे, 20503 राजधानी एक्सप्रेस ढाई घंटे, 12391 श्रमजीवी एक्सप्रेस तीन घंटे, 82501 तेजस एक्सप्रेस पांच घंटे, 15743 फरक्का एक्सप्रेस ढाई घंटे, 15279 पूर्वांचल एक्सप्रेस व 22411 अरुणाचल एक्सप्रेस चार-चार घंटे, 12875 अरुणाचल एक्सप्रेस पौने दो घंटे, 12107 एलटीटी-सीतापुर एक्सप्रेस एक घंटे, 19038 अवध एक्सप्रेस ढाई घंटे देरी से गंतव्य तक पहुंची।

# अवध चौराहे पर अभी 15 दिन और रेंगेंगे वाहन

**NBT न्यूज, लखनऊ**

अवध चौराहे पर ट्रैफिक संचालन अभी पंद्रह दिन और बाधित रहेगा। क्षतिग्रस्त हुई पेयजल पाइप लाइन अभी तक नहीं दुरुस्त नहीं हो सकी है। इस कारण डायवर्जन की अवधि बढ़ा दी गई है। अवध चौराहे पर अंडरग्राउंड मार्ग निर्माण के दौरान 24 नवंबर की रात पेयजल पाइप लाइन टूट गई थी। सड़क धंसने की आशंका पर बैरियर लगाकर अवध चौराहे से आलमबाग की ओर जाने वाले मार्ग को बंद कर दिया गया। डीसीपी कमलेश दीक्षित ने बताया कि मरम्मत करवा रही कंपनी पाइपलाइन दुरुस्त नहीं कर सकी है। कंपनी को पंद्रह दिन का और समय दिया गया है। ऐसे में पूर्व में जारी किया गया ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। उधर, ट्रैफिक दबाव के कारण सोमवार को अवध चौराहे से जुड़े मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। जाम में फंसकर वाहन चालक परेशान नजर आए।



AI Image

क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन नहीं हो सकी दुरुस्त, डायवर्जन की मियाद बढ़ी


### ऐसे गुजरेंगे वाहन

- पारा से आने वाले वाहन अवध चौराहा, आलमबाग के बजाए तिकोनिया तिराहा होकर गुजरेंगे।
- कानपुर से आलमबाग की ओर जाने वाले वाहन अवध चौराहा के बजाए शहीद पथ तिराहा होकर गुजरेंगे।
- कानपुर की ओर से आने वाले वाहन दरोगा खेड़ा से किसान पथ होकर गुजरेंगे।
- सीतापुर से आने वाले वाहन इटौंजा से किसानपथ होकर जाएंगे।
- मौदा मोड़ और जीरो पॉइंट से भारी वाहन किसान पथ होकर गुजरेंगे।

# 11 माह के विराट को मिली नई ज़िंदगी

**फेफड़ों की जटिल बीमारी से पीड़ित था, KGMU के डॉक्टरों ने दूरबीन विधि से की सर्जरी**

**NBT न्यूज, लखनऊ :** लगातार खांसी, तेज बुखार और सांस लेने में गंभीर दिक्कत से जूझ रहे 11 महीने के मासूम विराट मौर्य को केजीएमयू में नया जीवन मिला है। एक महीने तक इलाज के लिए भटकने के बाद दूरबीन विधि से की गई जटिल सर्जरी ने बच्चे को स्वस्थ कर दिया। अब विराट के परिवारीजन बच्चे को घर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं।


विराट मौर्य

रायबरेली निवासी राम अवतार मौर्य का 11 माह का बेटा विराट पिछले एक महीने से गंभीर बीमारी से पीड़ित था। बच्चे को खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। वह दूध भी नहीं पी पा रहा था।

**3 दिसंबर को की गई सर्जरी :** केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के हेड डॉ. जेडी रावत ने बताया कि 21 नवंबर को विराट को भर्ती किया गया। एक्स-रे और एमआरआई जांच में पता चला कि बच्चे के बाएं फेफड़े में पैदाइशी खराबी है, जिसे लोबार एम्फाइसेमा (Lobar Emphysema) कहा जाता है। यह एक दुर्लभ और गंभीर बीमारी है, जिसमें फेफड़े का एक हिस्सा असामान्य रूप से फूल जाता है और सांस लेने में भारी दिक्कत पैदा करता है। 3 दिसंबर को थोरैकोस्कोपिक यानी दूरबीन तकनीक से ऑपरेशन किया गया। यह सर्जरी करीब साढ़े तीन घंटे तक चली।

**ये रहे टीम में :** टीम में सर्जन डॉ. जेडी रावत, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. कृति पटेल और डॉ. मनीष राजपूत शामिल थे। एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. सतीश वर्मा ने संभाली। नर्सिंग स्टाफ में अंजू वर्मा, संजय और डॉली गौतम रहे। वेंटिलेटरी देखभाल बाल रोग विभाग के डॉ. एसएन सिंह और डॉ. शालिनी त्रिपाठी के मार्गदर्शन हुई। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद और प्रति कुलपति डॉ. अपजीत कौर ने पूरी टीम को सफल सर्जरी पर बधाई दी है।

# अब सभी दवाएं HRF पर ही मिलेंगी, टेंडर जल्द

**KGMU प्रशासन ने कहा- एक दवा के 3-4 मॉलिक्यूल होंगे उपलब्ध**

**NBT न्यूज, लखनऊ :** केजीएमयू में आने वाले मरीजों को अब दवाओं के लिए बाहर भटकना नहीं पड़ेगा। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केजीएमयू प्रशासन ने निर्णय लिया है कि सभी जरूरी दवाएं अब विश्वविद्यालय परिसर के भीतर स्थित HRF (हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड) स्टोर पर ही उपलब्ध करवाई जाएंगी। अब हर एक दवा के तीन से चार मॉलिक्यूल अलग-अलग नामों और विश्वसनीय कंपनियों के रखे जाएंगे।



AI Image

HRF के अध्यक्ष कुमार शांतनु ने बताया कि अक्सर ऐसा होता है कि डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवा HRF काउंटर पर उपलब्ध नहीं होती। केवल एक-दो मॉलिक्यूल ही मौजूद होते हैं, जिन्हें चिकित्सक पर्याप्त प्रभावी नहीं मानते। ऐसे में मरीजों को मजबूरी में बाहर से दवा खरीदनी पड़ती है, जो महंगी भी होती है। इस समस्या को खत्म करने के लिए अब एक दवा के तीन से चार मॉलिक्यूल स्टोर में रखे जाएंगे।

कुमार शांतनु ने बताया कि केजीएमयू के विभिन्न विभागों के डॉक्टरों द्वारा सुझाई गई दवाओं की सूची के आधार पर 10 हजार से अधिक दवाओं की आपूर्ति के लिए जल्द टेंडर जारी किया जाएगा। चयनित दवा कंपनियों के साथ तीन साल का एग्रीमेंट होता है। इस अवधि में अगर कोई नई दवा बाजार में आती है, तो उसका लोकल परचेज किया जाएगा, साथ ही मॉलिक्यूल भी HRF स्टोर पर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

### FSDA आयुक्त से की पेटेंट दवाएं बेचने की शिकायत

**NBT न्यूज, लखनऊ :** राजधानी के सरकारी अस्पतालों में संचालित जन औषधि केंद्रों में जेनरिक दवा के बदले महंगी पेटेंट दवाओं की बिक्री के मामले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (FSDA) की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब से शिकायत की गई है। लखनऊ उद्योग व्यापार मंडल ने सोमवार को आयुक्त को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ दिन पहले रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में जन औषधि केंद्र में खुलेआम महंगी ब्रैंडेड दवाइयां बेची जा रही थीं। पार्षद संदीप शर्मा ने कहा कि आयुक्त ने मामले में सख्त कदम उठाने की बात कही है।

**परेशानी** यूपीपीसीएल के सर्वर में दिक्कत के कारण लोगों को करना पड़ रहा इंतजार, लौटाए जाते रहे उपभोक्ता

# बिल-कनेक्शन से जुड़ा कोई काम नहीं होगा...सर्वर स्लो है

**NBT न्यूज, लखनऊ :** यूपीपीसीएल के सर्वर में तकनीकी दिक्कत के कारण सोमवार को बिल सुधार, परमानेंट डिस्कनेक्शन (पीडी), लोड सैंक्शन सहित विभिन्न काम प्रभावित रहे। दोपहर बाद लेसा के हेल्पडेस्क और कार्यालयों में पहुंचने वाले उपभोक्ता परेशान रहे। कई लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा, तो कई को मायूस होकर लौटना पड़ा।



AI Image

जानकीपुरम निवासी सत्या ने बताया कि बिल जनरेट न होने पर पहले एलयू के न्यू कैंपस स्थित उपकेंद्र में संपर्क किया। वहां से वर्टिकल सिस्टम लागू होने की बात कहते हुए पुर्तनिया स्थित एसडीओ कार्यालय भेज दिया गया। अधिकारियों से संपर्क करने पर समस्या के समाधान का आश्वासन मिला, लेकिन स्लो सर्वर के कारण शाम 4 बजे तक इंतजार करना पड़ा। इधर, गोमती नगर में विभूतिखंड स्थित मिठाई वाले चौराहा के निकट हेल्प डेस्क पर पहुंचीं विरामखंड निवासी मीनाकुमारी ने बताया कि सोलर पैनल लगा है, लेकिन नेट मीटर से बिल जेनरेट नहीं हो रहा। काउंटर पर तैनात कर्मचारी ने बिलिंग संबंधित अधिकारी के पास भेज दिया, जहां उन्हें स्लो सर्वर की समस्या बताकर इंतजार करने के लिए कहा गया। यही स्थिति लेसा के अन्य कार्यालयों पर भी रही।

> सर्वर की समस्या के निस्तारण के लिए उच्च अधिकारियों को लगातार बताया जा रहा है। समस्या के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं।
> – योगेश कुमार, निदेशक आईटी, मध्यांचल

### बिना OTP नही बन रहे लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** लर्निंग लाइसेंस बनवाने में समस्याएं कम होने की नाम नहीं ले रही हैं। राजधानी में पिछले एक सप्ताह से एक हजार से ज्यादा ज्यादा आवेदक ओटीपी न आने के कारण परेशान हैं। वहीं, परिवहन विभाग की ओर से इस मामले में एक बार फिर एनआईसी को पत्र भेजा गया है।



AI Image

अलीगंज की खुशबू शाक्य ने एप्लिकेशन नंबर 2664463225 पर लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया, लेकिन ओटीपी न आने से प्रक्रिया अधूरी रह गई। उन्होंने साइबर कैफे की भी मदद ली, लेकिन ओटीपी नहीं आया। कई प्रयासों के बाद भी उनका लर्निंग लाइसेंस अब तक नहीं बन पाया है। लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले ऐसे सैकड़ों आवेदक हैं, जिनके मोबाइल पर डीएल से जुड़ा ओटीपी नहीं आ रहा है। आवेदकों की इस समस्या का समाधान परिवहन विभाग के अफसरों के पास नहीं है।

इस संबंध में एआरटीओ प्रशासन पीके सिंह ने बताया कि एनआईसी को सूचना दी गई है। एनआईसी के वरिष्ठ निदेशक पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि सिस्टम अपग्रेड किया गया है। इसे जल्द लॉन्च किया जाएगा।

#### क्यों आ रही दिक्कत?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

दरअसल, लर्नर डीएल की व्यवस्था पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है। इसके लिए आरटीओ आने की जरूरत नहीं होती। परिवहन विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर लर्नर डीएल बनता है, जिसकी फीस 350 रुपये है। एनआईसी पोर्टल की समस्याएं और भी हैं, लेकिन सुनवाई नहीं होने से आवेदकों की परेशानियां बनी हुई हैं। लर्नर डीएल के लिए आवेदन के बाद स्मार्ट लॉक ऐप डाउनलोड नहीं हो रहा है। पूरी व्यवस्था ऑनलाइन होने से आवेदकों की ऑफलाइन मदद भी नहीं की जा सकती।

# कर्मचारी छुट्टी पर तो आधार काउंटर भी हो गया बंद

**NBT न्यूज, लखनऊ :** प्रवर अधीक्षक कार्यालय लखनऊ मंडल उप डाकघर न्यू हैदराबाद कार्यालय में सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों के आधार कार्ड नहीं बन पाए। यहां आधार काउंटर पर तैनात कर्मचारी के अवकाश पर होने की वजह से आधार काउंटर भी बंद कर दिया गया। ऐसे में सुबह से आधार कार्ड बनवाने के इंतजार में खड़े लोग बैरंग लौट गए। इसके अलावा कई लोगों का घंटों बाद नंबर आया।

न्यू हैदराबाद डाकघर में भी पांच डाकघर चल रहे हैं। इसमें अमीनाबाद डाकघर और न्यू हैदराबाद डाकघर के काउंटर पर आधार बनाने और संशोधन करने का काम किया जाता है। लेकिन दोनों काउंटर पर दक्ष और प्रशिक्षित कर्मचारी न होने के चलते यह काम कछुए की चाल से होता है। न्यू हैदराबाद डाकघर का काउंटर दिन भर बंद रहा। ऐसे में अमीनाबाद डाकघर के काउंटर पर लोगों की भारी भीड़ रही। आधार काउंटर पर कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की गई। वहीं उच्चाधिकारियों ने इस संबंध में आधार काउंटर पर लोगों को होने वाली समस्या का संज्ञान लेकर सुधार किए जाने का आश्वासन दिया है।

उप डाकघर न्यू हैदराबाद का बुरा हाल, परेशान रहे लोग




AI Image

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG4 User: cci Time: 12-16-2025 00:22 Color:



## धरना-प्रदर्शन कर शिक्षक और पेंशनर्स ने उठाई मांगें

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, लखनऊ की ओर से प्रदेश व्यापी संघर्ष कार्यक्रम के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारी और शिक्षक समन्वय समिति, कर्मचारी एवं पेंशनर्स असोसिएशन ने जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किया। लखनऊ में बीएन सिंह की प्रतिमा के सामने (केडी सिंह बाबू स्टेडियम मेट्रो स्टेशन के पास) शिक्षकों और पेंशनर्स ने प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव के नेतृत्व में धरना दिया। इसमें आठवें वेतन आयोग में पेंशन पुनरीक्षण सहित अन्य लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई गई।

लखनऊ में बीएन सिंह की प्रतिमा के सामने हुआ प्रदर्शन

वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं शिक्षकों की पेंशन संबंधी समस्याओं का समाधान लंबे समय से लंबित है। सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए न्यायोचित मांगों पर जल्द निर्णय लेना चाहिए। एसीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा गया, जिसमें पेंशन पुनरीक्षण, महंगाई राहत तथा अन्य मांगें रखी गईं। मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. आरपी मिश्र, डॉ. आरके त्रिवेदी, अनिल शर्मा, महेश चंद्र, डॉ. मीता श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आरपी सिंह, आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक मौजूद रहे।

अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के स्थापना दिवस पर बोले उपमुख्यमंत्री...

# 'लोधी समाज के लिए मिलकर लड़ेंगे'

■ NBT न्यूज, लखनऊ:

लोधी समाज ने विपरीत परिस्थितियों में भी सेवा का भाव नहीं छोड़ा। समाज ने सबकी मदद की। देश और प्रदेश की राजनीति में लोधी समाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। यह बात डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सोमवार को गोमतीनगर स्थित सीएमएस सभागार में आयोजित अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के प्रथम स्थापना दिवस पर कही।

सामाजिक राजनीतिक सक्रियता और बढ़ाने की बताई जरूरत

उपमुख्य मंत्री ने समाज के सदस्यों से कहा कि मैं आपके साथ हूं। मिलकर हक के लिए लड़ाई लड़ेंगे। लोधी राजपूत कल्याण महासभा शिक्षा, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण काम कर रही है। महासंघ को सामाजिक राजनीतिक सक्रियता और बढ़ाने की जरूरत है।

इस दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अगर आज हम देश और प्रदेश में सत्ता के शिखर पर है, तो उसमें कल्याण सिंह का बहुत बड़ा योगदान है। डिप्टी सीएम ने कहा कि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में भी कमल का फूल खिलेगा और वही बाबूजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सच्चिदानंद हरि साक्षी, राष्ट्रीय संरक्षक राजवीर सिंह 'राजू भैया', पूर्व सांसद व राष्ट्रीय महामंत्री गंगाचरण राजपूत, पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व फर्रुखाबाद से सांसद मुकेश राजपूत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी, रामपुर के पूर्व सांसद व महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री धनश्याम सिंह लोधी, आगरा फतेहबाद से विधायक छोटेलाल वर्मा, राष्ट्रीय मंत्री व कन्नौज तिर्वा से विधायक कैलाश सिंह राजपूत, राष्ट्रीय संगठन मंत्री व पूर्व मंत्री भैया साहब लोधी, छत्तीसगढ़ भिलाई की पूर्व मेयर नीता लोधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा सौरभ सिंह वर्मा, बुलंदशहर स्याना से विधायक देवेंद्र सिंह लोधी, प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह मौजूद रहे।




डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोधी समाज को नजरअंदाज नहीं कर सकते, वहीं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज हम देश और प्रदेश में सत्ता के शिखर पर है, तो उसमें कल्याण सिंह का बहुत बड़ा योगदान है।

### स्थापना दिवस समाज की एकता का प्रतीक

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि महासभा का प्रथम स्थापना दिवस समाज की एकता, संगठनात्मक सशक्तता और सर्वसमावेशी सोच का प्रतीक है। वहीं पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने स्वामी ब्रह्मानंद के नाम पर विश्वविद्यालय की मांग फिर रखी। सांसद साक्षी जी महाराज ने कहा कि अगर कल्याण सिंह न होते तो राम मंदिर आंदोलन निर्णायक मुकाम तक नहीं पहुंचता।

## कायस्थ समाज ने जताई खुशी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: उप्र कायस्थ समाज के प्रदेश अध्यक्ष शेखर कुमार की अगुआई में सोमवार को आपात बैठक हुई। बैठक में बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने पर कायस्थ समाज ने कहा कि, यह उपलब्धि उनके नेतृत्व, परिश्रम और संगठन के प्रति समर्पण का प्रमाण है। बैठक में सुनीता श्रीवास्तव, निधि श्रीवास्तव, श्रद्धा श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, अभिषेक सिन्हा, सुनील कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए नानकदीन भुर्जी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सहकारिता भवन में हिंदुस्तान पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन में एक घंटे के इंतजार के बाद अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नामांकन दाखिल हुआ। इसके बाद चुनाव अधिकारी ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नानकदीन भुर्जी को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया।

## फटाफट खबरें

### AI और रोबॉटिक्स की लैब शुरू



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में सोमवार को नवनिर्मित एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक और अति आधुनिक एआई व रोबॉटिक्स लैब का उद्घाटन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक पंकज सिंह ने फीता काटकर नई सुविधाओं का उद्घाटन किया। समारोह में विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। 'ऑपरेशन सिंदूर' नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से आतंकवाद के विरुद्ध देश की दृढ़ प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया, वहीं रामायण पर आधारित समीतमय प्रस्तुति ने सनातन संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सुधीर हलवासिया, आशीष अग्रवाल, राजीव अग्रवाल और उप-प्रधानाचार्या शालू श्रीवास्तव मौजूद रहें।

### विंटर फिएस्टा में दिखाए साइंस मॉडल्स

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नीलमथा स्थित न्यू पब्लिक कॉलेज में विंटर फिएस्टा -2025 के मौके पर विद्यालय परिसर को गुब्बारों से सजाया गया। बच्चों ने मेले का आनंद लिया। फिएस्टा में बच्चों के लिए फूड स्टॉल, क्राफ्ट एवं साइंस मॉडल्स के अलावा रोमांचक खेल खेले गए। फूड स्टॉल पर विभिन्न व्यंजनों का सभी ने आनंद लिया। छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में उनकी रचनात्मकता देखने को मिली। फिएस्टा में आए अभिभावकों ने बच्चों की रचनात्मकता की प्रशंसा की। इसका उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना रहा।

### सामाजिक जागरूकता का दिया संदेश



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सेंट्रल पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिक समारोह हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि हास्य कलाकार और अभिनेता सुनील पॉल मौजूद रहे। छात्रों ने सांस्कृतिक, देशभक्ति व सामाजिक विषयों पर आधारित कार्यक्रमों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वच्छ भारत मिशन और सड़क सुरक्षा पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का प्रभावी संदेश भी दिया गया।

### ओजस में दिखी कल्चर, साहित्य की झलक



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में सोमवार से सांस्कृतिक फेस्ट ओजस की शुरुआत हुई। इसमें मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता अनिल रस्तोगी शामिल रहे, वहीं शास्त्रीय नृत्यांगना डॉ. कुमकुम धर भी मौजूद रहीं। मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। दो दिन चलने वाले इस समारोह में कल्चरल व साहित्यिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

### कार्यदक्ष और अनुशासन बनाने के सिखाए गुर



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: नागरिक सुरक्षा संगठन के वार्डन के तैसरे बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से शुरू हो गया। कार्यक्रम में वार्डन को संगठन की कार्य क्षमता, अनुशासन और दक्षता को मजबूत करने के गुर सिखाए जाएंगे। इंदिरानगर प्रशिक्षण के मून हाल में सोमवार को नागरिक सुरक्षा संगठन के वार्डन क्षमता-निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तैसरे बैच की शुरुआत एडीएम पूर्व महेंद्र पाल सिंह ने किया। एडीएम पूर्व ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके बाद चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र ने ट्रेनिंग के महत्व को बताया। कार्यक्रम में डिविजन वार्डन मोहम्मद नफीस, रामगोपाल, दिनेश माथुर, गुफरान एश्वर्य अनिल अरविन्द मिश्रा के साथ उपनियंत्रक रविंद्र कुमार, सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा, ऋषि कुमार, ममता रानी, मुकेश कुमार, रेखा सहित अन्य पदाधिकारी और स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### स्कूल रेडीनेस का फेज 1 शुरू

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: आंगनबाड़ी व बालवाटिका में स्कूल रेडीनेस फेज 1 का संचालन सोमवार से शुरू हो गया। यह कार्यक्रम 31 मार्च 2026 तक चलेगा। कक्षा-1 में नामांकित होने वाले बच्चों को पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के लिए तैयार करने के लिए स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम (फेज-1) का संचालन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रदेश व जिले के सभी को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं में चलेगा। इस संबंध में बीएसए विपिन कुमार ने आदेश जारी कर दिए हैं। कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्री, संबंधित विद्यालय के नोडल शिक्षक सकुल और इंस्ट्रक्शनल एजुकेटर या शिक्षामित्र की होगी। कार्यक्रम के लिए स्कूल रेडीनेस फेज-1 का मैनुअल नोडल शिक्षक सकुल के जरिए सभी आंगनबाड़ी केंद्र एवं बालवाटिका को मुहैया कराया जाएगा। इससे संबंधित खर्चे की व्यवस्था जिला स्तरीय बजट में शामिल की गई

## अटल जयंती पर होगा काव्य पाठ

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: पूर्व पीएम भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती समारोह की पूर्व संध्या (24 दिसंबर) पर कवि डॉ. कुमार विश्वास एकल काव्य पाठ में शामिल होंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को राजभवन कॉलोनी स्थित डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास पर अटल बिहारी बाजपेयी मेमोरियल फाउंडेशन की बैठक हुई। डिप्टी सीएम ने बताया कि केजीएमयू के अटल बिहारी बाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में शाम 5 बजे आयोजन होगा। एकल काव्यपाठ कर पूर्व पीएम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे।

**रक्षा मंत्री होंगे मुख्य अतिथि:** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी आदित्यनाथ होंगे। विशिष्ट अतिथि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मेयर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, सांसद बृजलाल, पूर्व सांसद अशोक बाजपेयी, विधायक डॉ. नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, राजेश्वर सिंह, जयदेवी, ओपी श्रीवास्तव मौजूद रहेंगे।

**बैठक में ये मौजूद रहे:** अंबुज त्रिपाठी, आनंद द्विवेदी, विजय मौर्य, ललनी प्रसाद निर्मल, रामचंदर प्रधान, मनीष दीक्षित, सुधीर हलवासिया, अन्नू मिश्रा, मनीष शुक्ला, टिंकू सोनकर, रमेश तूफानी।



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने तैयारी पर की बैठक।

## AKTU: 12वीं पास को सीधे मिलेगा एडमिशन का मौका

### विवि में तैयार हो रही दाखिले की पॉलिसी

■ NBT रिपोर्ट,लखनऊ

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (AKTU) में नए सत्र के दाखिले के लिए तैयारी शुरू हो गई है। विवि की ओर से इस बार भी दाखिले के बढ़ाने के लिए सीधे दाखिले का प्रावधान किया जाएगा। इसमें 12वीं पास सीधे विवि में आवेदन कर विवि के कॉलेजों में दाखिला पा सकेंगे। पहले बिना प्रवेश परीक्षा विवि के कॉलेजों में दाखिला नहीं मिलता था। हालांकि सरकारी सीटें के लिए प्रवेश परीक्षा का स्कोर जरूरी होगा। इसके लिए अभ्यर्थी को सीयूईटी व जेईई में से किसी एक के स्कोर पर दाखिला दिया जाएगा। उसके बाद बची हुई सीटों पर ही बारहवीं पास को दाखिला दिया जाएगा।


मैनेजमेंट व फार्मेसी में भी सीटों पर पहले सीयूईटी के अभ्यर्थियों को मौका दिया जाएगा। मैनेजमेंट में कैट की परीक्षा होती है लेकिन एकेटीयू की ओर से उसमें भी सीयूईटी को वरीयता दी जाएगी। इसके बाद सीयूईटी से जो सीटें खाली रह जाएंगी उन पर 12वीं पास वालों को सीधे दाखिला दिया जाएगा। ऐसे में सरकारी की ज्यादा सीटें सीयूईटी व जेईई के अभ्यर्थियों से ही भर जाएंगी।

ऐसे में माना जा रहा है कि सीधे दाखिले के लिए सिर्फ निजी कॉलेजों की सीटों पर ही दाखिला दिया जाएगा।



सीयूईटी और जेईई कैंडिडेट को मिलेगी वरीयता, इसके बाद बची सीटों पर दिए जाएंगे 12वीं पास को दाखिले

## समर्थ पर फॉर्म नहीं भर पा रहे लॉ के छात्र



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में इसी महीने शुरू होने वाली प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं से पहले ही परीक्षा फॉर्म ने विधि की मुसीबत बढ़ा दी है। दरअसल विधि की ओर से प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरवाए जा रहे हैं। इसमें लॉ के तहत जब परीक्षा फॉर्म भर रहे तो वेबसाइट पर उनका डेटा ही गलत बता रहा है। बड़ी संख्या में विधि में छात्र परीक्षा फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। इस संबंध में विधि के छात्रों ने लॉ डीन व परीक्षा नियंत्रक से शिकायत की है और तत्काल इसे दुरुस्त कराने को कहा है।

विधि के प्रवक्ता डॉ. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि दरअसल विधि की ओर से छात्रों का डेटा समर्थ को दिया गया था। इसके बाद समर्थ की ओर से डेटा अपनी वेबसाइट पर डाला जाता है। जिसमें डेटा मैप कराने में कुछ दिक्कतें आई हैं। इसके लिए विधि की ओर से लगातार समर्थ की टीम से बात की जा रही है। 24 घंटे में जिन छात्रों के डेटा में दिक्कत आ रही है उन्हें दुरुस्त कर दिया जाएगा। इसके अलावा जिन छात्रों को समस्या है वह विधि के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत कर सकते हैं। विधि की टीम उन सभी का केस समर्थ को भेजेगी। 22 दिसंबर से परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। ऐसे में उससे पहले हम 20 दिसंबर तक परीक्षा फॉर्म भरवा लेंगे।

## टेक्निकल समस्या के नाम पर लटका शिक्षकों का चयन वेतनमान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: बेसिक स्कूलों के शिक्षकों को 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी होने के बाद चयन वेतनमान दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन हजारों शिक्षक इस अधिकार से अब तक वंचित हैं। सितंबर माह में ही 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षक तीन महीने बीत जाने के बाद भी चयन वेतनमान लगने का इंतजार कर रहे हैं। जिससे शिक्षकों में नाराजगी है। चयन वेतनमान की प्रक्रिया ऑनलाइन है, जो खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से शुरू होकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर पूरी होती है। शिक्षकों का आरोप है की शुरुआती कार्रवाई के बाद अधिकारियों की ओर से पोर्टल मेंटेनेंस और टेक्निकल समस्या का हवाला देकर लापरवाही बरती जा रही है। इसके कारण हजारों शिक्षक आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर हैं। शिक्षकों का कहना है कि समय पर वेतनमान न मिलने से एरियर बढ़ता जा रहा है, जिसे निकलवाने के लिए उन्हें भविष्य में कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने पड़ेंगे।



AI image

चयन वेतनमान में लापरवाही बरतने वाले 25 जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक पिछले महीने हो चुकी है, इसके बावजूद कुछ अधिकारी विभागीय उच्च अधिकारियों के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक जूनियर विद्यालयों में 29,334 विज्ञान-गणित शिक्षकों और प्राथमिक विद्यालयों में 72,825 शिक्षकों की भर्ती के 10 वर्ष सितंबर में पूरे हो चुके हैं, फिर भी यह शिक्षक चयन वेतनमान से वंचित हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि विभाग शिक्षकों पर नियम-कानून सख्ती से लागू करता है, लेकिन जब उनके अधिकारों की बात आती है तो बहाने बनाकर टाल दिया जाता है। उन्होंने सभी पात्र शिक्षकों का तुरंत चयन वेतनमान लागू करने की मांग की है।


कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, वि./यां. विंग, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम) आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांक : 2381/6901/विविध-3/(25)/587 दिनांक : 12.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ.प्र. जल निगम, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद लखनऊ में 1 नग नलकूप निर्माण हेतु 300×200 मि.मी. व्यास के एम.एस.ई.आर.डब्लू., 7.1 एम.एम. मोटाई पाइप एवं पी-केबिल की आपूर्ति हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 16.12.2025 से 23.12.2025 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, वि./वी. विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, वि./वी. विंग द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.1000+18% जी.एस.टी (1000+180=1180) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बंधित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा सूचना

निविदा विक्रय की तिथि : 16.12.2025 से 23.12.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा डालने की तिथि : 24.12.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि : 24.12.2025 अपराह्न 3.30 बजे तक।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, वि./यां. विंग, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम) आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांक : 2379/6901/विविध-3/(25)/585 दिनांक : 12.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ.प्र. जल निगम, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद कानपुर में नलकूपों के निर्माण हेतु पम्पिंग प्लान्ट सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 16.12.2025 से 23.12.2025 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, वि./वी. विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, वि./वी. विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.1000+ 18% जी.एस.टी (1000+180=1180) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बंधित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा सूचना

निविदा विक्रय की तिथि : 16.12.2025 से 23.12.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा डालने की तिथि : 24.12.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि : 24.12.2025 अपराह्न 3.30 बजे तक।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, वि./यां. विंग, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम) आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांक : 2380/6901/विविध-3/(25)/586 दिनांक : 12.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ.प्र. जल निगम, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद कानपुर में नलकूपों के निर्माण हेतु पम्पिंग प्लान्ट सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 16.12.2025 से 23.12.2025 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, वि./वी. विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, वि./वी. विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.1000+ 18% जी.एस.टी (1000+180=1180) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बंधित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा सूचना

निविदा विक्रय की तिथि : 16.12.2025 से 23.12.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा डालने की तिथि : 24.12.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि : 24.12.2025 अपराह्न 3.30 बजे तक।

ncrtc राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि. (भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है

एनआईटी सं.: डीकेयूडीसीओआर-ओएम10 निविदा आईडी: 2025_एनसीआरटीसी_245258_1
टीपीडीडीएल की 33 केवी, 11 केवी, एलटी विद्युत यूटिलिटी की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग स्थानांतरण/संशोधन और दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत कॉरिडोर में करनाल से नरेला तक स्थित स्ट्रीटलाइटों का विस्थापन/स्थानांतरण (चै. 20770-33800) के लिए।

एनआईटी सं.: डीकेयूडीसीओआर-ओएम09 निविदा आईडी: 2025_एनसीआरटीसी_245257_1
टीपीडीडीएल की 33 केवी, 11 केवी, एलटी विद्युत यूटिलिटी की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग स्थानांतरण/संशोधन और दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत कॉरिडोर में कश्मीरी गेट से नरेला तक स्थित स्ट्रीटलाइटों का विस्थापन/स्थानांतरण (चै. 9650 से 20770) के लिए।

विस्तृत जानकारी एवं अनुवर्ती परिशिष्ट/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) के लिए कृपया एनसीआरटीसी वेबसाइट www.ncrtc.in या सीपीपी पोर्टल www.etenders.gov.in/eprocure/app को 16.12.2025 से 19.01.2026 (1500 बजे तक) देखें। हस्ता- ई.डी/प्रोक्योरमेंट

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-29, कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम) 1/51, विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

संख्या : 2110/ईनिविदा/284 दिनांक 15.12.2025

**ई-निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) की ओर से जनपद रायबरेली के आबकारी गोदाम के परिसर स्थित खड़न्जा मरम्मत एवं महिला शौचालय के निर्माण कार्य हेतु अनुमानित लागत रू0 11.44 लाख हेतु सी0 एण्ड डी0एस0 में उपयोगित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 19.01.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। उक्त कार्य हेतु ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 22.12.2025 से दिनांक 19.01.2026 के मध्य उत्तर प्रदेश सरकार की e-procurement वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं तथा ई-निविदा दिनांक 20.01.2026 को 16:30 बजे कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-29, सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम(नगरीय), 1/51, विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में खोली जायेगी। उक्त कार्य हेतु आमंत्रित निविदा का विस्तृत विवरण ई-निविदा के पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा।

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) की वेबसाइट www.cdsupjn.org/www.upjn.org एवं e-procurement पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित समस्त शुद्धि पत्र (Corrigendum) https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड किये जायेंगे, इनका पृथक से कोई प्रकाशन नहीं किया जायेगा। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाइट का समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

**KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION**
**Tender Notice NO.115. Date 15/12/2025**
**This is with reference to above mention tender notice for following work**

Under the revised administrative approval of the Shri Kshetra Mahalaxmi (Karveer Nivasini Ambabai) Temple, Kolhapur pilgrimage area development plan, the work involves construction- related activities at C.S. No. 2267 (A), near Saraswati Talkies in A Ward. This includes carrying out internal and external plastering and flooring works for the third, fourth, fifth, sixth, and seventh floors of the multi-storey parking and devotees' accommodation building, with all allied and essential internal works such as plumbing, electrification, lifts, carpentry/ woodwork, waterproofing, etc.
For above work tender submission dates as follows-

| | |
|---|---|
| Start date of Submission of Documents | 16/12/2025 9.30 A. M |
| Pre Bid Meetting Date | 17/12/2025 11.00 A. M |
| Last date of Submission of Documents | 23/12/2025 3.30 P. M |
| Opening of Bids | 29/12/2025 11:00 A. M |

Details available on www.mahatenders.gov.in

sd/-
City Engineer,
Kolhapur Municipal Corporation.

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी)

वैश्विक आमंत्रण (इलेक्ट्रॉनिक बोली के माध्यम से)

टैरिफ के जरिए प्रतिस्पर्धात्मक बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के माध्यम से 01 (एक) अंतर-राज्यीय पारेषण परियोजना के निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) आधारित पारेषण सेवा प्रदाता के चयन के लिए

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड, नई दिल्ली, भारत ... www.recindia.nic.in तथा www.recpdcl.in ...

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | स्पष्टीकरण मांगने की अंतिम तिथि | आरएफपी के उत्तर में प्रस्ताव जमा की अंतिम तिथि | आरएफपी प्रस्ताव खोलने का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 400/220/132 केवी एआईएस सबस्टेशन (जिला भंडारा) की स्थापना | 06.01.2026 | 17.02.2026 1500 बजे तक (भा.मा.स) | 17.02.2026 को 1530 बजे (भा.मा.स) |

मुख्य कार्यपालक अधिकारी, आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड, कोर - 4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003, भारत

बोली प्रक्रिया समन्वयक: REC Power Development आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड | महाराष्ट्र सरकार | राज्य पारेषण उपक्रम महाराष्ट्र

ऊर्जा ही जीवन है, इसे बचाएं। Give a missed call on toll free number 18002003004 to get our Apps

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, वि./यां. विंग, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम) आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांक : 2378/6901/विविध-3/(25)/584 दिनांक : 12.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ.प्र. जल निगम, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद कानपुर में नलकूपों के निर्माण हेतु पम्पिंग प्लान्ट सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 16.12.2025 से 23.12.2025 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, वि./वी. विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, वि./वी. विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.1000+ 18% जी.एस.टी (1000+180=1180) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बंधित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा सूचना

निविदा विक्रय की तिथि : 16.12.2025 से 23.12.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा डालने की तिथि : 24.12.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि : 24.12.2025 अपराह्न 3.30 बजे तक।

**U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd.**
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow

| S.L. N. | Code No. | NAME OF ZONE | NAME OF WORK | TENDER COST (in lakh) | Date of Pre-bid Meeting | Date of Submission/ Opening of Technical bid |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AGRA-25/25 | AGRA ZONE | Construction of Balance work 2 Units Fire Station Building at Panki Industrial Area, Kanpur (U.P) | 184.08 | 25.12.2025 | 30.12.2025 |
| 2 | VAR-18/25 | VARANASI ZONE | Construction of Balance work of Administrative Block for Cyber Crime Thana at Azamarh | 256.45 | 18.12.2025 | 26.12.2025 |

For more details visit U.P. Government e-tender portal http://etender.up.nic.in and UPRNNL website http://www.uprnn.upsdc.gov.in

TIMES interact To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

प्रॉपर्टी | बिक्री के लिए | लखनऊ

2152' two and half story beautiful house west facing ready to shift in vishwas khand gomti nagar lucknow co.no.8736172372

व्यक्तिगत | खोया एवं पाया

मैं संजय कुमार सिंह पुत्र स्व. भूप नारायण सिंह (नि.- अहमुजी कॉलोनी, चकिवान, गाजीपुर, उ.प्र.) मेरे फ्लैट सं. 28/203 प्रथम तल, old मल्हार सहारा स्टेट जानकीपुरम, BKT लखनऊ-226021 की मूल रजिस्ट्री जो कि उप निबंधक कार्यालय BKT लखनऊ में दिनांक 27.06.02 को रजिस्ट्रीकृत है जिसका पुस्तक संख्या- 1, जिल्द सं. 413 के पृष्ठ संख्या 151/172 क्रमांक संख्या 1606/02 रजिस्ट्रीकृत है और साथ में कब्जा पत्र कहीं खो गये है। जिसका FIR दर्ज करा दिया गया है। भविष्य में रजिस्ट्री व कब्जा पत्र का उपयोग अमान्य होगा।

टेंडर और नोटिस | निविदाएं (टेंडर्स)

इंडिया एक्जिम बैंक India Exim Bank — पूर्व अर्हता हेतु आमंत्रण
भारतीय निर्यात-आयात बैंक द्वारा पात्र भारतीय संस्थाओं से EPC कॉन्ट्रैक्टर की अर्हता के लिए बिड आमंत्रित है।
प्रयोजन: रवांडा में कृषि मशीनीकरण में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना संबंधी बकाया काम को पूरा करना।
विवरण: https://www.eximbankindia.in/lines-of-credit पर उपलब्ध है।
आगामी सभी परिशिष्ट/ शुद्धिपत्र बैंक की वेबसाइट पर सूचित किए जाएंगे।

TO GROW YOUR BUSINESS PLEASE CALL US — LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044125080, Anurag Nadhyal - 9840949082; KANPUR: Anoop Dixit - 7860652468; ALLAHABAD: Amit Shrivastava - 9648015251; VARANASI: Nitesh Arora - 9565869838; GORAKHPUR: Chandrashekar Sinha - 9415809274

TO PLACE AN ADVERTISEMENT IN THIS SECTION PLEASE CALL
CALL : 18001205474 (Toll Free)
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE — SCAN QR CODE

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: pratik.awasthi Time: 12-16-2025 00:27 Color:



# परमिट शहर का, फिटनेस के लिए BKT कैसे जाएं?


## 150 ऑटो-टेंपो की फिटनेस नहीं, चालकों के आगे रोजगार का संकट, ऑटो ओनर्स-चालक वेलफेयर असोसिएशन ने परिवहन आयुक्त से की शिकायत

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गाड़ियों की फिटनेस के लिए बख्शी का तालाब (BKT) में बनाए गए ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (ATS) से वाहन मालिक परेशान हो गए हैं। इसकी वजह है ATS की मुख्य शहर से करीब 42 किमी की दूरी। इसके अलावा BKT जाने के लिए रूट की भी समस्या आ रही है, क्योंकि गाड़ी चलाने का परमिट शहर के अंदर ही है। इस कारण कई वाहन मालिकों ने गाड़ियों की फिटनेस करवाने से हाथ खड़े कर लिए हैं। अगर यही हाल रहा तो शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम गड़बड़ा सकता है। ऑटो ओनर्स-चालक वेलफेयर असोसिएशन ने परिवहन आयुक्त से गुहार लगाई है कि इसका विकल्प निकाला जाए।

ऑटो ओनर्स-चालक वेलफेयर असोसिएशन के किशोर वर्मा पहलवान ने कहा कि BKT तक जाने में रूट की समस्या है, क्योंकि ऑटो का संचालन शहर में ही कर सकते हैं। इसके बाहर जाने के लिए परमिट ही नहीं है। ऐसे में हम कैसे जाएंगे? इसके अलावा एक बार में करीब 300 रुपये की CNG भी खर्च हो रही है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने ऑटो-टेंपो चालकों की समस्या को सुना ही नहीं है। इस वजह से 150 से ज्यादा गाड़ियां बिना फिटनेस के नहीं चल पा रही हैं। इनके चालकों के आगे रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। किशोर के मुताबिक इस संबंध में परिवहन आयुक्त को अवगत करा दिया गया है। आयुक्त से मांग की गई है कि BKT के ATS को चलाने के साथ ट्रांसपोर्टनगर के फिटनेस सेंटर को भी संचालित किया जाए।

**ATS की मुख्य शहर से दूरी करीब 42 किमी है**

AI Image




### अभी और गहराएगा संकट

कार्यवाहक अध्यक्ष नौशाद अली ने बताया कि अभी तो पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सिस्टम गड़बड़ हुआ है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं की सप्लाई करने वाले कमर्शल वाहनों की भी फिटनेस अटकनी शुरू हो गई है। क्योंकि, दिन में उस रूट पर जाने में समस्या है। रात में वहां पर वाहन खड़ा करने के बाद इंतजार करें और उसके बाद फिटनेस करवाएं। फिर रात में निकलें तो ट्रांसपोर्टरों का बड़ा नुकसान होगा। साथ ही, दैनिक उपयोग और आपातकालीन सेवाओं की आपूर्ति बाधित होने लगेगी।

### मोर्थ से लगाई समाधान की गुहार

असोसिएशन के पदाधिकारियों ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) को पत्र लिखकर समस्या के समाधान की गुहार लगाई है। पत्र में कहा गया है कि केंद्र इस मामले में हस्तक्षेप कर वाहन मालिकों की दिक्कतों को दूर करे। इसके अलावा यूपी सरकार, परिवहन मंत्री समेत आला अधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

# LDA के सफाईकर्मी की संदिग्ध हालात में मौत, भाई बोला-हत्या हुई

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कृष्णानगर इलाके में किराए के मकान में रहने वाले एलडीए के कर्मचारी का शव संदिग्ध हालात में मिला है। उसके गले पर चोट और कसाव का निशान मौजूद था। भाई ने हत्या का आरोप लगाया है।

संतकबीरनगर के बखरया इलाके में रहने वाला विनय कुमार (35) LDA में स्वच्छ समिति अनुभाग में सफाई कर्मी था। वह कृष्णानगर के पकरी का पुल के पास आनंद नगर इलाके में अर्जुन गुप्ता के मकान में किराए पर रहता था। उसकी पत्नी संगीता, बच्चे प्रियांशु, हिमांशु और दिव्यांशु गांव में ही रहते हैं। भाई आनंद कुमार के मुताबिक रविवार शाम 4 से 5 बजे के बीच मकान मालिक अर्जुन ने कॉल की और कहा कि विनय ने अभी तक किराया नहीं दिया था। उन्हें रुपयों की जरूरत है। भाई आनंद ने अपने बेटे से ऑनलाइन 4000 रुपये मकान मालिक को ट्रांसफर करवा दिए। कुछ देर बाद भाई के पास मकान मालिक अर्जुन ने कॉल करके बताया कि विनय की तबीयत खराब है। कुछ देर बाद जानकारी दी कि मौत हो गई है।

भाई आनंद के मुताबिक मोहल्ले के लोगों ने बताया कि अर्जुन ने 112 पर सूचना दी थी। 112 की टीम मौके पर पहुंची तो दरवाजा खुल नहीं रहा था। पुलिसकर्मियों ने दरवाजे को धक्का दिया तो खुल गया। विनय संदिग्ध हालात में दरवाजे के पास ही पड़ा था। पुलिस लोगों की मदद से उसे लोकबंधु अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर भाई आनंद परिवारीजनों के साथ लखनऊ पहुंचा। भाई के मुताबिक विनय के गले पर चोट और कसाव का निशान मौजूद था। भाई ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। भाई ने मकान मालिक अर्जुन की भूमिका पर संदेह जताया है।



विजय (FILE)

**कृष्णानगर इलाके की घटना, गले पर चोट और कसाव का था निशान**

### दोपहर में हुई थी बात

पुलिस का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया था। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि हर बिंदु को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन की जा रही है। विजय से रविवार को कौन-कौन मिलने के लिए पहुंचा था, इस बारे में पड़ताल की जा रही है। इसके अलावा कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही है। भाई आनंद कुमार ने बताया कि रविवार दोपहर 12:30 बजे विजय से बात हुई थी। उसका हालचाल लिया था। उसने कहा था कि स्वस्थ है, कोई दिक्कत नहीं बताई थी। आनंद ने पूरे मामले में गंभीरता से जांच की मांग की है।

### बीएससी के छात्र ने लगाई फांसी, मौत

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बाजारखाला में बीएससी के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नखास निवासी वेद प्रकाश का बेटा गौरव वर्मा क्रिश्चियन कॉलेज में बीएससी फाइनल ईयर का छात्र था। गौरव और उसकी मां दीप्ति बाजारखाला पुराना टिकैतगंज में किराए के मकान में रहते थे। लोगों ने बताया कि सोमवार सुबह गौरव क्रिश्चियन कॉलेज में हो रहा इंटरनल एग्जाम देने गया था। जहां से वह करीब 12 बजे लौटा, मां दीप्ति घरों में काम करने के लिए निकली थीं। इसी दौरान उसने दुपट्टे का फंदा बनाकर कुंडे के सहारे फांसी लगा ली।

# प्रॉपर्टी डीलरों ने किस्तों पर रुपये लेकर नहीं की ज़मीन की रजिस्ट्री

## एलडीए ने मोहान रोड के पास करीब 500 बीघे पर चलाया बुलडोजर

Gyaneshwar.prasad
@timesofindia.com

■ लखनऊ : काकोरी में अवैध प्लॉटिंग कर प्रॉपर्टी डीलरों ने निवेशकों के करोड़ों रुपये डकार लिए। एलडीए का बुलडोजर चला, तब निवेशकों की नींद उड़ी। अब प्रॉपर्टी डीलर निवेशकों को दूसरी साइट में समायोजित करने की 'मीठी गोली' दे रहे हैं। वहीं, एलडीए ने अवैध कब्जे से खाली करवाई गई करीब 500 बीघा जमीन पर अपना बोर्ड लगाकर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। काकोरी इलाके के दोना, तेज कृष्ण खेड़ा और सकरा गांव की जमीनों पर प्रॉपर्टी डीलरों ने एलडीए से ले-आउट पास करवाए बिना अपनी-अपनी साइटें डिवेलप की थीं। यहां ब्लेज सिटी के लिए 380 बीघा से अधिक और फ्लोरिया सिटी के लिए 150 बीघा से अधिक जमीनों पर अवैध रूप से सड़क, नाली, बिजली के खंभे लगाए गए थे। साइट के कार्यालय भी बने थे। कुछ जमीनों की बाउंड्री भी करवा दी गई थी। एलडीए के जोन-3 के प्रवर्तन दस्ते ने 25 जेसीबी और दो पोकलैंड लगाकर शनिवार को 11 घंटे में दोनों साइटों को ध्वस्त कर वहां अपना बोर्ड लगा दिया है। दरअसल एलडीए यहां की जमीनों को अधिग्रहीत कर चुका है। एलडीए की कार्रवाई के बाद जिन लोगों ने प्लॉट के लिए निवेश किया था, उनकी नींद उड़ गई है। वह लोग फर्जी तरीके से साइट डिवेलप करने वाले प्रॉपर्टी डीलरों के चक्कर लगा रहे हैं।

**मोहान रोड योजना की सुगबुगाहट होते ही काटे प्लॉट :** एलडीए की मोहान रोड योजना आने की सुगबुगाहट होते ही प्रॉपर्टी डीलरों ने अवैध रूप से साइट डिवेलप करना शुरू कर दिया था। सस्ते प्लॉट के चक्कर बड़ी संख्या में लोगों ने निवेश किया और प्रॉपर्टी डीलरों ने उनके प्लॉट भी काट दिए हैं, लेकिन सूत्रों का कहना है कि ज्यादातर निवेशकों की न तो रजिस्ट्री हुई है और न ही उनके नाम से दाखिल खारिज हुआ। अगर किसी की रजिस्ट्री हो भी गई तो उसका दाखिल खारिज नहीं हुआ है। ऐसे में अगर एलडीए खाली करवाई गई जमीन को अपनी योजना में शामिल करती है तो खरीदारों को कुछ भी नहीं मिलेगा।



### हर माह जमा करवाते थे रकम

प्राइवेट डिवेलपर्स ने अपनी साइटों में प्लॉट एकमुश्त बेचने के बजाए छोटे तबके के लोगों को किस्तों पर प्लॉट देने के सपने दिखाए थे। करीब चार साल से सैकड़ों लोगों के प्लॉट कागजों पर काट दिए और उनसे हर माह किस्त वसूली जा रही थी। भरोसा दिया गया था कि किस्तें पूरी होने के बाद प्लॉट पर कब्जा दे दिया जाएगा और रजिस्ट्री कर दी जाएगी। लिहाजा लोग प्लॉट पाने के चक्कर में अपनी गाढ़ी कमाई में से हर महीने किस्तें भरते रहे और प्रॉपर्टी डीलरों ने करोड़ों रुपये गटक लिए। अब एलडीए के ध्वस्तीकरण के बाद किस्तों पर प्लॉट लेने वाले ठगा महसूस कर रहे हैं। हालांकि कुछ पीड़ितों ने प्रॉपर्टी डीलरों के डर के मारे डीएम कार्यालय में गोपनीय शिकायत दर्ज करवाई है। डीएम विशाख जी का कहना है कि अगर शिकायत आती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सरोजनीनगर के बेहसा में खूब हो रहे हैं अवैध कब्जे

काकोरी के अलावा सरोजनीनगर के बेहसा गांव में भी प्रॉपर्टी डीलरों ने एक खसरा नंबर की आड़ में दूसरे खसरा नंबर पर प्लॉट काटकर फर्जीवाड़ा शुरू कर दिया है। मामले की शिकायत स्थानीय लोगों ने डीएम से की है। मंडलायुक्त और डीएम के निर्देश पर यहां की जमीनों की दो बार जांच करवाई जा चुकी है। तत्कालीन मंडलायुक्त ने हदबंदी भी करवाई थी, लेकिन फर्जीवाड़ा थम नहीं रहा है। अब बीजेपी के एक नेता की शिकायत पर एक बार फिर डीएम ने पूरे मामले की जांच के लिए कमिटी गठित कर दी है।

# डीवीओआर व एचपीडीएमई के लिए बनेगा नया भवन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: अमौसी एयरपोर्ट का विमान ऑपरेशन बेहतर करने की कवायद शुरू हो गई है। लखनऊ एयरपोर्ट पर विमानों को दूरी और रास्ता बताने वाले वर्षों पुराने डॉप्लर वेरी हाइ फ्रीक्वेंसी ओम्निडायरेक्शनल रेंज (डीवीओआर) के साथ हाई-पावर डिस्टेंस मेजरिंग इक्विपमेंट (एचपीडीएमई) को बदला जाएगा। इन दोनों प्रणालियों को लगाने के लिए नए भवन का शिलान्यास लखनऊ एयरपोर्ट परिसर में किया गया। डीवीओआर विमान को सटीक दिशा संबंधी जानकारी प्रदान करता है, जिससे पायलट ग्राउंड स्टेशन से अपनी दिशा निर्धारित करते हैं, सिस्टम में एचपीडीएमई भी शामिल है, जो ग्राउंड स्टेशन से विमान की दूरी बताता है। मौजूदा नेविगेशन सिस्टम की फ्रीक्वेंसी 360 किलोमीटर तक है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने नेविगेशन सिस्टम को बदलने का प्रस्ताव भेजा था। इस पर स्वीकृति मिलने पर नेविगेशन सिस्टम स्थापित करने के लिए नए भवन का भूमिपूजन लखनऊ एयरपोर्ट के सीएओ दर्शन सिंह ने किया।

# टीचर ने यूट्यूबर पर लगाया विडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्राइमरी स्कूल की महिला शिक्षिका ने एक यूट्यूबर पर कैंपस के अंदर का विडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने और फिर उसे हटाने के नाम पर रुपये मांग कर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। शिक्षिका के आरोपों के आधार पर गोमतीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गोमतीनगर स्थित विनीतखंड-1 में प्राथमिक विद्यालय, राम आसरे का पुरवा है। यहां पर सहायक अध्यापक के पद पर नम्रता सिंह तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 दिसंबर की दोपहर करीब 2:40 बजे यूट्यूब चैनल 'द जेस्टर जोन' से जुड़ी प्रियांशी पांडेय अपने कैमरामैन के साथ बिना अनुमति स्कूल परिसर में दाखिल हुईं। उस समय विद्यालय में अनुदेशक गनेंद्र शुक्ला और सरिता सिंह भी मौजूद थे। आरोप है कि यूट्यूबर ने शिक्षिका को धमकाकर जबरन विडियो रेकॉर्ड किया। नम्रता का आरोप है कि स्कूल अवधि के दौरान कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिलने पर छुट्टी के बाद बच्चों को प्रलोभन देकर झूठे बयान दिलवाए गए और जानबूझकर उन्हें बदनाम करने के उद्देश्य से विडियो बनाया गया।

शिक्षिका के अनुसार 9 दिसंबर को सोशल मीडिया पर विडियो अपलोड होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने कैमरामैन से विडियो हटाने का अनुरोध किया। आरोप है कि इसके बाद यूट्यूबर की टीम के एक सदस्य ने विडियो हटाने के बदले डेढ़ लाख रुपये की मांग की। रुपये देने से इनकार करने पर विडियो को और अधिक प्रसारित कर दिया गया। नम्रता सिंह ने बताया कि ब्लैकमेलिंग से जुड़ी ऑडियो रेकॉर्डिंग उनके पास साक्ष्य के रूप में है। घटना से वह मानसिक रूप से परेशान हैं। उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंचा है। शिक्षिका की तहरीर पर गोमतीनगर पुलिस ने यूट्यूबर प्रियांशी पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर मामले की छानबीन की जा रही है।

**गोमतीनगर पुलिस ने आरोपों के आधार पर FIR**

# याजदान बिल्डर्स पर जालसाजी की FIR दर्ज

■ NBT न्यूज, लखनऊ : एलडीए अप्रूव्ड के फर्जी कागज दिखाकर ग्राहकों को फ्लैट बेचने के आरोप में याजदान बिल्डर्स के खिलाफ रविवार को हुसैनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। एनओसी न होने पर एलडीए ने अपार्टमेंट के ध्वस्तीकरण के 2023 में आदेश दिए थे। आरोपित अब भी ग्राहकों को झूठे आश्वासन दे रहे हैं।

बाराबंकी सिंदवारी ग्राम बेड़ा निवासी रामकरन सिंह बच्चन ने बताया कि लखनऊ में फ्लैट खरीदने के लिए उन्होंने हुसैनगंज सर्वोदय विहार निवासी शराफत अली से मुलाकात की थी। बातचीत के दौरान याजदान बिल्डर के प्रतिनिधि शराफत अली ने अपार्टमेंट को एलडीए अप्रूव्ड बताया और एनओसी के फर्जी कागज दिखाए। पीड़ित और उनके साथी रामचन उपाध्याय ने अलाया अपार्टमेंट में 2017-18 में दो फ्लैट खरीदे। 14 अप्रैल 2023 को एलडीए ने अलाया अपार्टमेंट को अवैध घोषित कर ध्वस्तीकरण के आदेश दिए। इस पर पीड़ितों ने आरोपितों से रुपये मांगे। पीड़ित ने बताया कि आरोपित अब भी अपार्टमेंट को वैध घोषित करवाने का झांसा दे रहे हैं और रुपये वापस नहीं दे रहे हैं। पीड़ित ने आरोपित फाहद याजदान, शराफत अली उनके साथी अब्दुल कादिर खान और फरहत खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक आरोपितों ने कई ग्राहकों से धोखाधड़ी की है। थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने बताया कि मामले में जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**अलाया अपार्टमेंट के LDA अप्रूव्ड होने के दिखाए फर्जी कागज**

## पिटाई कर युवक का फोड़ा सिर

■ NBT न्यूज, नगराम : नगराम के करोरा में रविवार देर रात एक फास्ट फूड दुकानदार पर दबंग द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मल्लाही खेड़ा का मजरा करोरा निवासी गुरुप्रसाद ने बताया कि वह करोरा गांव में स्थित सूर्या लॉन के पास फास्ट फूड की दुकान चलाते हैं। रविवार की रात करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान मल्लाही खेड़ा मोड़ के पास होटल मैनेजर शंकर मौर्य ने उसे रोककर पिटाई कर दी, जिससे उसका सिर फट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। एसओ नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## चालक पर लगाया चोरी का आरोप

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर: दरोगा खेड़ा स्थित आशापुरम कॉलोनी में रहने वाली नीलिमा सिंह ने कार चालक पर चोरी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। नीलिमा सिंह 24 नवंबर को उन्नाव के आदर्श नगर स्थित पिता के घर गई थीं, जहां रिश्तेदारी में तिलक समारोह था। कार्यक्रम के लिए उन्होंने परिचित के माध्यम से कार बुक की थी। समारोह के बाद सभी लोग लखनऊ लौटे। घर पहुंचने पर चालक ने सामान उतरवाया और कार लेकर चला गया। थकान के कारण उसी समय जांच नहीं हो सकी। अगले दिन झोला खोलने पर गहनों का बैग गायब मिला। चालक ने सामान मिलने से इनकार कर दिया। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है।

# BJP मंडल उपाध्यक्ष की कार में तोड़फोड़ कर रखे मांस के टुकड़े

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर: सरोजनीनगर दक्षिण प्रथम के भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राहुल मिश्र की कार का शीशा तोड़कर उसमें रखे गए मांस के टुकड़ों से हड़कंप मच गया। जानकारी होते ही पीड़ित ने इसकी सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सरोजनीनगर के बेहसा निवासी राहुल मिश्र के मुताबिक 13 दिसंबर को विधायक निधि से उनके पड़ोस में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था, जिसका कुछ लोग विरोध कर रहे थे। इस पर राहुल ने हेल्पलाइन और पुलिस को बुलाया, जिसके बाद मामला शांत हो गया था। राहुल का कहना है कि 14 दिसंबर की सुबह करीब 8 बजे उनकी स्विफ्ट कार का पिछला शीशा ईंट से टूटा मिला। साथ ही कार के अंदर मांस रखा हुआ था। यह देख राहुल ने इसकी सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी। उनका कहना है कि उन्हें बदनाम करने के लिए काम किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की तलाश में जुटी है।

**पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच**

### बालू लदे ट्रक ने सांड़ को रौंदा

■ NBT न्यूज, माल : सड़क किनारे बैठे एक सांड़ को बालू लदे ट्रक ने रौंद दिया हादसे में सांड़ के दोनों पैरों के खुर अलग हो गए। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने पीछा कर उसे रोक लिया और थाने पहुंचाया। रामनरेश सिंह ने थाने में लिखित शिकायत दी। सूचना पर पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने सांड़ का इलाज किया। बाद में सांड़ को रनीपारा स्थित गौआश्रय भेज दिया गया।

# लेन-देन के विवाद में युवक को चाकू से मारा

■ NBT न्यूज, लखनऊ : गुडंबा में उधारी के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। रविवार शाम रुपये मांगने से नाराज युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक युवक पर हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार छुहिया पुरवा निवासी लकी ने एक महीने पहले फैसल नाम के युवक को 1500 रुपये उधार दिए थे। कई बार मांगने के बावजूद रुपये नहीं लौटाए गए। इसी बात को लेकर फोन पर विवाद हुआ और फैसल ने लकी को पानी की टंकी के पास बुलाया। लकी के साथ उसका चचेरा भाई कृष्ण राजपूत भी पहुंचा। वहां फैसल अपने चार साथियों संग आया और मारपीट शुरू हो गई। विरोध करने पर कृष्ण पर चाकू से तीन वार किए गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

# सुरक्षा वाहिनी में तैनात सिपाही को कार ने मारी टक्कर, मौत

■ NBT न्यूज, लखनऊ : गोमती नगर में रविवार रात खाना खाकर लौट रहे साइकल सवार सिपाही को तेज रफ्तार कार सवार ने उड़ा दिया। भीषण टक्कर से उछल कर सड़क पर गिरे सिपाही का सिर फट गया। साथी सिपाहियों ने आनन-फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौके से कार सवार को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

इंस्पेक्टर गोमती नगर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि सलेमपुर देवरिया निवासी सिपाही अखिलेश चौबे गोमती नगर के सुजन विहार में स्थित सुरक्षा वाहिनी में तैनात हैं। सोमवार रात खाना खाकर लौट रहे थे। सुजन विहार के गेट नंबर एक पर पहुंचे ही थे कि पीछे से आए तेज रफ्तार वैगनआर कार सवार ने साइकल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अखिलेश उछल कर दूर गिरे। सड़क से टकराते हुए उनका सिर फट गया। गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने कार सवार को पकड़ लिया, तुरंत अखिलेश को सिविल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां उनकी सांसें थम गईं।

**खाना खाकर साइकल से लौट रहे थे, गोमती नगर के सुजन विहार में हुआ हादसा**

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

अखिलेश के परिवार में पत्नी आशा, एक बेटा, दो बेटी हैं। रिश्तेदार दुर्गेश तिवारी ने बताया कि हादसे का पता चलते ही पत्नी बेसुध हो गई, बेटियों का भी रो-रो कर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर गोमती नगर बृजेश चंद्र तिवारी का कहना है कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवारीजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। अंतिम संस्कार के बाद संपर्क किया जाएगा।

# डांस के विवाद में युवक और उसके दोस्त को पीटा

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज : हुलासखेड़ा निवासी राज त्रिवेदी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि रविवार रात वह अपने दोस्त अमित यादव और विनीत यादव के घर जन्मदिन पार्टी में गया था। डीजे पर नाचते समय आर्यन यादव से उसका विवाद हो गया। आरोप है कि आर्यन ने पहले गाली-गलौज की और धक्का दे दिया। विरोध करने पर आर्यन, अमित, विनीत और गोलू ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे दोस्त दीपक यादव के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि आर्यन ने पिस्टल की बट से राज के सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। किसी तरह जान बचाकर भागे पीड़ित ने सोमवार को कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। आरोपितों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।




## फटाफट खबरें

### महिला पुलिसकर्मी के घर ताला तोड़कर चोरी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बीकेटी में चोरों ने महिला पुलिसकर्मी के बंद मकान का ताला तोड़कर कैश और जेवर पर हाथ साफ कर दिया। ड्यूटी से लौटने पर उन्हें चोरी का पता चला। पुलिस भर्ती बोर्ड में तैनात महिला पुलिसकर्मी सीमा दुबे का बीकेटी के सकरपुर सरैया में मकान है। रविवार को वह ड्यूटी पर थीं, जबकि उनका बेटा और बहू पुलिस लाइन्स स्थित आवास पर रुके थे। ड्यूटी से घर लौटने पर मकान का ताला टूटा देख सीमा दंग रह गईं। अंदर गईं तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों के लॉकर टूटे थे। लॉकर में रखी तीन सोने की अंगूठी, दो जोड़ी सोने की बाली और 40 हजार कैश गायब था।

### व्यापारी पर लगाया रुपये हड़पने का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के संयोजक ने एक व्यापारी पर पांच लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर छानबीन की जा रही है। बीबीडी स्थित गोयल अपार्टमेंट में रहने वाले राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के संयोजक कमलेश त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि दिल्ली के विश्वास नगर इलाके में रहने वाले व्यापारी योगेश मित्तल ने उनसे 8 लाख रुपये लिए थे। दबाव बनाने पर 3 लाख रुपये ऑनलाइन वापस किए। पीड़ित का दावा है कि आरोपित ने अभी तक बकाया लौटाया नहीं है। कॉल करने पर आरोपित अभद्रता करते हैं। बीबीडी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### वीआईपी यात्रा का झांसा दे ₹1.40 लाख ठगे

■ NBT न्यूज, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में वीआईपी टूर का झांसा देकर महिला से 1.40 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपित अब पैसे नहीं लौटा रहा है। सुशांत गोल्फ सिटी स्मृति विहार अहिमामऊ निवासी पूजा सिंह ने बताया कि अलकनंदा अपार्टमेंट निवासी रमेश कुमार यादव टूर ऐंड ट्रैवल्स का काम करते हैं। पीड़िता ने वीआईपी यात्रा के लिए रमेश को 1.40 लाख रुपये दिए थे। शर्त के अनुसार सुविधा न मिलने पर पीड़िता ने विरोध जताया और यात्रा कैंसल कर दी। आरोपित ने पीड़िता को 49 हजार रुपये लौटा दिए। बकाया रुपये मांगने पर आरोपित टालमटोल कर रहा है। शनिवार को पूजा ने कॉल कर रमेश से रुपये लौटाने को कहा। आरोप है कि आरोपित ने पीड़िता के साथ गाली-गलौज की। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ रविवार शाम रिपोर्ट दर्ज कराई।

### मॉडल शॉप से उड़ाई महंगी शराब की बोतलें

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बीकेटी में कंपोजिट मॉडल शॉप की चादर काटकर घुसा चोर कैश और महंगी शराब की बोतलें चोरी कर ले गया। सोमवार सुबह शॉप खोलने पहुंचे मैनेजर को चोरी का पता चला। बीकेटी पुलिस के मुताबिक रायबरेली के लालगंज निवासी अनिल जायसवाल की मामपुर बाना में कम्पोजिट मॉडल शॉप है। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह मैनेजर जब शॉप खोलने पहुंचा, ताला खोलकर अंदर गया तो काउंटर में तोड़फोड़ देख दंग रह गया। उन्होंने बताया कि चोर पीछे के रास्ते शॉप की छत पर पहुंचा और लोहे की चादर काटकर अंदर दाखिल हुआ है। दुकान से 50 हजार रुपये कैश और शराब की महंगी बोतलें गायब हैं। इंस्पेक्टर संजय सिंह का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे में एक चोर दिखाई दिया है। रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

### प्रतिबंधित हरे पेड़ काटने वालों पर केस

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज के पुरसेनी गांव स्थित एक फार्म हाउस में चोरी-छिपे प्रतिबंधित हरे पेड़ों की कटान का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम को अंदर जाने के लिए पहले फार्म हाउस के कर्मचारियों ने गेट नहीं खोला। पुलिस फोर्स के पहुंचने पर गेट खुलवाया गया, जहां भीतर 19 हरे पेड़ों के ठूंठ मिले। बीट प्रभारी साजन कुमार ने बताया कि पूछताछ में फार्म हाउस सोना सरदार का पाया गया। अवैध कटान का आरोप इकरार, बलबीर, राजकुमार और आशीष पर है। चारों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### प्रेमिका के अश्लील विडियो वायरल किए

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत करवाई है कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी तय की थी। जानकारी मिलते ही बेटी के प्रेमी अरुण पाल ने उस पर जबरन विवाह का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मना करने पर आरोपित ने बेटी के ससुराल पक्ष को फोन कर शादी करने पर जान से मारने की धमकी दी और बेटी के अश्लील फोटो व विडियो भेज दिए। इस हरकत से युवती परेशान है और पूरा परिवार भय व तनाव में है। आरोपित की वजह से विवाह भी टूटने के कगार पर है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपित अरुण पाल के खिलाफ आईटी ऐक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### विवाद में किन्नरों पर मारपीट का आरोप

■ NBT न्यूज, लखनऊ: सआदतगंज में सीढ़ियों से गुजरने को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में विवाद हो गया। थाना प्रभारी संतोष आर्य ने बताया कि चौपटिया निवासी श्रुति साहू और आरती साहू रिश्तेदार हैं और एक ही घर में रहती हैं। दोनों पक्षों का सीढ़ियों को लेकर पुराना विवाद है। श्रुति साहू का आरोप है कि उनकी बुआ रचना और बेटा विपुल, बेटी गौरी और कुछ किन्नरों ने रविवार दोपहर सीढ़ियों से चढ़ने-उतरने को लेकर मारपीट की। किन्नरों ने पीड़िता और उसके भाई पर रॉड से हमला कर दिया। वहीं, आरती साहू ने नवीन साहू, दिनेश, रक्षा, मिथिलेश, सुरेश पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक वह प्रेग्नेंट है, इसके बावजूद आरोपितों ने पिटाई की। दोनों तरफ से रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच हो रही है।

### जनेश्वर एन्क्लेव में अटकी लिफ्ट

■ NBT न्यूज, लखनऊ: जनेश्वर एन्क्लेव में सोमवार को दोपहर ए-ब्लॉक में लिफ्ट फंस गई। कुर्सी रोड स्थित जनेश्वर एन्क्लेव के अपार्टमेंट के ए-ब्लॉक में पांचवें तल पर फ्लैट नंबर-501 में रहने वाली अंजना मिश्रा ने बताया कि वह बेटे राजवर्धन को लेकर स्कूल से घर आ रही थीं। लिफ्ट कुछ दूरी पर चलकर बीच में अटक गई। तीन-चार बार इंटरकॉम बजाया, लेकिन किसी ने नहीं सुना। नेटवर्क न आने से मोबाइल भी नहीं चला। करीब 20 मिनट तक लिफ्ट में परेशान रहे।

## फटाफट खबरें

### चैरिटी विद एंटरटेनमेंट से बुजुर्गों के चेहरे खिले



■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** अदिल नगर स्थित समर्पण वृद्धाआश्रम में आरआरआर इंटरटेनमेंट द्वारा चैरिटी विद एंटरटेनमेंट सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व पत्रकार एवं जी टीवी के नए रियलिटी शो कहानी हर घर की में काउंसलर रश्मि मिश्रा ने कहा कि बुजुर्गों को उपहार के साथ अपनापन और मनोरंजन भी जरूरी है। मौके पर गीत-संगीत और नृत्य ने माहौल को भावुक व आनंदमय बना दिया। अंत में आश्रमवासियों को 60 गर्म शॉल दिए गए।

### NER में 14 आवेदन सही, हुआ भुगतान

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम कार्यालय में सोमवार को 47वीं पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। डीआरएम गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में कुल 89 भूतपूर्व कर्मचारियों व आश्रितों के प्रतिवेदन मिले। जिनमें 14 आवेदकों के दावे जांच के बाद सही पाए जाने पर 19,49,973 रुपये का भुगतान किया गया। 9 मामलों में संबंधित बैंक को सही भुगतान करने के लिए कहा गया। 20 भूतपूर्व कर्मचारियों और आश्रितों के पक्ष में पेंशन भुगतान आदेश जारी किया गया। अन्य 10 मामलों पर कार्यवाही की जा रही है। 36 मामलों में दावा मान्य नहीं पाया गया।

### शिविर में महिलाओं का हुआ इलाज



■ **NBT न्यूज, जानकीपुरम:** जानकीपुरम में सहारा स्टेट के पास डॉ. अचल सिंह यादव (डेजी) फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा महिलाओं के लिए निःशुल्क महिला चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में डेजी वीमेंस क्लीनिक की डॉ. दृष्टि यादव ने महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी हर छोटी बड़ी समस्याओं को सुना, और उनका निःशुल्क इलाज किया।

### हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का समापन

■ **NBT न्यूज आलमबाग:** आशियाना के स्मृति उपवन प्रांगण में बीते 25 दिनों से आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का समापन सोमवार शाम हुआ। इस दौरान महोत्सव समिति के पूर्व उपाध्यक्ष दिवंगत विनय दुबे को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और सदस्य विधान परिषद अवनीश सिंह पटेल रहे समापन पर प्राचीन योग संस्था द्वारा योग की वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक परंपरा पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी गईं। सांस्कृतिक संध्या शांभवी सिंह ने क्लासिकल डांस किया।

### परिणय सूत्र में बंधे 86 जोड़े



■ **NBT न्यूज, माल:** सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विकास खंड के 86 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गए। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ के बुद्धेश्वर स्थित जय प्रकाश सर्वोदय इंटर कॉलेज परिसर में हुआ। राजधानी की आठों विकास खंडों से एक सौ तीन जोड़ों ने पंजीकरण करवाया था, लेकिन विवाह स्थल शहर में होने से कुल 86 जोड़े ही पहुंच सके, जिनका विवाह हिंदू रीति रिवाज के साथ विधि-विधान से सम्पन्न करवाया गया। जोड़ों को साठ हजार रुपये मूल्य का चेक और दो बेड, ट्रॉली बैग, जेवर सहित अन्य वस्तुएं उपहार स्वरूप मुहैया करवाई गईं। एक लाख रुपये का सामान पाकर सभी जोड़ों के चेहरे खिल उठे।

### मोहल्ले की समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

■ **NBT न्यूज, सरोजनीनगर:** सरोजनीनगर के शांतिनगर में सोमवार को शांतिनगर विकास समिति की एक बैठक हुई। राजेश सिंह के आवास पर हुई बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने की। इसमें मोहल्ले की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष ने कहा कि शांतिनगर के कई मुख्य मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में है। इन सड़कों के निर्माण और मरम्मत को लेकर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह से मुलाकात की गई। साथ ही क्षेत्र में नियमित सफाई व्यवस्था करवाने के लिए समिति के पदाधिकारियों को संबंधित प्रतिनिधियों से संपर्क करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में समर बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, मनोज वर्मा मौजूद रहे।

### टीकाकरण शिविर का 111 ने लिया लाभ

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चिकित्सालय में सोमवार को स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। चारबाग में इंडोर रेलवे अस्पताल में 132 सेवानिवृत्त रेलवे लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस शिविर का नेतृत्व अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. उर्मी सरकार ने किया। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि जांच में ब्लड टेस्ट, ईसीजी आदि की जांच हुई। संक्रमण से बचाव के लिए 111 लाभार्थियों का न्यूमोकोकल टीकाकरण भी लगाया गया।

### बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में सोमवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 20103 दादर-गोरखपुर एक्सप्रेस के पैंट्रीकार में जांच के दौरान 13 कार्टन और 15707 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस में 14 कार्टन बोतल पानी अधूरे मानकों वाले मिले। साथ ही इन दोनों ट्रेनों से 14 यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा गया। जिनसे 18,580 रुपये जुर्माना वसूला गया।

### व्यापार मंडल चुनाव के लिए दस नामांकन

■ **NBT न्यूज, राजाजीपुरम:** राजाजीपुरम व्यापार मंडल के त्रैवार्षिक चुनाव को लेकर सोमवार को दस प्रत्याशियों ने नामांकन किया। राजाजीपुरम व्यापार मण्डल के होने वाले 28 दिसंबर को चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए शैलेष बाजपेई शैलू व महामंत्री पद के लिए संजीव पदानी, जफरुल खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए रजत अग्रवाल, उपाध्यक्ष पद के लिए महीप अग्रवाल ने नामांकन किया। वहीं मुख्य चुनाव अधिकारी अखिलेश जायसवाल, डॉ. दिनेश माथुर, शमशेर अली, कुलदीप रस्तोगी ने बताया कि इस बार व्यापार मंडल चुनाव में 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में अजेय बढ़त के लिए सूर्या की ब्रिगेड पहुंची लखनऊ

# मुस्कुराइए... टीम इंडिया लखनऊ में है




Photo: Sunil kumar Raidas

■ **NBT न्यूज, लखनऊ**

धर्मशाला और कटक में जीत के बाद टीम इंडिया के धुरंधर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने के लिए सोमवार को शहर पहुंचे। एयरपोर्ट से निकलकर टीम इंडिया के खिलाड़ी गोमती नगर स्थित होटल आए। जहां पारंपरिक अंदाज में खिलाड़ियों का स्वागत हुआ। इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर टीम इंडिया का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह मुकाबला निर्णायक साबित हो सकता है। भारत पांच मुकाबलों की सीरीज में 2-1 की बढ़त लेकर आगे है। ऐसे में इकाना पर ऐतिहासिक जीत हासिल कर भारतीय टीम लखनऊ के प्रशंसकों को क्रिसमस का तोहफा देना चाहेगी।

इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर एक तरफ जहां दर्शक अभिषेक शर्मा को धाकड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते देखने उमड़ेंगे। वहीं, पैर की चोट से उबरकर वापसी कर गिल की से एक बड़ी पारी की उम्मीद दर्शकों को रहेगी। उधर, सूर्य कुमार यादव से दर्शकों को एक कप्तानी पारी की उम्मीद है। दरअसल, एशिया कप से लेकर अभी तक सूर्या ने अपने बल्ले से चमक नहीं बिखेरी है।

उधर, चौथे टी-20 मुकाबले को लेकर सोमवार को सैकड़ों की संख्या में दर्शक अपने पसंदीदा क्रिकेटर सितारों को देखने पहुंचे। लेकिन, टीम इंडिया के शाम को पहुंचने के चलते इकाना पर प्रैक्टिस नहीं हुई। वहीं, साउथ अफ्रीका की टीम दोपहर ही शहर पहुंच गई। दोनों ही टीमें अब मंगलवार को अपनी तैयारियों को धार देंगी और पिच पर बल्लेबाजी, गेंदबाजी संग क्षेत्ररक्षण में अपने हाथ आजमाएंगी। मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका की टीम दोपहर एक बजे अभ्यास करने उतरेगी। वहीं, भारतीय टीम दूधिया रोशनी में अपनी तैयारियों को धार देगी।

## टिकट की हार्ड कॉपी दिखाने पर ही स्टेडियम में एंट्री

■ **NBT न्यूज, लखनऊ**

इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच टी-20 मैच बुधवार को इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। टिकट की हार्ड कॉपी दिखाने पर ही दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश मिलेगा। मोबाइल फोन पर टिकट दिखाने वालों को स्टेडियम में एंट्री नहीं मिलेगी। टिकट अधिकृत स्थान से ही खरीदें। स्कैन किए गए टिकट (नकली टिकट) पाए जाने पर क्रेता और विक्रेता दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई होगी। स्टेडियम में मैच प्रारंभ होने से 3 घंटे पहले से प्रवेश मिल सकेगा। मैच की दूसरी पारी के मध्यांतर तक ही दर्शक स्टेडियम में जा सकेंगे। एक बार स्टेडियम से निकलने पर दोबारा प्रवेश नहीं कर सकेंगे। स्टेडियम में सिक्का, ईयरफोन, ज्वलनशील पदार्थ ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

**रोडवेज और प्राइवेट बसों के संचालन पर प्रतिबंध:** मैच के दौरान शहीद पथ पर रोडवेज, निजी बसों व कॉमर्शल वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। सुल्तानपुर रोड पर रोडवेज, निजी बसें और कॉमर्शल वाहनों को अमूल तिराहे से डायवर्ट किया जाएगा।

**सिटी बसें:** शहीद पथ पर मैच के दौरान सिटी बसें चलेंगी, लेकिन शहीद पथ पर हुमड़िया एवं सुशांत गोल्फ सिटी के मध्य नहीं रुकेंगी।

**आटो, ई-रिक्शा:** शहीद पथ की सर्विस रोड पर ई-रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। शहीद पथ से ऑटो भी नहीं गुजर सकेंगे। अर्जुनगंज की तरफ से आने वाली ई-रिक्शा, ऑटो अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे। पीएचक्यू के सामने से होते हुए जी-20 तिराहे से गोमतीनगर की तरफ जाएंगे।

सुल्तानपुर रोड से आने वाले आटो/ई-रिक्शा बायें मुड़कर लुलु मॉल की तरफ जाकर सवारी उतारेंगे। अहिमामऊ से 500 मीटर की परिधि में ई-रिक्शा और ऑटो सवारी न उतारेंगे न बैठाएंगे।

**कैब और अन्य किराए के वाहन:** निजी कैब व अन्य किराए के वाहन शहीद पथ पर सुशांत गोल्फ सिटी के बीच सवारी उतार व बैठा नहीं सकेंगे। एयरपोर्ट की तरफ से आने वाले वाहन अहिमामऊ से पहले सवारी उतारेंगे। अर्जुनगंज की तरफ से आने वाले वाहन अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे एवं पीएचक्यू के सामने से होते हुए जी-20 तिराहे से गोमतीनगर के तरफ जाएंगे।

**निजी वाहन:** पास धारक वाहन चालक अहिमामऊ से एचसीएल की तरफ जाकर वाटर टैंक तिराहा से प्लासियो होते हुए चिह्नित पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे। बगैर पास वाले वाहन चालक अहिमामऊ से एचसीएल होकर जाएंगे। पहले आने वाले चालक प्लासियो मॉल में वाहन पार्क कर सकेंगे। प्लासियो मॉल की पार्किंग भर जाने पर वाटर टैंक तिराहे से एचसीएल के बीच वाहन पार्क होंगे।

**दो पहिया वाहन:** दो पहिया वाहन चालक अहिमामऊ से एचसीएल तिराहा होते हुए प्लासियो माल के पीछे अपनी गाड़ी पार्क करेंगे।

**अन्य वाहन:** वीवीआईपी, वीआईपी के साथ आने वाले स्कोर्ट स्टेडियम से वापस होकर मॉल या पीएचक्यू के पीछे वाली सड़कों पर वाहन पार्क करेंगे। प्लासियो मॉल के सामने या स्टेडियम के सामने इधर-उधर अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों को टोकर टोइंग यार्ड पहुंचाया जाएगा। इन वाहनों के पहियों में क्लैंप लगाकर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। टिकट पर क्यूआर कोड दर्ज होगा, स्कैन करने पर पार्किंग स्थलों का विवरण मैप सहित प्रदर्शित होगा।

**ये जानना भी जरूरी:** सुरक्षाकर्मी जो विशिष्ट व अतिविशिष्ट दर्शकों के साथ आएंगे, वे स्टेडियम में नहीं जा सकेंगे। पार्किंग क्षेत्र में रहेंगे। मैच के दिन टिकटों की बिक्री का कोई काउन्टर स्टेडियम में नहीं होगा। ऑनलाइन बुकिंग टिकट की हार्ड कॉपी लेकर आएं। हार्ड कॉपी न होने पर स्टेडियम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पीएचक्यू, यूपी-112 मुख्यालय के पीछे की सड़क की तरफ अस्थाई पिक एंड ड्रॉप स्टैंड होगा। स्टैंड पर ही निजी और सवारी वाहन चालक सवारी उतार व बैठा सकेंगे।

## कल दोपहर 3 बजे से कई मार्गों का ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** टी-20 मैच के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुधवार दोपहर बाद 3 बजे से कई मार्गों का ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। डायवर्जन देर रात तक लागू रह सकता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की वजह से बड़े वाहनों की एंट्री रात 11 बजे के बजाए मैच समाप्ति के बाद ट्रैफिक संचालन सामान्य होने के बाद हो सकेगी। किसी प्रकार की समस्या होने पर ट्रैफिक कंट्रोल रूम नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित ने दर्शकों के अलावा अन्य वाहन मालिकों, चालकों से शहीद पथ के बजाए अन्य मार्गों से गुजरने की अपील की है।

- कमता शहीद पथ तिराहा अयोध्या रोड से वाहन कमता तिराहे से शहीद पथ होकर सुल्तानपुर रोड, रायबरेली रोड, कानपुर रोड के बजाए कमता तिराहा, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान चौराहा, समतामूलक चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कारियप्पा चौराहा, तेलीबाग चौराहा, बाराबिरवा चौराहा या इंदिरा नहर चौराहा से किसान पथ होकर गुजर सकेंगे।
- शहीद पथ कानपुर रोड तिराहा से वाहन सुल्तानपुर रोड, रायबरेली रोड, अयोध्या रोड के बजाए बाराबिरवा चौराहा, बंगलाबाजार चौराहा, तेलीबाग चौराहा, कारियप्पा चौराहा, लालबत्ती चौराहा, 1090 चौराहा या दरोगाखेड़ा किसान पथ होकर गुजर सकेंगे।
- सुल्तानपुर व अन्य मार्ग से बड़े वाहन सुल्तानपुर रोड से अहिमामऊ या अहिमामऊ से सुल्तानपुर रोड के बजाए कबीरपुर तिराहे से किसान पथ होकर गुजर सकेंगे।
- सुल्तानपुर रोड की तरफ से वाहन अमूल तिराहा से अहिमामऊ चौराहे के बजाए अमूल तिराहे से लुलु मॉल कटिंग, शहीद पथ होकर गुजर सकेंगे।
- उतरेठिया अंडरपास चौराहा रायबरेली रोड, कैंट रोड से बड़े वाहन उतरेठिया अंडरपास चौराहा से शहीद पथ से अहिमामऊ चौराहा, कमता तिराहा अयोध्या रोड के बजाए मोहनलालगंज या तेलीबाग चौराहा, बाराबिरवा चौराहा, कारियप्पा चौराहा या हरिकंशगढ़ी किसान पथ होकर गुजर सकेंगे।
- हुसड़िया अंडरपास चौराहा से वाहन अहिमामऊ चौराहा, शहीद पथ कानपुर रोड तिराहा के बजाए शहर क्षेत्र से या 1090 चौराहा होकर गुजर सकेंगे।
- लालबत्ती चौराहा से बड़े वाहन अहिमामऊ चौराहा, सुल्तानपुर रोड, रायबरेली रोड, कानपुर रोड के बजाए लालबत्ती चौराहा, कारियप्पा चौराहा, तेलीबाग या बंगलाबाजार चौराहा, बाराबिरवा चौराहा होकर गुजर सकेंगे।
- सीएमएस मोड़ सुल्तानपुर रोड से अहिमामऊ अंडरपास चौराहा के बीच ट्रैफिक संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। यह वाहन सीएमएस मोड़ सुल्तानपुर रोड से बाएं अमूल होकर गुजर सकेंगे।
- कमता शहीद पथ तिराहा से अहिमामऊ चौराहे पर यू-टर्न लेकर कैंट, पुलिस ऑफिस मुख्यालय से गोमतीनगर जाने वाले मार्ग पर ट्रैफिक संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। ये वाहन शहीद पथ मेदांता हॉस्पिटल से यू-टर्न लेकर गुजर सकेंगे।

### TOI की जीत में ऋषि का हरफनमौला प्रदर्शन

SBI लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** ऋषि सिंह सेंगर (23 रन व 4 विकेट) ने एक बार फिर अपनी बॉलिंग का लोहा मनवाते हुए टाइम्स ऑफ इंडिया (टीओआई) की तीन विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। चौक स्टेडियम पर टीओआई की ओर से ऋषि ने घातक गेंदबाजी की और एलएसजेए एकादश को शुरुआती चार झटके दिए। ऋषि ने एलएसजेए के कप्तान विक्रम (34 रन), विमल पांडेय (30 रन), हिमांशु दीक्षित (4 रन) व दिव्य नौटियाल (2 रन) का विकेट चटकाया और प्लेयर ऑफ द मैच बने।

### वेटलिफ्टिंग टीम के गठन के लिए ट्रायल 18 को

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश स्टेट वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 8 से 14 जनवरी के बीच गाजियाबाद में होगी। इसमें सीनियर, जूनियर, सब जूनियर में महिला- पुरुष व बालक-बालिका वर्ग की टीम भेजने से पहले ट्रायल करवाए जाएंगे। लखनऊ वेटलिफ्टिंग असोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी रंजीत सिंह ने बताया कि इसके लिए लखनऊ जिले की टीम के गठन के लिए ट्रायल 18 दिसंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के वेटलिफ्टिंग हॉल में दोपहर तीन बजे करवाए जाएंगे।

### रोनित के शतक से बिहार के डीईवी स्मैशर्स जीते

अंतरराष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट लीग

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट लीग में सोमवार को स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड बी पर बिहार के डीईवी स्मैशर्स ने 226 रनों का लक्ष्य रखा। इसके बाद शानदार गेंदबाजी करते हुए गुजरात की एसजीवीपी ग्लैडिएटर्स को 146 रन से हरा दिया। बिहार से रोनित ने 38 गेंदों में 15 चौके व 6 छक्के की मदद से 106 रन बनाए। वहीं, पार्थ स्टेडियम पर पंजाब के डीएवी सुपर किंग्स अमृतसर एवं ऑस्ट्रेलिया से ऑस्ट्रेलियन ज्वाएंस के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबले में पंजाब ने 7 रनों से जीत दर्ज की। पंजाब ने 174 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलियन 166 रन पर सिमट गई। सीएमएस स्टेडियम में खेले गए वेल्स तमिलनाडु से साउथ जोन टाइटंस के खिलाफ मैक्स उत्तराखंड की मैक्स एलाइट टाइगर्स को 8 विकेट से जीत मिली। अन्य मुकाबलों में, दक्षिण अफ्रीका की ओवरबर्ग ईगल्स ने कोलकाता की सुपर जायंट्स को 110 रन पर ढेर कर 81 रन से जीत हासिल की। नेपाल स्कूल नेपाल से ग्लोबल माइटी ने सीएमएस स्टेलियन को छह विकेट से मात दी। एस्टर नोएडा से एस्टर नाइट ने डीएवी नेपाल से रिनोस को सात विकेट से हराया।

### मो. समीर ने दिलाया स्वर्ण, उत्तर प्रदेश का खुला खाता

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में सोमवार को यूपी के मो. समीर खान सबसे तेज धावक बने और 800 मी. दौड़ में स्वर्ण जीता। मो. समीर की बदौलत यूपी ने चैंपियनशिप में अपना खाता खोला। वहीं, तमिलनाडु से शक्तिवेल वीएन ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीतकर तमिलनाडु को शीर्ष पर बरकरार रखा।

69वीं नेशनल स्कूली ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन 800 मी. दौड़ में मो. समीर खान ने 1:50.09 मिनट में रेस पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। उत्तराखंड से सूरज सिंह को दूसरा एवं आईपीएससी से शुभम को तीसरा स्थान मिला। वहीं, सीबीएसई से अंशु ने 3000 मी. दौड़ में पहला स्थान हासिल कर सीबीएसई को अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचाया।

**इन्होंने जीते स्वर्ण**

**110 मी. दौड़:** पाटिल हर्ष प्रमोद (महाराष्ट्र), **ट्रिपल जंप:** सोहम कुमार विश्वास (पश्चिम बंगाल), **जैवलिन थ्रो:** आयुष राज (बिहार), **800 मी. दौड़:** मो. समीर खान (यूपी), **3000 मी. दौड़:** अवतार (उत्तराखंड), **ऊंची कूद:** शक्तिवेल वीएन (तमिलनाडु), **100 मी. बालिका दौड़:** रिद्धि सतीश मणि (महाराष्ट्र), **800 मी. दौड़:** शहनूर बाबा (पंजाब), **ट्रिपल जंप:** अनमोल (हरियाणा), **3000 मी. दौड़:** अंशु (सीबीएसई)। चैंपियनशिप के मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व ओलिंपियन हॉकी खिलाड़ी सैय्यद अली एवं द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित जसविंदर सिंह भाटिया मौजूद रहे।

### कल से शुरू होंगी खेल प्रतियोगिताएं

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज में होने वाले पूर्व छात्र सप्ताह के तहत अलग-अलग खेल, सांस्कृतिक और औपचारिक कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी कर दी गई है। कॉलेज प्रशासन की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक यह आयोजन 17 से 22 दिसंबर तक होगा। जिसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में पूर्व छात्र भाग लेंगे। कार्यक्रमों की शुरुआत 17 दिसंबर को पूर्व छात्र बनाम वर्तमान छात्र खेल प्रतियोगिताओं से होगी। 22 दिसंबर को अपराह्न 2 बजे से दरबार दे आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रहेगी। कॉलेज के प्रधानाचार्य सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि यह आयोजन पूर्व छात्रों और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच संवाद और प्रेरणा का सशक्त माध्यम बनेगा।

## आया है यीशु आया है, मुकटिया साथ आया...




■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** क्रिसमस को लेकर शहर के चर्चों में कहीं कैंडल लाइट सर्विस हुई तो कहीं क्रिसमस ट्री सेलिब्रेशन हुआ। क्रिश्चियन परिवार के लोगों ने प्रभु के गीत गाए।

अलीगंज, बड़ा चांदगंज स्थित एबीसीसी चर्च में कैंडल लाइट सर्विस की गई। इस अवसर पर प्रभु यीशु के गीत गाए और प्रार्थना की गई। पादरी डॉ. मौरिस कुमार ने आशीर्वचन कहे और सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। बेथलहम फैलोशिप ट्रस्ट की ओर से आयोजित क्रिसमस सेलिब्रेशन चौक में रहीमाबाद में बैतुलिया में उत्सव मनाया गया। बिशप आरसी शेत प्रभु के जन्म के बारे में बताया। यीशु मसीह के गीत गाए गए और परमेश्वर के नाम की महिमा का गुणगान भी किया। आया है यीशु आया है, मुकटिया साथ आया, मेरा प्रभु जन्मा मेरा प्रभु जन्मा का आनंद अनुयायियों ने लिया। इस अवसर पर बिशप डॉ. आरसी शेत, पॉस्टर अनय पास्टर मनीष, पास्टर विनोद, पास्टर रामचन्द्र, पास्टर राजेश, पास्टर मयंक डेविड, राजा भैया, रंगीलाल, पप्पू भाई सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं लालबाग स्थित एपिफनी चर्च में क्रिसमस ट्री सेलीब्रेशन हुआ। इस अवसर पर ट्री को सजाया गया था। फादर ईवीन प्रैक बख्श ने आशीर्वचन कहे।

## ताल पर साइलेंटली झूमेगा लखनऊ



■ **NBT न्यूज,लखनऊ:** थिएटर, संगीत, साहित्य और कॉमेडी के रंग खुद में समेटे रेपर्टवा फेस्टिवल के 13वें संस्करण का आगाज 18 दिसंबर से गोमतीनगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में होने जा रहा है। सोमवार को पार्क में एक प्रेसवार्ता के दौरान इस संबंध में जानकारी दी गई।

फेस्टिवल के प्रमुख भूपेश राय ने बताया कि अब तक इसमें सिर्फ तीन मंच होते थे, जिनमें थिएटर के लिए रंग, कॉमेडी और म्यूजिक के लिए माहौल और साहित्य के लिए शब्द शामिल होते थे। लेकिन इस बार फेस्टिवल में एक और मंच ताल बनाया जा रहा है। ताल शहरवासियों के लिए एक साइलेंट डिस्को का मंच होगा। जिसमें डीजे की धुनों पर लोग कुछ इस तरह से थिरकेंगे कि देखने वालों को समझ ही नहीं आएगा कि आखिर यह किस गाने पर डांस कर रहे हैं। असल में इस मंच पर लोगों को हेडफोन दिया जाएगा और उस पर डीजे कुछ ऐसे म्यूजिक प्ले करेंगे कि उनके डिस्को की हाई म्यूजिक पर थिरकने का अनुभव मिलेगा। इस मंच की क्षमता एक बार में 151 लोगों की है। मंच डीजे निखिल चिनप्पा द्वारा क्यूरेट किया गया है। भूपेश ने दावा किया कि ऐसा प्रयोग शहर में पहली बार होने जा रहा है।

**कब क्या होगा खास**

**18 दिसंबर:** चंदूलाल कलबुर्गी का सितार पर फोक फ्यूजन, देवांश सहगल की सूफी सिंगिंग, गांधी से प्रेरित नाटक मोहन का मसाला का मंचन।

**19 दिसंबर:** कवि बादल शर्मा की प्रस्तुति, द आवाहन प्रोजेक्ट द्वारा निर्गुण फोक की प्रस्तुति, आकाश गुप्ता की कॉमेडी, जो दूबा सो पार नाटक का मंचन, साइलेंट डिस्को में डीजे रिकप्टर की प्रस्तुति, अनुव जैन का सिंगिंग परफॉर्मेंस।

**20 दिसंबर:** हिमांशु और प्रज्ञा की दास्तानगोई, इंडी सिंगर जस्थ की प्रस्तुति, गौरव गुप्ता की कॉमेडी, नाटक वोडका एंड नो टॉनिक का मंचन, साइलेंट डिस्को में डीजे लापता की प्रस्तुति और निखिल चिनप्पा का सिंगिंग परफॉर्मेंस।

**21 दिसंबर:** शायर वसीम बरेलवी की खास प्रस्तुति, गायक अंकुर तिवारी की प्रस्तुति, गुरलीन पन्नू की कॉमेडी, नाटक अम्बा का मंचन, साइलेंट डिस्को में डीजे डॉ. सांगरिया की प्रस्तुति और यूफोरिया ग्रुप की म्यूजिक प्रस्तुति।

### सजावट में दिखेगी नए-पुराने लखनऊ की झलक

भूपेश ने बताया कि हमने एक ऐसा इंस्टालेशन लगाया है जिसमें पुराने दौर की सबसे बड़ी इमारत घंटा घर और नए लखनऊ की सबसे लंबी 47 मंजिला इमारत एक साथ देखने को मिलेगी। साहित्य मन के दरवाजे और दिमाग की खिड़कियां दोनों खोल देता है। इसलिए साहित्य के मंच में खिड़की और दरवाजे दिखेंगे। हमारे लिए ओपन एरिया में थिएटर करना भी एक चैलेंज है लेकिन हम एक थिएटर बना रहे जो एकदम ब्लैक बॉक्स थिएटर का अनुभव देगा और इसमें 800 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। थिएटर में ठंड न लगे इसलिए हैंगिंग हीटर लगवाए गए हैं, साथ ही फ्लोर और स्टेज दोनों वुडेन होंगे।

**खरमास आज से** सुबह 4 बजकर 19 मिनट पर वृश्चिक से धनु राशि में प्रवेश करेंगे सूर्य, बृहस्पति की शुभता हो जाती है कम

## अब अगले साल 14 जनवरी तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

AI Image



■ **NBT न्यूज, लखनऊ**

मंगलवार से एक माह के लिए खरमास शुरू हो जाएगा। इस अवधि में मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। अगले माह नए साल 2026 की 14 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में आने पर खरमास समाप्त हो जाएगा। सूर्य देव के बृहस्पति की राशि में प्रवेश करने पर खरमास लगता है।

अलीगंज स्थित स्वास्तिक ज्योतिष केंद्र के आचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि मंगलवार, 16 दिसंबर को सूर्य सुबह 4 बजकर 19 मिनट पर वृश्चिक से धनु राशि में प्रवेश करेंगे। अगले साल 14 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में जाने पर खरमास समाप्त होगा। उस दिन मकर संक्रांति मनाई जाएगी। आचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि सूर्यदेव किसी राशि में प्रवेश करते हैं, तो उस दिन सूर्यदेव की संक्रांति होती है। धनु संक्रांति का पुण्यकाल मंगलवार को सुबह 10 बजकर 43 मिनट तक रहेगा। भगवान सूर्य जब देवगुरु बृहस्पति के घर में आते हैं तो वह अपना तेज कम कर देते हैं। साथ ही इस दौरान बृहस्पति ग्रह की शुभता कम हो जाती है। भगवान सूर्य के तेज कम होने और देवगुरु बृहस्पति की शुभता कम होने के कारण से ही खरमास में विवाह, सगाई, यज्ञोपवीत, मुंडन, गृह प्रवेश जैसे कार्य नहीं किए जाते हैं।

### चंद्रप्रभु, पार्श्वनाथ का जन्म, तप कल्याणक मना



■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** हिंदी कैलेंडर के अनुसार पौष मास की कृष्ण पक्ष की एकादशी यानी सोमवार को आठवें तीर्थंकर भगवान 1008 चंद्रप्रभु और 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ का जन्म और तप कल्याणक धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पालकी यात्रा निकाली गई। भगवान को पालने में झुलाया गया। चौक, सोंधी टोला स्थित श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में भगवान चंद्रप्रभु और भगवान पार्श्वनाथ का जन्म और तप कल्याणक बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रीजी की पालकी यात्रा निकाली गई। यात्रा चौक सर्राफा, चौक चौराहा, चूड़ी वाली गली से होते हुए जैन मंदिर आई। कार्यक्रम में आलोक जैन, अमित जैन, अम्बरीश जैन, सचिन जैन, अजय जैन, संजय जैन, निरंजन जैन, राजेश जैन, दिलीप जैन, संजीव जैन, नृपेंद्र जैन, अनुश्री जैन, शारदा जैन, अनीता जैन, जयश्री जैन, मोनी जैन मौजूद रहे। गोमतीनगर, विशाल खंड स्थित जैन मंदिर में भी पूजन हुआ। मंदिर के मंत्री आलोक जैन ने बताया कि आज ही के दिन भगवान का जन्म हुआ था।

### एकादशी पर अपने वजन के बराबर बांटे कंबल



■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** सफला एकादशी पर सोमवार को बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्याम मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ रही। इस अवसर पर मंदिर के पदाधिकारियों ने अपने तौल के बराबर कंबल बांटे। कार्यक्रम में विधायक डॉ. नीरज बोरा, अनुराग साहू, राधे मोहन अग्रवाल, अजय झुनझुनवाला, संजीव अग्रवाल, महावीर सुनील अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, सुधीर सेहगल, मुकुंद तिवारी, सुधीर गर्ग, अनिल गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, वीरेंद्र, आशीष, मुकेश, अनिल अग्रवाल, सुधांशु गर्ग, गणेश अग्रवाल मौजूद रहे।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG7 User: cci Time: 12-16-2025 00:53 Color:



## फटाफट खबरें

### धर्मांतरण में 7 महिलाओं समेत 10 गिरफ्तार

■ भाषा, मिर्जापुर: अवैध धर्मांतरण के आरोप में पुलिस ने 7 महिलाओं समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कुरकुठिया गांव निवासी आनंद दुबे ने एक खास धर्म का प्रचार करने के बहाने ग्रामीणों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण करवाने का केस दर्ज करवाया था। खरहना चर्च के पास से आसपास के जिलों रहने वाले आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### हिंदू सम्मेलन कल, गोरखपुर पहुंचे होसबाले

■ NBT न्यूज, गोरखपुर: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के तहत गोरक्ष प्रांत में होने वाले हिंदू सम्मेलन को धार देने के लिए सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तीन दिवसीय प्रवास पर सोमवार को गोरखपुर पहुंचे। सरकार्यवाह मंगलवार को संत कबीर नगर और 17 दिसंबर को मालवीय नगर में होने वाले सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### भजनलाल के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

■ NBT न्यूज, आगरा: घने कोहरे के कारण सोमवार को राजस्थान के सीएम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हेलिकॉप्टर की आगरा एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। सीएम को लेकर हेलिकॉप्टर सुबह करीब पौने बारह बजे दिल्ली से जयपुर के लिए रवाना हुआ था। हालांकि कोहरे के कारण आगरा में इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। सीएम को करीब एक घंटे आगरा में रुकना पड़ा और कोहरा छंटने के बाद जयपुर के लिए रवाना हो सके।

### 10 करोड़ से जगमग होंगे काशी के घाट-मंदिर

■ NBT न्यूज, वाराणसी: काशी के प्रमुख घाट और मंदिर फसाड लाइट से जगमग होंगे। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए शासन ने दस करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। जल्द ही एजेंसी का चयन कर काम शुरू करवाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार घाट और मंदिर के रास्तों पर एक ही तरह की स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएंगी।

### एमपी के CM पहुंचे काशी, खाई मलइयो



■ NBT न्यूज, वाराणसी: मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को वाराणसी पहुंचे। काशी विश्वनाथ और बाबा कालभैरव मंदिर पहुंच दर्शन पूजन किया। इसके बाद काशी की गलियों में घूमने के साथ ही लोगों से बनारसी अंदाज में रूबरू भी हुए। इसके साथ ही एक दुकान पर रुककर मलइयो के साथ मिठाई का भी स्वाद लिया। इसके बाद जौनपुर पहुंचकर खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव के घर तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल हुए।

### पूर्व सांसद को भेंट किया 1.5 करोड़ का घोड़ा



■ NBT न्यूज, गोंडा: कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के जन्म दिन पर पंजाब के तेजवीर बराड़ ने 1.5 करोड़ का घोड़ा भेंट किया है। पंजाब से गुरप्रीत सिंह और दीपक घोड़ा लेकर गोंडा पहुंचे। बताया जा रहा है कि दो साल का घोड़ा कई रेस जीत चुका है। हालांकि पूर्व सांसद का जन्मदिन 8 जनवरी को होता है। इसे लेकर नवाबगंज के नंदनी नगर में 1 से 8 जनवरी तक कथा की तैयारी भी चल रही है।

### विदेश में काली कमाई खपाने वालों पर नजर

■ NBT न्यूज, वाराणसी: बनारस समेत पूर्वांचल के सैकड़ों ऐसे लोग आयकर विभाग के रेडार पर हैं, जिन्होंने विदेश में बैंक खाते खोल भारी रकम जमा की है, या कहीं और निवेश किया है। द्विपक्षीय सूचना विनिमय तंत्र के तहत विदेशी एजेंसियों से केंद्र सरकार को मिली सूचनाओं के आधार पर आयकर विभाग ने विदेश में काला धन खपाने वालों को चिह्नित कर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चिह्नित लोगों ने अपने रिटर्न में विदेश में निवेश के बारे में जानकारी नहीं दी है। ऐसे सभी टैक्सपेयर्स को आयकर अधिनियम 1961 की धारा 139 (8A) के अंतर्गत रिटर्न अथवा धारा 139 (5) के तहत संशोधित रिटर्न दाखिल करने के लिए मैसेज व मेल पर अलर्ट भेज 31 दिसंबर तक पूरा ब्योरा तलब किया गया है।

# UPPSC के बाहर प्रदर्शन, पुलिस से झड़प

## मांगों को लेकर आयोग के बाहर किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपते हुए 15 दिन की दी मोहलत

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पारदर्शिता की मांग को लेकर सोमवार को प्रयागराज में माहौल गरम रहा। बड़ी संख्या में प्रतियोगी युवाओं ने लोकसेवा आयोग के गेट नंबर दो के बाहर एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि भर्ती परीक्षाओं में जवाबदेही की कमी के साथ ही आयोग जायज मांगों की भी अनदेखी कर रहा है। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प भी हुई। कुछ को मौके से हिरासत में भी लिया गया, हालांकि बाद में छोड़ दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए पंद्रह दिन में ध्यान नहीं दिए जाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।



भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता सहित अभ्यर्थियों ने उठाई अन्य मांगें।

प्रदर्शनकारियों ने मांग उठाई की आयोग सभी भर्ती परीक्षाओं की संशोधित उत्तरकुंजी सार्वजनिक करे, ताकि अभ्यर्थियों को अपने अंकों और मूल्यांकन की जानकारी मिल सके। इसके साथ ही श्रेणीवार कटऑफ जारी करने की भी मांग उठाई है। इसके साथ डोमिसाइल और माइग्रेशन लागू करने की मांग कर रहे युवाओं को कई छात्र संगठनों का समर्थन मिला। इससे पहले अलग-अलग जिलों से जुटे सैकड़ों युवा सुबह से ही आयोग परिसर के सामने जुटने लगे थे। हालात देखते हुए पुलिस और प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड में था। पूरे इलाके को छावनी में तब्दील करते हुए स्थानीय पुलिस के साथ पीएसी और आरएएफ तैनाती की गई थी। तमाम अधिकारियों के साथ ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी तैनात की गई थीं। सड़क पर बैठक कर प्रदर्शन कर रहे युवाओं के आंदोलन तेज करते ही पुलिस ने हटाना चाहा। इसे लेकर झड़प शुरू हो गई और हल्का बल प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारियों को हटा दिया गया। इस दौरान दो को हिरासत में लेने के कुछ देर बाद छोड़ दिया गया। एक बार फिर धरना शुरू करने पर आयोग ने ज्ञापन लेते हुए आश्वासन देकर प्रदर्शन खत्म करवाया।

### युवाओं को सपा मुखिया का साथ

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज में लोक सेवा आयोग के खिलाफ आंदोलन करने वालों के साथ अमानवीय और दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि बेरोजगारी की पीड़ा से गुजर रहे युवाओं के साथ मारपीट व बाल पकड़कर अपमानित करने का जो काम भाजपा सरकार कर रही है, वह सत्ता का अहंकार है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ये न भूले कि पढ़ने वाले युवा लड़ना नहीं चाहते हैं, वे बस साफ-सुथरे तरीके से नौकरी की प्रक्रिया का शुद्धीकरण करवाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम प्रतियोगी अभ्यर्थियों के साथ नैतिक बल बनकर खड़े हैं।

### ज्ञानवापी वजूखाने की सील का कपड़ा बदलने की अर्जी खारिज

■ NBT न्यूज, वाराणसी: जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने को सील करने के दौरान लगाए गए ताले का कपड़ा बदलने की मांग की याचिका खारिज कर दी है। याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने उपासना स्थल अधिनियम-1991 की सुनवाई के क्रम में लंबित मुकदमों में किसी भी न्यायालय को कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित न करने के लिए आदेशित किया है। ऐसे में ज्ञानवापी प्रकरण में कोई आदेश नहीं दिया जा सकता है। साथ ही कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वजूखाने को संरक्षित और सुरक्षित करने का आदेश दिया है। इसका अनुपालन करना प्रशासन का दायित्व है।

# अभियोजन पेश नहीं कर सका साक्ष्य: कोर्ट

## वाराणसी शराबकांड में सभी 16 आरोपित बरी

■ NBT न्यूज, वाराणसी

15 साल पुराने बहुचर्चित सोएपुर शराब कांड के सभी 16 आरोपितों को अदालत से बड़ी राहत मिली है। विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर) सुशील कुमार खरवार की अदालत ने सोमवार को 16 आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया है। अदालत ने फैसले में कहा है कि प्रकरण में परीक्षित सभी दस साक्षीगण के बयान से स्पष्ट होता है कि आरोपितों पर लगाए गए समस्त आरोप कथानक संदेह से परे साबित नहीं हैं। साथ ही अभियोजन ठोस, पर्याप्त व विश्वसनीय साक्ष्य द्वारा आरोप साबित करने में असफल रहा है। ऐसे में दोषसिद्धि की तुलना में दोषमुक्ति का विकल्प ही न्यायोचित है। सभी आरोपियों को गैरइरादतन हत्या, गैंगस्टर समेत अन्य मामलों से दोषमुक्त किया जाता है।

फरवरी 2010 में सोएपुर में बांटी गई शराब पीने से 28 लोगों की मौत हो गई थी। आरोप लगा था कि 15 बीघे जमीन पर काबिज राजभर परिवारों को हटाने के लिए जानकर जहरीली शराब बांटी गई, जिसे पीने से 28 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग लंबे समय तक अस्पतालों में भर्ती रहे थे। कैंट पुलिस ने जहरीली शराब पीने से दम तोड़ने वाले लालजी राजभर के पुत्र दिनेश राजभर की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या समेत कई धाराओं और गैंगस्टर ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी महेश जायसवाल समेत 20 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। सुनवाई के दौरान आरोपित जवाहर जायसवाल, अंबू देवी, शंभू सिंह व महेंद्र कुमार जायसवाल की मृत्यु होने से उनके खिलाफ सुनवाई समाप्त कर दी गई थी। अदालत में अभियोजन की तरफ से कुल दस गवाह परीक्षित करवाए गए। अदालत ने गवाहों के बयानों को संदिग्धास्पद मानते हुए बाकी आरोपित महेश जायसवाल, बबाऊ जायसवाल, राघवेंद्र उर्फ गब्बू जायसवाल, सारिका गुप्ता, शिवनंदन गुप्ता, गोपाल राजभर, राजकुमार जायसवाल, नवल चौहान, मोनू जायसवाल, अनिल पांडेय, संजय जायसवाल, विकास जायसवाल, बब्लू जायसवाल, सुनील पाल, राहुल सिंह, राजेश प्रसाद को बरी कर दिया। इस प्रकरण में सपा के पूर्व सांसद जवाहर जायसवाल का नाम भी आया था, लेकिन पुलिस ने उन्हें क्लीन चिट दे दी थी।

**जमीन हड़पने के लिए जहरीली शराब बांटने का लगा था आरोप**

**चार आरोपितों की सुनवाई के दौरान ही हो चुकी है मौत**



### मुख्य आरोपित के पिता की हुई थी हत्या

सोएपुर कांड के मुख्य आरोपी महेश जायसवाल ने उक्त जमीन औने-पौने दाम पर लिखवा ली थी। आरोप लगा था कि महेश ने कई परिवार के लोगों को शराब का आदी बनाकर जमीन हथियाई थी। घटना के आठ साल बाद 2018 में महेश के पिता बचनू जायसवाल की घर में ही हत्या कर दी गई थी। विवादित जमीन को लेकर 2018 में एक बार फिर तब बवाल हुआ था, जब एसडीएम सदर ने अभिलेखों के आधार पर महेश के पक्ष में फैसला सुनाया था। विवादित भूमि से कब्जा हटवाने के लिए राजस्व टीम के पुलिस के साथ सोएपुर पहुंचने पर ग्रामीणों ने पथराव के साथ ही आगजनी की थी। इसमें कई अधिकारी घायल भी हुए थे।

### अब बरेली में BLO की मौत

■ भाषा, बरेली: बिथरी चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में तैनाती बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की रविवार रात मौत हो गई। बिसारतगंज के उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार शर्मा (58) को बिथरी चैनपुर विस में बीएलओ बनाया गया था। परिवारीजनों का आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के दबाव के कारण मौत हुई है। वहीं, जिला प्रशासन ने काम के दबाव से इनकार करते हुए स्वाभाविक मौत बताया है। बीएसए डॉ. विनीता के अनुसार विनोद कुमार शर्मा का एसआईआर कार्य अब दिसंबर को पूरा हो गया था।

### 4 लॉजिस्टिक्स प्रॉजेक्टों को यूनिक ID, आएगा ₹1100 करोड़ का निवेश

**यूपीसीडा का फैसला, वाराणसी-मुरादाबाद में 1-1, लखनऊ में लगेंगे 2 प्रॉजेक्ट**

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर: यूपीसीडा ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में 4 लॉजिस्टिक्स प्रोजेक्टों को यूनिक आईडी आवंटित कर दी। ये चार परियोजनाएं वाराणसी, मुरादाबाद और लखनऊ में 1100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ लगाई जाएंगी। वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति-2022 के तहत अथॉरिटी अब तक 45 परियोजनाओं को स्वीकृति दे चुकी है। 650 एकड़ जमीन पर कुल 11,610 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है।

यूपीसीडा की बैठक में लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग प्रोजेक्ट्स के जरिए वाराणसी में ओडब्ल्यूएम, मुरादाबाद में आरपी ऐंड संस और लखनऊ में एएमटी और रैसिप्रोकल कंपनी की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। रोजगार सृजन में ये परियोजनाएं अहम भूमिका निभाएंगी। लॉजिस्टिक्स नीति का दूरगामी उद्देश्य उत्तर प्रदेश को लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग हब बनाने पर है। अथॉरिटी के सीईओ विजय किरन आनंद ने कहा कि यूपीसीडा सरकार के विजन को जमीन पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। जिन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, वे राज्य में आधुनिक लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास और रोजगार सृजन में भी अहम भूमिका निभाएंगी।

### ₹300 करोड़ के साइबर फ्रॉड में 32 गिरफ्तार

**आगरा पुलिस का दावा, दुबई से गिरोह चला रहा है सरगना**

■ NBT न्यूज, आगरा

आगरा पुलिस ने साइबर जालसाजों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 करोड़ से अधिक की ठगी के आरोप में 32 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तीन अलग-अलग इलाकों से पकड़े गए जालसाजों का सरगना दुबई से गिरोह ऑपरेट कर रहा है। पूछताछ में मिली जानकारी के बाद अब पुलिस रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी कर रही है। पुलिस ने 24 आरोपितों को ताजगंज, 6 को जगदीशपुरा और दो को किरावली थाना क्षेत्र से पकड़ा है।

एडीसीपी क्राइम आदित्य सिंह ने बताया कि साइबर अपराध से जुड़े मामलों की ऑनलाइन शिकायत दर्ज होने पर आरोपियों के मोबाइल नंबर की जानकारी गृह मंत्रालय की तरफ से मिली थी। पिछले एक महीने में नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) पर विभिन्न राज्यों से 600 से ज्यादा शिकायतें दर्ज हुई थीं। इसके आधार पर छानबीन में 100 से अधिक लोगों के नाम सामने आए और जांच के बाद केस दर्ज कर 32 जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है।

**जारी होगा रेड कॉर्नर नोटिस:** किरावली निवासी आरोपी के फोन नंबर से लिंक खाते पर एनसीआरबी पोर्टल पर 54 शिकायतें दर्ज पाई गईं। इसके बाद उसके तीन साथियों को पकड़ा गया और निशानदेही पर 21 अन्य को धर दबोचा गया। पूछताछ में सामने आया कि सभी आरोपी न्यू सुरक्षा विहार निवासी नितिन भगौर और गोबर चौकी निवासी रवि राठौर के लिए काम करते हैं। आठवीं फेल नितिन साइबर फ्रॉड शुरू करने के बाद दुबई चला गया था और यहां का जिम्मा रवि को सौंप रखा था। दुबई में नितिन ने एक बोगस कंपनी मेडलर ग्लोबल एक्सीलेंस, मेडलर सर्विस ग्रुप बना रखा है। ठगी की रकम कंपनी के खातों में मंगाकर क्रिप्टोकरेंसी में कंवर्ट कर देखते ही देखते करोड़ों का मालिक बन गया। पुलिस के अनुसार रवि की लोकेशन मिल गई है और जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। इसके साथ ही रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाने के साथ ही नितिन के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू की गई है।

सिडको
शहर बनाए, शहर बसाए

51.24 हेक्टेयर भूमि
का पट्टा
आवासीय टाउनशिप के निर्माण हेतु
केलवे रोड, पालघर में
ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से
योजना क्र.: एमएम/४९/२०२५-२६

सिडको पात्र आवेदकों से **केलवे रोड, पालघर में आवासीय टाउनशिप परियोजना के निर्माण** हेतु **51.24 हेक्टेयर (लगभग 126.62 एकड़)** भूमि के पट्टे के लिए ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है। योजना की विस्तृत जानकारी जिसमें समय-सारणी भी शामिल है, वेबसाइट पर उपलब्ध है:

https://eauction.cidcoindia.com


समय-सारणी

- क्लोज बिड के लिए दस्तावेज शुल्क का भुगतान **18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे** शुरू होगा और **19.01.2026 को रात 23.59 बजे** तक जारी रहेगा।
- क्लोज बिड के लिए ईएमडी शुल्क का भुगतान **18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे** शुरू होगा और **19.01.2026 को रात 23.59 बजे** तक जारी रहेगा।
- ऑनलाइन योजना पुस्तिका **18.12.2025** से उपलब्ध होगी।
- आवेदक अपने प्रश्न मार्केटिंग मैनेजर (कमर्शियल) के ई-मेल आईडी **mm.commercial@cidcoindia.com** पर **18.12.2025** से **24.12.2025** तक ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं।
- कॉर्पोरेशन इन प्रश्नों का उत्तर **31.12.2025** को ऑनलाइन शुद्धिपत्र के रूप में देगा।
- क्लोज बिड जमा करने की प्रक्रिया **18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे** शुरू होगी और **19.01.2026 को रात 23.59 बजे** समाप्त होगी।
- ई-नीलामी के लिए दस्तावेज शुल्क का भुगतान **18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे** शुरू होगा और **20.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे** तक जारी रहेगा।
- ई-नीलामी के लिए ईएमडी का भुगतान **18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे** शुरू होगा और **20.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे** तक जारी रहेगा।
- ऑनलाइन ई-नीलामी **20.01.2026 को सुबह 11.00 बजे** शुरू होगी और **20.01.2026 को शाम 18.00 बजे** तक जारी रहेगी।
- परिणाम की घोषणा **21.01.2026 को दोपहर 15.00 बजे** की जाएगी।

विवरण के लिए, **मार्केटिंग मैनेजर (कमर्शियल)**, तीसरी मंजिल, रायगढ़ भवन, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई- 400614 के कार्यालय से संपर्क करें।

**मार्केटिंग मैनेजर (कमर्शियल)**


CIN-U99999 MH 1970 SGC-014574 www.cidco.maharashtra.gov.in सिडको/जनसंपर्क/४५०/२०२५-२६



CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG8 User: rishi.yadav Time: 12-15-2025 22:41 Color:


# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) । मंगलवार, 16 दिसंबर 2025

जब राजनीति में भाषा का पतन होता है, तब विचार भी पतन की ओर बढ़ते हैं।
*- हन्ना आरेंट, राजनीतिक दार्शनिक*

## अमर्यादित भाषा

राजनीति में तमाम मतभेदों के बाद भी यह उम्मीद की जाती है कि विरोधी के खिलाफ जुबानी तीर चलाते समय मर्यादा का ख्याल रखा जाएगा। मगर यह उम्मीद टूटती रही है। इस कड़ी में नया मामला जुड़ा है पीएम नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी का।

**रैली में नारे ।** आरोप है कि दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली के दौरान पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाए गए। याद होगा कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन की एक रैली में भी पीएम मोदी के खिलाफ कथित तौर पर अपशब्दों का इस्तेमाल हुआ था, जिसे BJP ने बड़ा मुद्दा बनाया था।

**सम्मान जरूरी ।** राजनीति में विरोध स्वाभाविक है, लेकिन उसमें भी पद की गरिमा और शालीनता का ध्यान रखा जाना चाहिए। राजनीतिक स्तर पर भाषाई मर्यादा की दीवार टूटती है, तो असर पूरे समाज पर पड़ता है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में साल 2018 में एक सख्त टिप्पणी की थी। दिल्ली के तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कुछ BJP नेताओं द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर ऐतराज जताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के प्रति कुछ सम्मान होना चाहिए।



रैली में आपत्तिजनक नारा

**सत्र पर असर ।** यह टिप्पणी याद दिलाती है कि विरोध का अधिकार अपनी जगह सुरक्षित है, लेकिन संवैधानिक पदों के सम्मान को गिराने वाले शब्द बर्दाश्त नहीं किए जा सकते। इससे आखिरकार संस्थाएं कमजोर होती हैं। मौजूदा विवाद का एक निराशाजनक पहलू है संसद में कामकाज का ठप होना।

**असल मुद्दे गायब ।** शीत सत्र अभी तक हंगामे और नारेबाजी के नाम रहा है। सोमवार को भी दोनों सदनों में यही नजारा दिखा। BJP नेताओं ने मांग रखी है कि कांग्रेस नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए, जबकि कांग्रेस का कहना है कि सदन के बाहर हुए मामले को सदन में क्यों उठाया जा रहा। गतिरोध की यह स्थिति इसलिए भी अच्छी नहीं है, क्योंकि इसकी वजह से जनता से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पाई।

**सीमा न लांघें ।** सरकार और विपक्ष के बीच इस समय समन्वय और सहमति शून्य के बराबर है। SIR और 'वोट चोरी' जैसे मुद्दों को लेकर दोनों तरफ से आक्रामकता देखने को मिल रही है। अगले साल कुछ राज्यों में चुनाव होने हैं। अक्सर चुनाव के दौरान यह मर्यादा टूटती है, यह देखने में आया है। लेकिन यह देश की राजनीति के लिए ठीक नहीं है। आशा है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों राजनीतिक मर्यादा का खयाल रखेंगे।

### ऐवें कुछ भी

## ग्रैप 4 का ख़ौफ़

गाजियाबाद वाले चाचा के घर भूकंप सा आ गया। बेटा रोहित चिल्लाते हुए घुसा, अरे ग्रैप लग गया, ग्रैप। चाचा कनटोप के भीतर से बोले, किसका गृहप्रवेश हो गया। चाची चौके से चिल्लाईं, टोपा हटा के सुनो, ग्रहण लग गओ। फिर खुद बोलीं, आज कौन सो ग्रहण? टीवी में तो बताई नहीं।



आलोक सिंह भदौरिया

रोहित चिल्लाया, अरे मम्मी AQI 400 के पार हो गया। कल से भारी वाहन, स्कूल, निर्माण कार्य, प्रदूषण फैलाने वाले सब काम बंद। चाचा पास में खिसक आए, और का बंद है? रोहित बोला, सारे गैरजरूरी काम बंद। चाचा ने कनटोप के ऊपर अंगोछा लपेटा, जेब में बटुआ रखा, धीरे-धीरे दरवाजे की तरफ खिसकने लगे। रोहित बोला, अरे कहां चले पापा। चाचा कान में फुसफुसाए, शाम की दवाई का इंतजाम कर लें, पता नहीं कब खुले पाबंदी।

रोहित दांत पीसकर बोला, पापा ग्रैप है लॉकडाउन नहीं। सब खुलेगा। चाचा धीरे से बोले, एकदम पक्का न? अभी कह रहे सारे गैरजरूरी काम बंद, हम लगो कहूं ठेका न बंद हो जाए। फिर खुद से ही बोले, वैसे है तो सबसे जरूरी काम, बंद नहीं होगा। रोहित बोला, अरे पापा धुआं-धक्कड़ वाले काम बंद। समझे? चाची फिर चौके से चिल्लाईं, इन्हें बता देओ, सुबह दरवाजे पै बैठ के हुक्का-बीड़ी फूंकनी सब बंद। चाचा बीड़ी सुलगाने जा ही रहे थे, बात सुनकर बंडल जेब में रख लिया।



रोहित बोला, बेचारा मेसी जब से भारत आया परेशान ही परेशान है। पहले स्टेडियम में फंसा, फिर अपनी विशाल मूर्ति देख दहशत खा गया। अब इते प्रदूषण में दिल्ली में आ रहा है बताओ, कैसे खेलेगा फुटबॉल, कहूं बीमार न पड़ जाए। चाचा ने कनटोप खिसकाया, बोले, कौन सी मौसी आई है? चाची ने घर के गरियाया तो चुप हुए। चाची चौके से बड़बड़ाती रहीं, मेसी की बड़ी चिंता है, यहां रोज हमाए नाती पोता बस्ता लाद के स्कूल जाए रहे, लोग मेहनत मजूरी कर रहे, का उनकी जान, जान नहीं है। जब इतो धुआं भओ तब याद आई? बीमार तो पता नहीं कब से हो रहे सब। अब सब बंद कर देओ। कब तक बंद करोगे? जड़ से खतम काए नहीं करते इस बीमारी को।


### बोल वचन

दिलीप लाल

## दूल्हे की परछन

भारत में शादियों में वर-वधू के मिलन के समय कई रोचक रिवाज निभाए जाते हैं। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में जब बारात घर के दरवाजे पर पहुंचती है, तो लड़की की मां, दादी और अन्य महिलाएं दूल्हे की आरती करती हैं, दही-अक्षत का टीका लगाती हैं और बुरी नजर से बचाने के लिए मूसल या बट्टा जैसी चीजें उसके ऊपर से घुमाती हैं। इस रिवाज के लिए परछन या परिछन शब्द है। मूल शब्द प्रच्छन्न से परिछन आया है जिसका एक अर्थ बचाना भी है। मिथिलांचल में इसके गीत भी गाए जाते हैं, जैसे- 'लोढ़ा (बट्टा) से सेदाई उनकर गाल सखिया, चारो दुल्हा में बड़का कमाल सखिया...।' गुजरात और राजस्थान के कुछ हिस्सों में परछन के लिए तोरण शब्द का इस्तेमाल होता है। हालांकि वहां आरती के बाद दूल्हे की नाक खींची जाती है। हंसी-ठिठोली भरे माहौल में वर के अहंकार को विनम्रता और बराबरी पर लाना माना जाता है। यह अपमान नहीं होता। परछन के लिए बांग्ला में बरन शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। अंग्रेजी में परछन को समझाने के लिए कहा जा सकता है- welcoming of the groom by the bride's female relatives.

AI Image



### तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर विवाद पर हाईकोर्ट के फ़ैसले से नाराज़ विपक्ष का क़दम

# जजों को डराने के लिए लाए महाभियोग?



अवधेश कुमार


**मद्रास हाईकोर्ट** के जज जस्टिस जी. आर. स्वामीनाथन के विरुद्ध विपक्ष द्वारा संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की पहल अभूतपूर्व और दंग करने वाली है। किसी जज के निर्णय या आदेश पर उसके खिलाफ महाभियोग लाने के लिए हमारे माननीय सांसद इस तरह एकजुट हो जाएंगे, इसकी कल्पना नहीं थी। अब इसके विरुद्ध 56 पूर्व जज सामने आ गए हैं, जिन्होंने एक खुले पत्र में इसे अदालत पर राजनीतिक, वैचारिक दबाव बनाने की कोशिश कहा है।

**तीन अहम पहलू ।** इस प्रकरण के तीन प्रमुख पहलू हैं। पहला, न्यायमूर्ति स्वामीनाथन द्वारा दिया गया फैसला और उसकी पृष्ठभूमि। दूसरा, संबंधित विवाद की सच्चाई। तीसरा, महाभियोग प्रस्ताव के पीछे की सोच या विचारधारा। न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर पर दीप जलाने का एक आदेश 1 दिसंबर को दिया और फिर प्रशासन द्वारा उसका पालन न किए जाने पर तीखे शब्दों में दूसरा आदेश 4 दिसंबर को दिया।

**पुरानी परंपरा ।** दरअसल, तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर से संबंधित पत्थर स्तंभ-दीपथून पर दीपक जलाकर कार्तिगई दीपम त्योहार मनाने की पुरानी परंपरा है। तमिल महीने कार्तिगई (नवंबर-दिसंबर) में मनाए जाने वाले 'कार्तिगई दीपम' उत्सव के तहत, हमेशा की तरह उच्ची पिल्लैयार मंदिर के मंडपम में दीप जलाने के लिए जब लोग जाने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। तिथि के अनुसार 3 दिसंबर को दीप जलाया जाना चाहिए था किंतु ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया और न्यायालय के समक्ष अवमानना याचिका डाली गई जिसके तहत यह आदेश आया।

**क्या है मामला**

- तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर पर दीप जलाने की है परंपरा
- प्रशासन ने गड़बड़ी की आशंका से लगा दी रोक
- रोक के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर भड़की पार्टियां



AdobeStock



**17वीं सदी की दरगाह ।** तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी तमिलनाडु राज्य के मदुरै शहर से 10 किमी दूर है जिस पर यह मंदिर है। हिंदू मान्यताओं में यह भगवान मुरुगन या कार्तिकेय के छह निवास स्थानों में एक है। विवाद की मुख्य वजह पहाड़ी के ऊपरी भाग पर स्थित सिकंदर बधुशाह की दरगाह है। मंदिर समर्थकों की मान्यता है कि यह पूरी पहाड़ी शिवलिंग है जिसके बीच में भगवान मुरुगन का मंदिर है। सिकंदर बधुशाह की दरगाह 17वीं शताब्दी में बनी थी जबकि मंदिर का उल्लेख छठी शताब्दी तक मिलता है।

**नाम बदलने का आंदोलन ।** DMK के संस्थापक ईवी रामास्वामी नायकर यानी पेरियार की पूरी सोच सनातन या हिंदू धर्म के विरुद्ध थी। DMK की राजनीति इस हिंदू धर्म के विरोध पर टिकी है, जिसे कुछ लोग नास्तिकतावाद भी कहते हैं। हालांकि विडंबना देखिए कि उस नास्तिकतावाद में इस्लाम या ईसाइयत का विरोध नहीं है। तिरुप्परनकुंद्रम विवाद पिछले दिनों तब ज्यादा गहराया जब कुछ मुस्लिम संगठनों ने इसे सिकंदर मलाई पहाड़ी नाम देने की मांग कर आंदोलन शुरू किया।

**प्रशासन की रोक ।** इन कारणों से वहां तनाव की स्थिति बनी और मंदिर के सामान्य पूजा पाठ को छोड़ अन्य गतिविधियों को प्रशासन ने लगभग रोक दिया। ऐसा नहीं होता तो कार्तिकेय दीपम के लिए अदालत जाने की आवश्यकता ही नहीं होती। दक्षिण में भगवान मुरुगन सर्वाधिक पूजे जाने वाले देवताओं में हैं और इनको मानने वाले में समाज के पिछड़े वर्ग की संख्या ज्यादा है।

**अन्य विकल्प ।** पूरे विवाद को निष्पक्षता से देखने के बाद कौन क्या निष्कर्ष निकालता है, यह उसका अपना मामला है। किंतु कोई सरकार या पार्टी न्यायाधीश के फैसले से असहमत भी है तो क्या उसका रास्ता महाभियोग होगा? उच्च न्यायालय की एकल पीठ के विरुद्ध बड़ी पीठ में जाया जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट का रास्ता भी खुला है। इस सबको छोड़कर महाभियोग प्रस्ताव लाने की कोशिश से लगता है कि तमिलनाडु सरकार ऐसा दबाव बनाना चाहती है जिससे आगे कोर्ट इस तरह के फैसले देने से डरे।

**लोकतंत्र के लिए खतरनाक ।** महाभियोग न्यायपालिका की ईमानदारी की रक्षा करने के लिए है, न कि जजों पर दबाव डालने या बदला लेने के लिए। महाभियोग को दबाव बनाने के हथियार की तरह इस्तेमाल करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। DMK की संकीर्ण एकपक्षीय तमिलवाद की अपनी राजनीति है लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, और तृणमूल कांग्रेस आदि का इस सवाल पर उसके साथ आना आने वाले समय में इन दलों के लिए और प्रतिकूल साबित हो सकता है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विचारक हैं)*

### कांटे की बात






उमर अब्दुल्ला, *जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री*

### AI की दुनिया

## इस लैब में इंसान नहीं, रोबॉट करेंगे काम

*गूगल की AI कंपनी डीपमाइंड ने ब्रिटेन में अपनी पहली पूरी तरह ऑटोमेटेड रिसर्च लैब खोलने का ऐलान किया है। इसमें AI और रोबॉट्स मिलकर वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे। इस लैब में इंसानों का दखल सिर्फ मॉनिटरिंग के स्तर तक होगा।*



AI Image


**एक दिन में कई टेस्ट**

**अभी साइंटिस्ट** पारंपरिक लैब में खुद रिसर्च करते हैं, जिसमें कई साल लग जाते हैं। डीपमाइंड की लैब में गूगल का Gemini मॉडल पूरी तरह इंटीग्रेट किया जाएगा, जो तय करेगा कि अगली रिसर्च क्या होगी। यहां रोबॉट्स सामग्री बनाएंगे, टेस्ट करेंगे और डेटा इकट्ठा करेंगे। लैब 2026 में शुरू होगी।

**एनर्जी और टेक्नॉलजी पर फोकस**


**लैब का** मुख्य फोकस नए मटीरियल्स पर होगा। इससे मेडिकल, रिन्यूएबल एनर्जी और कंप्यूटर टेक्नॉलजी को बदलने में मदद मिलेगी। डीपमाइंड के CEO और नोबेल पुरस्कार विजेता Demis Hassabis का मानना है ऑटोमेटेड रिसर्च लैब से AI से होने वाले बदलाव और तेज होंगे। *-प्रदीप तिवारी*

### जनता जंक्शन — इरफान





## जब नीतीश ने कहा, नितिन तुम भी बोलने लगे?



प्रियरंजन भारती

बिहार विधानसभा का एक किस्सा बेहद चर्चित हुआ था। नीतीश कुमार तब महागठबंधन की सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। किसी मुद्दे पर BJP विधायकों ने उनका विरोध किया, तो नितिन नवीन भी खड़े हो गए। बाकी BJP विधायकों का विरोध तो नीतीश को नहीं खला, लेकिन नितिन को उन्होंने टोक दिया, 'तुम भी बोलने लगे? तुम्हारे पिता हमारे इतने करीबी रहे, कभी ऐसा कुछ नहीं किया। हम उनकी कितनी मदद किए हैं।' नितिन तुरंत शांत होकर हट गए।

**पार्टी के साथ संयोग ।** बिहार में नितिन को शांत, सरल और संबंधों के प्रति समर्पित माना जाता है। देश के सबसे बड़े राजनीतिक दल BJP ने जब उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष चुना, तो सभी हैरान रह गए। यह संयोग है कि पार्टी और नितिन, दोनों का जन्म 1980 में हुआ था। उन्होंने कभी राजनीति को लक्ष्य नहीं बनाया, लेकिन पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के निधन के बाद हालात ऐसे बने कि वह सियासत में उतर पड़े।

**संकेत में संदेश ।** नितिन नवीन की नियुक्ति को बंगाल चुनाव की तैयारी से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। इससे एक दिन पहले ही पार्टी ने यूपी के प्रदेश अध्यक्ष का फैसला किया था। तब यही कयास थे कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्णय कुछ दिन और टलेगा। नवीन की नियुक्ति में छिपे संदेशों को पढ़ने की कोशिश की जा रही है। एक संकेत तो यह मिलता है कि पार्टी आने वाले समय में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दिखाई दिशा पर चलेगी।

**युवा भागीदारी ।** इस नियुक्ति का एक और संकेत है कि पार्टी में जेनरेशन नेक्स्ट का समय शुरू हो चुका है। हर स्तर पर युवा भागीदारी बढ़ती दिख रही है। लंबे समय से संघ और संगठन के बीच समन्वय की बातें चल रही थीं। बतौर अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल को विस्तार मिला था और संघ की तरफ से बार-बार निर्देश मिल रहे थे। इस बीच कई नाम चर्चा में रहे। लेकिन, मोदी और शाह की जोड़ी ने सारे अनुमानों को ध्वस्त करते हुए सवर्ण समाज से ऐसे युवा नेता को चुना है, जो अत्यधिक विनम्रतावश कभी शिखर नेतृत्व का अनादर और उपेक्षा नहीं कर पाएगा।

### कॉमन रूम



**बिहार की धमक ।** BJP की परंपरागत शैली पर नजर डालें तो कार्यकारी अध्यक्ष औपचारिक चुनाव के बाद अध्यक्ष पद धारण कर लेता है। लिहाजा पार्टी ने परंपराओं का पालन बखूबी कर लिया। जिस कायस्थ समाज से नितिन आते हैं, उसकी आबादी 2023 में कराई गई जातीय गणना के मुताबिक बिहार में मात्र 0.6% है। इस हिसाब से बिहार में केवल 7.85 लाख कायस्थ हैं। हालांकि जाति के संगठनों का दावा है कि केवल पटना में ही 10 लाख कायस्थ रहते हैं। आंकड़ों की हकीकत कुछ और भी हो सकती है, पर इतना तय है कि विधानसभा चुनाव में मिली जबरदस्त जीत के साथ BJP ने राष्ट्रीय स्तर पर भी बिहार के संदेश की धमक दिखाने में देर नहीं की।


*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

## बॉस का टारगेट नहीं, मन में शांति न होना है समस्या

हरीश बड़थ्वाल

**पर्वतों की** सुरम्य चोटियां, किनारों से टकराकर बिखरती समुद्री लहरें या सुनहरे रेगिस्तान की अनंत छटाएं अक्सर भीतर तक स्पर्श करती हैं। लोग कहते हैं कि उस क्षण की शांति को शब्दों में बांधना मुश्किल है। ऐसा लगता है मानो समय और स्थान से परे कोई मौन सत्ता हमारे भीतर उतर आई हो। लेकिन क्या यह शांति केवल असाधारण प्राकृतिक दृश्यों में ही संभव है? क्या वर्कप्लेस के लक्ष्य, मीटिंग, डेडलाइन और परफॉर्मेंस में यह अनुभूति नहीं?

आज का जीवन पूरी तरह टारगेट बेस्ड हो गया है। मासिक लक्ष्य, वार्षिक मूल्यांकन, KPI, प्रमोशन और बोनस - हर कदम सफलता के आकार और तुलना में बंधा है। एक लक्ष्य पूरा होने से पहले ही अगला लक्ष्य सामने खड़ा होता है। क्या हासिल किया उसका उत्सव मनाने का समय नहीं मिलता, क्योंकि मन पहले ही अगले पड़ाव की ओर दौड़ता है। यही निरंतर दौड़ बर्नआउट और मानसिक थकान को जन्म देती है। समस्या काम की अधिकता नहीं, बल्कि यह भावना है कि हम कभी पर्याप्त नहीं होते। उपलब्धि-प्रधान समाज स्वतंत्रता नहीं, बल्कि मानसिक थकान और अवसाद पैदा करता है। जब व्यक्ति स्वयं ही अपना बॉस बन जाता है और लगातार प्रदर्शन के दबाव में रहता है, तो वह अनजाने में स्वयं का शोषण करता है। इसी दौड़ में हम कुछ धारणाएं बिना जांचे-परखे स्वीकार कर लेते हैं, जैसे रुकना असफलता है, संतोष पिछड़ापन है, और शांति केवल छुट्टी या यात्रा में ही मिल सकती है। ये धारणाएं धीरे-धीरे मन का स्वभाव बन जाती हैं।



THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

जीवन में द्वंद्व स्वाभाविक है, पर यह विनाशकारी तब बनता है जब हम हर परिस्थिति को केवल परिणाम के चश्मे से देखने लगते हैं। ट्रैफिक जाम, बॉस की टिप्पणी या किसी प्रोजेक्ट का दबाव उतने भारी नहीं जितना हमारी प्रतिक्रिया उन्हें बनाती है। लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए यदि मन शांत न रहे, तो सफलता भी थकान बन जाती है। असली आनंद उन्हीं को मिलता है जो लक्ष्य साधते हुए भी स्वयं से जुड़े रहते हैं और भीतर की शांति बनाए रखते हैं।

## 'वोट चोरी' पर कांग्रेस का गेमप्लान

हेमंत राजौरा

**दिल्ली में** कांग्रेस की ओर से रविवार को आयोजित रैली केवल राजनीतिक प्रदर्शन नहीं थी। यह पार्टी की मौजूदा रणनीति, आंतरिक मनोबल और लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर उसके रुख का स्पष्ट संकेत भी थी। रैली के केंद्र में कथित वोट चोरी और चुनावी प्रक्रिया में हेराफेरी का आरोप रहा। मंच के सामने लगाए गए पांच करोड़ से अधिक हस्ताक्षर संकेत दे रहे थे कि कांग्रेस इस मुद्दे को देशव्यापी आंदोलन बनाना चाहती है। ये हस्ताक्षर अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम लोगों से संवाद कर जुटाए हैं।

### हौसला बढ़ाने की कोशिश

रैली का अहम उद्देश्य चुनाव आयोग और चुनावी व्यवस्था की निष्पक्षता पर उठाए जा रहे सवालों को व्यापक चर्चा का विषय बनाना था।

दूसरा मकसद, संगठन के भीतर फैली निराशा को दूर करना था। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन के बावजूद हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में मिली हार ने कार्यकर्ताओं के मनोबल को प्रभावित किया है। रैली से पार्टी ने संदेश दिया कि इस हार की वजह संगठन की कमजोरी नहीं, बल्कि चुनावी प्रक्रिया में हुई गड़बड़ियां हैं।

**विशुद्ध राजनीति**
**कसौटी**



प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि BJP ने वोट चोरी कर बिहार में जीत हासिल की है। उन्होंने संघर्ष, धैर्य और जमीनी सक्रियता पर जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस की लड़ाई सत्ता के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है।

राहुल गांधी ने भी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष लंबा जरूर है, लेकिन सत्य के रास्ते पर चलकर पार्टी आखिरकार सफल होगी और हम इस सरकार को सत्ता से हटाएंगे। उनके ऐसे वाक्य कार्यकर्ताओं के लिए वैचारिक संबल हैं। राहुल ने विश्वास दिलाया कि डर, दबाव और कथित गड़बड़ियों के बावजूद सच की ताकत अंततः राजनीतिक बदलाव का कारण बनेगी।

रैली कांग्रेस की दबाव की राजनीति का हिस्सा भी है। पार्टी जानती है कि चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थान पर सीधे आरोप लगाना आसान नहीं है, लेकिन लगातार दबाव बनाए रखकर और सार्वजनिक बहस के जरिए वह राजनीतिक विमर्श को अपने पक्ष में मोड़ सकती है। यदि वोट चोरी का मुद्दा लंबे समय तक चर्चा में बना रहता है, तो यह आगामी विधानसभा चुनावों और 2029 लोकसभा चुनाव में उसके लिए मजबूत हथियार बन सकता है। साथ ही, यह BJP को रक्षात्मक स्थिति में लाने की कोशिश भी है।

### कांग्रेस के लिए जोखिम

हालांकि, इस रणनीति के साथ जोखिम भी जुड़े हैं। बार-बार चुनावी हार को संस्थागत गड़बड़ियों से जोड़ने पर यह आरोप लग सकता है कि कांग्रेस आत्ममंथन से बच रही है। यदि पार्टी इन आरोपों के साथ ठोस सबूत, कानूनी लड़ाई या चुनावी सुधारों का स्पष्ट रोडमैप पेश नहीं कर पाती तो यह नैरेटिव कमजोर पड़ सकता है। यह धारणा भी बन सकती है कि विपक्ष हर हार के बाद संस्थाओं पर सवाल उठाता है। इसलिए यह मुद्दा छोटी अवधि में कांग्रेस को वैचारिक धार जरूर दे सकता है, लेकिन लंबी अवधि में इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि पार्टी इसे कितनी विश्वसनीयता, प्रमाण और सकारात्मक राजनीतिक अजेंडे के साथ आगे बढ़ा पाती है।

### रीडर्स मेल

**भविष्य की रणनीति**

BJP में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नवीन की नियुक्ति पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव और भविष्य-केंद्रित रणनीति का संकेत देती है। नितिन नवीन का चयन यह दर्शाता है कि पार्टी अब अनुभव के साथ ऊर्जा और संगठनात्मक प्रदर्शन को भी समान महत्व दे रही है। हालांकि कार्यकारी अध्यक्ष का पद औपचारिक रूप से अस्थायी है, लेकिन राजनीतिक संदेश स्पष्ट है। अब असली परीक्षा आने वाले विधानसभा चुनावों में संगठन को एकजुट रखते हुए चुनावी सफलता दोहराने की होगी।

**समर किशोर, लखनऊ**

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

www.et.nbt.in THE ECONOMIC TIMES नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित) । मंगलवार,16 दिसंबर 2025 9

## फटाफट खबरें

### 1.22 लाख से ज्यादा ने चुनी UPS

■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार की नई पेंशन योजना यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) को कर्मचारियों का सपोर्ट मिल रहा है। सरकार ने सोमवार को संसद में बताया कि 30 नवंबर 2025 तक कुल 1,22,123 केंद्रीय कर्मचारियों ने इस स्कीम को अपनाया है। लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि जिन कर्मचारियों ने UPS चुना है, उन्हें अपनी पूरी नौकरी के दौरान एक बार वापस NPS में जाने का मौका दिया जाएगा।

### यस बैंक के राणा कपूर से पूछताछ

■ पीटीआई, नई दिल्ली: प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सोमवार को यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर से लंबी पूछताछ की। यह पूछताछ रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान राणा कपूर का बयान PMLA के तहत रिकॉर्ड किया गया।

### 'क्रिप्टो लेन-देन में टॉप 10 में भारत'

■ वि, नई दिल्ली : बायबिट (Bybit) और डीएल रिसर्च (DL Research) ने मिलकर 'वर्ल्ड क्रिप्टो रैंकिंग्स 2025' रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, लेन-देन के मामले में भारत दुनिया के टॉप 10 देशों में शुमार हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को ग्लोबल लिस्ट में 9वीं रैंक मिली है। इस कामयाबी की मुख्य वजह भारत का मजबूत रिटेल यूजर बेस और 'स्टेबलकॉइन्स' का बढ़ता इस्तेमाल है।

### BHEL ने दिया 110 करोड़ का डिविडेंड

■ पीटीआई, नई दिल्ली: पब्लिक सेक्टर की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) ने भारत सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 109.98 करोड़ रुपये का फाइनल डिविडेंड दिया है। BHEL में भारत सरकार की 63.17 फीसदी हिस्सेदारी है।

# सोना एक दिन में 4,000 रु. महंगा

## 1,37,600 रुपये/10 ग्राम के ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : सोना और चांदी की कीमतों में तेजी बनी हुई है। ऑल इंडिया ज्वेलर्स असोसिएशन के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली में सोने की कीमतों में 4,000 रुपये का जबरदस्त उछाल आया। इसके साथ ही सोना 1,37,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने अब तक के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। इससे पहले 17 अक्टूबर को सोने ने 3,200 रुपये की छलांग लगाई थी और 1,34,800 रुपये का रेकॉर्ड बनाया था। 31 दिसंबर 2024 के 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से तुलना करें तो सोना अब तक 74.3 प्रतिशत महंगा हो चुका है। दूसरी ओर, सोमवार को चांदी की कीमतें 1,99,500 रुपये (सभी टैक्स सहित) पर स्थिर रहीं। हालांकि, इस साल अब तक चांदी ने 1,09,800 रुपये (122.41%) की भारी बढ़त हासिल की है। 31 दिसंबर 2024 को इसका भाव 89,700 रुपये प्रति किलो था।

इस साल सोने ने करीब 74% का रिटर्न दिया है।



दुनिया में तनाव से बढ़ रहे दाम: केंद्र

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सोने और चांदी की कीमतों में हाल ही में जो भारी उछाल आया है, उसकी सबसे बड़ी वजह दुनिया भर में बढ़ा तनाव (जियोपॉलिटिकल टेंशन) और ग्लोबल ग्रोथ को लेकर बना डर है। सोमवार को वित्त मंत्रालय ने बताया कि आर्थिक अनिश्चितता की वजह से लोग सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मान रहे हैं। लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि कीमतें बाजार तय करता है, सरकार का इसमें कोई दखल नहीं होता।

वहीं, MCX पर फरवरी डिलीवरी वाले सोने के कॉन्ट्रैक्ट में सोने में 1,874 रुपये (1.4%) का उछाल आया और यह 1,35,496 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया। वहीं, मार्च 2026 के कॉन्ट्रैक्ट के लिए चांदी 5,255 रुपये (2.72%) बढ़कर 1,98,106 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

### सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली गिरावट

सोमवार को सेंसेक्स 54.30 अंक गिरकर 85,213.36 पर बंद हुआ। एक समय 427 अंक टूटकर 84,840 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 19.65 अंक (0.08%) की हल्की गिरावट के साथ 26,027.30 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 25,904 तक लुढ़क गया था।

### 90.78 के निचले स्तर पर रुपया

सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया एक समय 90.80 के लेवल तक गिर गया, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। आखिर में यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 29 पैसे की कमजोरी के साथ 90.78 (अस्थायी) के नए ऑल-टाइम लो पर बंद हुआ।

## नवंबर में भी माइनस में रही थोक महंगाई

■ पीटीआई, नई दिल्ली: नवंबर महीने में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) पर आधारित महंगाई दर लगातार दूसरे महीने 'माइनस' में रही। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में यह दर (-) 0.32 प्रतिशत दर्ज की गई। हालांकि, अगर महीने-दर-महीने आधार पर देखें, तो दाल और सब्जियों जैसी चीजों के दाम थोड़े बढ़े हैं, लेकिन कुल मिलाकर महंगाई शून्य से नीचे ही रही। अक्टूबर में थोक महंगाई दर (-) 1.21 प्रतिशत थी, जबकि पिछले साल नवंबर में यह 2.16 प्रतिशत थी।



उद्योग मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि सालाना आधार पर महंगाई के माइनस में रहने की मुख्य वजह खाने-पीने की चीजों, मिनरल ऑयल, कच्चा तेल, नेचुरल गैस, बेसिक मेटल्स और बिजली के दामों में कमी आना है। खाने-पीने की चीजों के दाम पिछले आठ महीनों (अप्रैल से) से लगातार गिर रहे हैं।

### नवंबर में भारत के निर्यात में उछाल

# US टैरिफ के बावजूद 19% बढ़ा एक्सपोर्ट

■ पीटीआई, नई दिल्ली: अक्टूबर महीने में आई गिरावट के बाद भारत के निर्यात ने नवंबर में जोरदार वापसी की है। इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की बंपर डिमांड के चलते नवंबर में निर्यात 19.37% बढ़कर 38.13 बिलियन डॉलर हो गया। इसका सीधा फायदा यह हुआ कि देश का व्यापार घाटा घटकर 5 महीने के सबसे निचले स्तर 24.53 बिलियन डॉलर पर आ गया। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में देश का आयात 1.88% गिरकर 62.66 बिलियन डॉलर रह गया। इसकी मुख्य वजह सोने, कच्चे तेल, कोयले और कोक के आयात में कमी आना है।

व्यापार घाटा घटकर 5 महीने के निचले स्तर पर

कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने बताया कि नवंबर के निर्यात ने इस साल अक्टूबर में हुए नुकसान की भरपाई कर दी है। उन्होंने कहा कि खास बात यह है कि अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50% का भारी-भरकम टैरिफ (टैक्स) लगाया है, इसके बावजूद निर्यात में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अग्रवाल ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग, केमिकल्स और जेम्स-ज्वेलरी जैसे सेक्टरों ने निर्यात बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (FIEO) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि अप्रैल-नवंबर 2025 के दौरान अमेरिका भारत का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट बना रहा। 50% टैरिफ लगने के बाद भी यह स्थिति बनी रहना भारतीय निर्यातकों की मजबूती को दिखाता है।



# पैरेंट्स मान रहे, बिना फोन डिनर से जुड़ाव बढ़ेगा: सर्वे



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: 81 फीसदी माता-पिता मानते हैं कि डिनर के दौरान फोन बंद रखने से वे अपने बच्चों के साथ ज्यादा जुड़ाव महसूस करते हैं। वीवो इंडिया की 'स्विच ऑफ स्टडी 2025' में यह बात सामने आई है। सर्वे में पाया गया कि 72 फीसदी माता-पिता और 30 फीसदी बच्चे मानते हैं कि खाने समय फोन देखना बातचीत में सबसे बड़ी रुकावट है। जहां बच्चे फोन का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए करते हैं, वहीं माता-पिता बार-बार मैसेज या नोटिफिकेशन चेक करते हैं। इससे आपसी बातचीत का सिलसिला टूट जाता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 72 फीसदी बच्चे अपने माता-पिता के साथ सबसे ज्यादा समय डिनर पर ही बिताते हैं। जब फोन अलग रख दिए जाते हैं, तो 91 फीसदी बच्चों को लगता है कि बात करना आसान और ज्यादा स्वाभाविक होता है। बिना फोन के 87 फीसदी बच्चे अपने मन की बात खुलकर कह पाते हैं।

**AI के कारण भी बढ़ी दूरी**

67 फीसदी बच्चों का कहना है कि उनके माता-पिता व्यस्त रहते हैं, इसलिए वे अपने सवालों के लिए AI टूल्स का सहारा ले रहे हैं। सर्वे में 54% बच्चों ने कहा कि वे AI टूल का उपयोग होमवर्क, सीखने और व्यक्तिगत विकास के लिए करते हैं। वीवो इंडिया के कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी हेड गीतज चन्नना ने कहा है कि यह स्टडी बताती है कि परिवार अब संतुलन बनाना चाहते हैं।

## 'WhatsApp को डेटा पर यूजर्स की सहमति लेनी होगी'

■ पीटीआई, नई दिल्ली: अपीलीय ट्रिब्यूनल NCLAT ने सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाते हुए साफ किया कि प्राइवेसी और सुरक्षा से जुड़े उसके आदेश WhatsApp के डेटा शेयर के काम पर लागू होते हैं। चाहे मसला विज्ञापन का हो या बिना विज्ञापन वाला। डेटा कलेक्ट करने और शेयर करने से पहले यूजर की मंजूरी लेना जरूरी होगा। NCLAT ने यह आदेश CCI की एक अर्जी पर दिया। ट्रिब्यूनल ने कहा, अपीलकर्ता (WhatsApp, Meta) यूजर के डेटा पर अपना एकतरफा या मनमाना हक नहीं जता सकते। NCLAT ने कहा, हमने पहले ही साफ कर दिया था कि यूजर्स के पास यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि उनका कौन सा डेटा लिया जा रहा है, किस काम के लिए लिया जा रहा है और कितने समय के लिए।

# MF में निवेश सस्ता, SEBI घटा सकता है फीस

## कल सेबी बोर्ड की अहम मीटिंग, IPO सहित कई मुद्दों पर भी होगी चर्चा

■ NBT रिपोर्ट : शेयर बाजार नियामक SEBI (सेबी) निवेशकों के फायदे के लिए म्यूचुअल फंड के नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी में है। बुधवार को होने वाली बोर्ड बैठक में म्यूचुअल फंड की फीस कम करने, IPO के नियमों को आसान बनाने और निवेशकों के खर्चों में पारदर्शिता लाने पर फैसला हो सकता है। साथ ही, सेबी अपने अधिकारियों के लिए हितों के टकराव (Conflict of Interest) से जुड़े एक्सपर्ट पैनल की रिपोर्ट पर भी विचार करेगा। करीब 30 साल बाद नियमों की इतनी बड़ी समीक्षा की जा रही है। बता दें कि MF इंडस्ट्री 80 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति मैनेज करती है।

अक्टूबर में सेबी ने इक्विटी और डेट फंड्स में टोटल एक्सपेंस रेशियो (TER) यानी कुल खर्चों को कम करने का प्रस्ताव दिया था। साथ ही ब्रोकरेज फीस घटाने की भी बात कही थी। TER वह फीस है जो सेबी के नियमों के मुताबिक निवेशकों से स्कीम के खर्च के तौर पर ली जाती है। यह मैनेजमेंट और ऑपरेशनल खर्चों को पूरा करने के लिए निवेशकों से वसूली जाती है। अभी यह फीस फंड के साइज के हिसाब से अलग-अलग स्लैब में लगती है। सेबी ने म्यूचुअल फंड को जो TER चार्ज करने हैं, उसमें 15-20 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की जानी चाहिए।

टोटल एक्सपेंस रेशियो (TER) को कम करने का प्रस्ताव ला सकता है सेबी।



एक और बड़ा प्रस्ताव कैश मार्केट ट्रांजैक्शन के लिए ब्रोकरेज को 12 बेसिस पॉइंट्स से घटाकर 2 बेसिस पॉइंट्स करना है। वहीं, डेरिवेटिव ट्रांजैक्शन के लिए इसे 5 बेसिस पॉइंट्स से घटाकर 1 बेसिस पॉइंट करने की बात है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि मार्केट के बिचौलिये इसका विरोध कर रहे हैं।

■ **क्या होगा फायदा?** : सेबी का कहना है कि ब्रोकर अभी रिसर्च और सौदे कराने के नाम पर ज्यादा वसूलते हैं। चूंकि रिसर्च करना ब्रोकर का अपना काम है। इसलिए निवेशकों से इसके लिए अलग से पैसे लेना गलत है। सेबी के मुताबिक, निवेशकों को अनजाने में एक ही चीज के लिए दो बार पैसे देने पड़ते हैं।

■ **IPO को लेकर प्लान?** : अभी कोई कंपनी अपना IPO लाती है, तो उसके दस्तावेज इतने पेचीदा होते हैं कि आम निवेशक उन्हें समझ ही नहीं पाता। सेबी अब एक आसान और छोटी समरी (Summary) लाने का विचार कर रहा है। इसमें कंपनी की कमाई, रिस्क और मुख्य जानकारी एक ही जगह मिल जाएगी, ताकि रिटेल निवेशक आसानी से फैसला ले सकें।

■ **क्या कहते हैं एक्सपर्ट?** : इसके साथ ही, सेबी टैक्स (STT, GST और स्टैम्प ड्यूटी) को फंड की फीस से बाहर रखने और फंड हाउसों द्वारा लिए जाने वाले कुछ अतिरिक्त चार्जेस को खत्म करने पर भी बात कर सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ये बदलाव लागू होते हैं, तो म्यूचुअल फंड कंपनियों की कमाई थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन आम निवेशकों के लिए यह एक बड़ी राहत होगी।

■ **फंड हाउस का कहना है?** : आनंद राठी ग्रुप के चेयरमैन आनंद राठी कहते हैं, ब्रोकरेज में प्रस्तावित कटौती लंबे समय में निवेशकों के हित में नहीं हो सकती है। किसी भी म्यूचुअल फंड का प्रदर्शन इस बात पर निर्भर करता है कि ब्रोकर्स उन्हें कितनी अच्छी 'सेल-साइड रिसर्च' मुहैया करवाते हैं।

## अयोध्या/बाराबंकी

## फटाफट खबरें

### जन्म कल्याणक पर निकली पालकी यात्रा

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: श्री दिगंबर जैन मंदिर से सोमवार को भगवान चन्द्रप्रभु एवं भगवान पार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक पर पालकी यात्रा निकाली गई। जयमाल का सौभाग्य अजय कुमार जैन और तेज कुमार जैन के परिवार को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान पार्श्वनाथ व चन्द्रप्रभु की शांतिधारा अभिषेक किया। इस दौरान वीरेंद्र कुमार जैन, कमलेश जैन, प्रकाश जैन, जय कुमार जैन, प्रदीप जैन, सचिन जैन, मोहित जैन, नितेश जैन, अतुल जैन, हरीश जैन सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

### 'टर्म ऑफ रिफरेंस में शामिल हो पेंशन पुनरीक्षण'

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: आठवें वेतन आयोग के टर्म ऑफ रिफरेंस में पेंशनर्स को अलग रखने के विरोध में गन्ना कार्यालय परिसर में सोमवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी व पेंशनर्स असोसिएशन के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने जनवरी 2026 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारी व शिक्षकों के पेंशन पुनरीक्षण व पेंशन लाभों को वेतन आयोग के टर्म ऑफ रिफरेंस में शामिल करने की मांग उठाई। इस मौके पर एसपी सिंह, पवन कुमार वर्मा, अशोक सैनी, ओमप्रकाश वर्मा, सर्वजीत यादव, सुरेंद्र कुमार वर्मा, सुशील वाजपेई की मौजूदगी में पीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय को सौंपा गया।

### राममंदिर की यज्ञशाला में महाभारत का मंचन



■ NBT न्यूज, अयोध्या : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की यज्ञशाला में सोमवार को कन्नड़ फिल्म उद्योग के धारावाहिकों की अभिनेत्री गीता के संयोजन में 50 कलाकारों ने महाभारत का मंचन अपनी भाषा में किया। ट्रस्ट की ओर से आयोजन सहयोगी शैलेंद्र शुक्ल ने बताया कि अयोध्या की महाभारत का मंचन सुबह नौ से शाम चार बजे तक चला। इसके बाद रामलला के दर्शन किए।

### खेलों से निखरती है प्रतिभा : वेद प्रकाश

■ NBT न्यूज, अयोध्या : विधायक खेल प्रतियोगिता के तहत 20 व 21 दिसंबर को डाभासेमर स्टेडियम में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता जूनियर, सब-जूनियर एवं सीनियर स्तर पर महिला व पुरुष वर्गों में आयोजित होगी। आयोजन में वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी एवं एथलेटिक प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ डाभासेमर स्टेडियम पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देना है। उन्होंने कहा कि खेलों से प्रतिभा निखरती है।

### जूट उत्पादों पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



■ NBT न्यूज, अयोध्या: नाबार्ड के सहयोग से ओंकार सेवा संस्थान द्वारा अमानीगंज विकास खंड के पूरे दला में जूट के परंपरागत व आधुनिक उत्पादों पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इसमें 21 से 40 वर्ष आयु की 30 महिलाएं प्रशिक्षण ले रही हैं। प्रतिभागियों को रोज जलपान, भोजन और 50 रुपये यात्रा भत्ता दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए कोलकाता से जूट उत्पाद विशेषज्ञ पौपिया अधिकारी आई हैं। नाबार्ड के डीडीएम कमलेश यादव ने कहा कि जूट प्लास्टिक का बेहतर, पर्यावरण मित्र विकल्प है। प्रशिक्षिका ने बताया कि जूट उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अच्छी मांग है।

# 12 वर्ष की आयु में अयोध्या आए और यहीं के हो गए

■ NBT न्यूज, अयोध्या : राम मंदिर आंदोलन से लेकर कानूनी लड़ाई तक में प्रखर भूमिका निभाने वाले संत व दो बार बीजेपी से सांसद रहे डॉ. राम विलास वेदांती का सोमवार को मध्य प्रदेश के रीवा स्थित सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में निधन हो गया। पार्थिव शरीर देर रात अयोध्या लाया गया। यहां हिंदू धाम से मंगलवार को अंतिम यात्रा निकलेगी जो राम मंदिर से होकर सरयू तट पहुंचेगी। महंत राघवेशदास वेदांती के मुताबिक रीवा के के लालगंज के पास भठवा गांव में राम कथा के दौरान सीने में दर्द उठने के बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया था। 67 वर्षीय डॉ. वेदांती ने दोपहर 12:20 बजे अंतिम सांस ली। रीवा के गुढ़वा गांव में 7 अक्टूबर 1958 को जन्मे डॉ. वेदांती 12 साल की आयु में ही अयोध्या आ गए थे। इसके बाद पूरा जीवन प्रभु राम की सेवा व मंदिर के लिए संघर्ष में लगा दिया।

राम मंदिर आंदोलन में उग्र दल के संतों में शुमार डॉ. वेदांती अपने बयानों से हमेशा चर्चा में रहे। बीजेपी के टिकट पर प्रतापगढ़ और मछलीशहर जौनपुर से लोकसभा का चुनाव भी जीते थे। उन्होंने राम जन्मभूमि मंदिर न्यास के वरिष्ठ सदस्य की भी जिम्मेदारी निभाई और 1992 की विवादित ढांचा विध्वंस के आरोपियों में भी शामिल रहे। सीबीआई की विशेष अदालत ने 2020 में सभी आरोपियों के साथ उन्हें भी बरी कर दिया था।

## प्रभु श्रीराम को जीवन समर्पित करने वाले संत डॉ. रामविलास वेदांती नहीं रहे

### चर्चा में रहते थे बयान

डॉ. वेदांती विद्वान संतों में शुमार होने के साथ ही राम मंदिर को लेकर दिए गए बयानों के चलते भी चर्चा में रहते थे। राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद निर्माण शुरू होने पर कहा था कि 67 एकड़ जमीन मंदिर के लिए कम है। मंदिर 1111 फुट ऊंचा बनना चाहिए। इसके बाद ही मंदिर के भवन तीन मंजिला करते हुए ऊंचाई बढ़ाई गई थी।

### अखिलेश सरकार को दिया चकमा

डॉ. वेदांती अपने विरोधियों को चकमा देने में माहिर थे। मंदिर आंदोलन में 1990-1992 में मुलायम सरकार के प्रशासन को धता देकर गिरफ्तारी से बचते हुए योजना को अंजाम दिया, वहीं अखिलेश सरकार के दौरान 84 कोसी परिक्रमा पर प्रतिबंध लगने और विहिप नेताओं की गिरफ्तारी शुरू होने पर भेष बदलकर निकल गए थे। इसके बाद बस्ती जिले के मखौड़ा मंदिर में पूजन-अर्चन कर 84 कोसी परिक्रमा शुरू करने का ऐलान किया था।



### शोक की लहर

डॉ. वेदांती के असामयिक निधन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है। इसके साथ ही महंत राघवेश दास, महंत कमल नयन दास, महंत नृत्य गोपाल दास, विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र सहित अन्य संत-महंतों ने अपूरणीय क्षति बताया है। बीजेपी महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मेयर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने भी निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### स्मृति शेष

- 7 अक्टूबर 1958 में रीवा में जन्म
- 15 दिसंबर 2025 को रीवा में ही निधन
- 2 साल की आयु में मां को खोया
- पिता रामसेवक पुरोहित थे
- 12 साल की उम्र में अयोध्या आए और हनुमानगढ़ी के संत अभिराम दास के शिष्य बने
- 1996 और 1998 में बीजेपी के टिकट पर क्रमशः मछलीशहर और प्रतापगढ़ से सांसद बने
- मंदिर आंदोलन में राम जन्म भूमि न्यास के वरिष्ठ सदस्य बने
- विवादित ढांचे के विध्वंस के आरोपित रहे
- मंदिर आंदोलन में दो दर्जन बार गए थे जेल

## कोडीन सिरप की तस्करी में लखनऊ के व्यापारी पर FIR

■ एनबीटी न्यूज, बाराबंकी

कोडीनयुक्त कफ सीरप के मामले में औषधि निरीक्षक ने लखनऊ के एक कारोबारी पर केस दर्ज करवाया है। जांच में लगभग 14 लाख के कफ सीरप की खरीद-फरोख्त पाई गई है। आरोपित को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

औषधि निरीक्षक रजिया बानो के अनुसार मुंशीगंज स्थित फर्म पर पांच दिसंबर को छापा मारा गया था। इस दौरान फर्म मालिक अरविंद सिंह कोडीनयुक्त कफ सीरप से जुड़े दस्तावेज नहीं दिखा सका था। नौ दिसंबर को फर्म ने स्टाक रजिस्टर के आधार पर गाजियाबाद की फर्म एक्से फार्मामेटिक के तीन बिल दिए, जिसके अनुसार कोडीनयुक्त कफ सीरप की 8100 बोतलें खरीदी गई थीं। वहीं, हजरतगंज निवासी दवा व्यापारी अरविंद सिंह भी खरीद-फरोख्त के दस्तावेज नहीं दे सका था। ऐसे में केस दर्ज करवाया गया है।

**आरोपितों को राहत नहीं:** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कफ सिरप मामले में अखिलेश प्रकाश व आकाश मौर्य की याचिका खारिज कर दी है। दोनों ने जौनपुर कोतवाली में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने के साथ ही गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की थी।

## 'अब तुम ही मोहब्बत की यह जागीर संभालो'

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: 'सर तक मेरे आ पहुंचे हैं नफरत के पुजारी, अब तुम ही मोहब्बत की जागीर संभालो।' मुलायम सिंह यादव की स्मृति में जीआईसी ऑडिटोरियम में साझी विरासत संस्था की तरफ से आयोजित कवि सम्मेलन में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कुछ इन्हीं लाइनों से वाहवाही पाई।



मुलायम सिंह की याद में साझी विरासत संस्था ने आयोजित किया कवि सम्मेलन।

नैय्यर जलालपुरी की अध्यक्षता में आयोजित कवि सम्मेलन में उदय प्रताप ने 'ना तेरा है ना मेरा है, ये हिंदुस्तान सबका है। ना समझी गई ये बात तो नुकसान सबका है' से एकता पर जोर दिया। सम्मेलन में अक्षर काशिफ, नदीम शाद, नीलोत्पल मृणाल, हिमांशी बाबरा, मीसम गोपालपुरी, अदिति जैन, फैज खुमार ने भी अपने गजलें व नज्म पेश किए। संयोजक परवेज अहमद के साथ ही बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप की मौजूदगी में हिंदी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के साथ ही ब्रजेश मिश्र, डॉ. सुधीर वर्मा, डॉ. फर्रुख किदवई, डॉ. विवेक वर्मा और समीर खान को सम्मानित भी किया गया।

## डंपर की टक्कर से कार सवार मां-बेटे की मौत

■ NBT न्यूज, मसौली: बाराबंकी-बहराइच हाइवे पर कुसुमबीच के पास सोमवार सुबह करीब पांच बजे डंपर की टक्कर से कार सवार मां-बेटे की मौत हो गई। श्रावस्ती निवासी संतोष नाथ मिश्र (42) मां शांति देवी (65) को दिखाने के लिए पीजीआई जा रहे थे। कार में संतोष की पत्नी भी थी। कोहरे के कारण सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कार में टक्कर मार दी थी। हादसे में संतोष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां और पत्नी को अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान मां ने भी दम तोड़ दिया। वहीं, पत्नी की हालत नाजुक देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया है। चाचा रामविनय ने बताया कि संतोष बीईओ के कार्यालय में तैनात थे। वहीं, एक अन्य हादसे में घायल सफदरगंज के जलालपुर निवासी मनोज कुमार (40) ने इलाज के दौरान सफेदाबाद के हिंद मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया।

मां को दिखाने पीजीआई आ रहा था श्रावस्ती निवासी युवक, पत्नी भी घायल

### पेड़ से टकराया पेट्रोल टैंकर, बड़ा हादसा बचा

बहराइच हाइवे पर मसौली में हजरतपुर मोड़ के पास सोमवार सुबह गोंडा जा रहा पेट्रोल टैंकर पेड़ से टकरा गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। हालांकि रिसाव नहीं होने से बड़ा हादसा बच गया। टैंकर चालक बस्ती निवासी हरिश्चंद्र को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।


**मंदिर ट्रस्ट संग बैठक** पिता की याद में बनवाने की शर्त पर यतींद्र मिश्र ने 6 एकड़ जमीन देने पर जताई सहमति

# अयोध्या में टाटा बनाएगा कैंसर अस्पताल, जायजा लेने पहुंची टीम

■ NBT न्यूज, अयोध्या: राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक में कैंसर पीड़ितों के इलाज के लिए अस्पताल निर्माण को मूर्त रूप देने का फैसला लिया गया। अस्पताल का निर्माण टाटा समूह का नमो फाउंडेशन करवाएगा और मंदिर ट्रस्ट भी सहभागी होगा। राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन के अनुसार बैठक में प्रोजेक्ट पर गंभीरता से विचार किया गया है। इसके साथ ही नमो फाउंडेशन की छह सदस्यीय टीम ने सोमवार को अयोध्या पहुंच कई जगहों का जायजा भी लिया।

फाउंडेशन की टीम की मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों, कमिश्नर राजेश कुमार और डीएम निखिल टीकाराम फुंडे के साथ बैठक हुई। इसमें अस्पताल के लिए जमीन पर चर्चा हुई। अयोध्या राजघराने के यतींद्र मिश्र से भी बात की गई। दावा है कि उन्होंने पिता स्व. विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र की याद में अस्पताल बनने पर छह एकड़ जमीन निःशुल्क देने पर सहमति जताई है। चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अगर फाउंडेशन निर्माण करवाएगा तो निःशुल्क जमीन के साथ ही ट्रस्ट अन्य कामों में भी मदद करेगा।

इसके साथ ही कारसेवकों के स्मारक के निर्माण को लेकर भी मंदिर निर्माण समिति की बैठक में विचार-विमर्श हुआ। इसमें पहले तय किया गया कि पिलर का निर्माण टाइटेनियम की जगह झांसी के ग्रेनाइट से करवाया जाएगा, जो ललितपुर में मिलता है। हालांकि इसे लेकर राष्ट्रीय इंस्टिट्यूट ऑफ रॉक मैकेनिक से परामर्श के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा।



## 11 करोड़ से बनेगा अर्बन कल्चरल सेंटर

ओपन एयर थिएटर, लैंडस्केपिंग सहित मिलेंगी तमाम आधुनिक सुविधाएं

■ NBT न्यूज, अयोध्या: नगर निगम के नए भवन का निर्माण करवाने के साथ ही सिविल लाइंस स्थित पुराने भवन को अर्बन कल्चरल सेंटर में तब्दील करने की तैयारी है। परियोजना अयोध्या को सांस्कृतिक और पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और कदम है।

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि 11.02 करोड़ से बनने वाले सेंटर पर्यटकों के लिए एक बड़ा तोहफा साबित होगा। वहीं, आने वाले दिनों में नगर निगम मुख्यालय सिविल लाइंस स्थित नवनिर्मित भवन में संचालित होगा। नगर आयुक्त के मुताबिक सेंटर में कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसमें ओपन एयर थियेटर प्रमुख होगा, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक और रामलीला जैसे आयोजन होंगे। लैंडस्केपिंग से पूरा परिसर हरा-भरा और सुंदर बनेगा। इसके साथ ही ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व को दर्शाने वाली कांस्य मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा। वेंडर जोन भी होगा, जहां स्थानीय कारीगर अपने उत्पाद बेच सकेंगे। सबसे खास आकर्षण लाइट ऐंड साउंड शो होगा, जो राम कथा और अयोध्या के इतिहास को पेश करेगा।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in